
वर्ष-22 ■ अंक-47
पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)
■ गुरुवार ■ 3 अप्रैल 2025
चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत्-2082
E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

देश की राजधानी से प्रकाशित होकर विभिन्न प्रदेशों में प्रसारित

दैनिक
# समय जगत


दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in


## माँ कात्यायनी



चन्द्रहासोज्जवलकरा शार्दूलावरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्यादेवी दानव घातिनी॥

श्री दुर्गाका षष्ठम् रूप श्री कात्यायनी। महर्षि कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर आदिशक्ति ने उनके यहां पुत्री के रूप में जन्म लिया था। इसलिए वे कात्यायनी कहलाती हैं। नवरात्रि के षष्ठम दिन इनकी पूजा और आराधना होती है। इनकी आराधना से भक्त का हर काम सरल एवं सुगम होता है। चन्द्रहास नामक तलवार के प्रभाव से जिनका हाथ चमक रहा है, श्रेष्ठ सिंह जिसका वाहन है, ऐसी असुर संहारकारिणी देवी कात्यायनी कल्यान करें।

# प्रधानमंत्री मोदी 14 को रहेंगे हरियाणा दौरे पर

## हिसार और यमुनानगर में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हरियाणा के दौरे पर जाएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी हिसार और यमुनानगर का भी दौरा करेंगे। हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री पहले हिसार पहुंचेंगे और उसके बाद दोपहर 2 बजे यमुनानगर में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हिसार और यमुनानगर दोनों स्थानों पर प्रधानमंत्री की मौजूदगी में बड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिसमें प्रधानमंत्री जनता को संबोधित करेंगे और राज्य की विकास योजनाओं पर बात करेंगे।उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के इस दौरे को लेकर राज्य सरकार की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।



श्याम सिंह राणा ने इस दौरान फसलों की खरीद को लेकर भी अहम जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि आज से शुरू हुई फसलों की खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि हरियाणा के सभी मंडियों में फसलों की खरीदारी सुचारू रूप से की जाएगी।कृषि मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने फसल खरीद को लेकर सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। मंडियों में बारदाने की उपलब्धता समेत अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की गई है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।



## डॉ. यादव ने की मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की समीक्षा

# 3 वर्ष में सड़कों से कनेक्ट हों प्रदेश की सभी बसाहटें

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के सुगम आवागमन और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए प्रदेश की शत-प्रतिशत बसाहटों को सड़कों से जोड़ने के लिए समय-सीमा निर्धारित कर कार्रवाई करें। सभी जिलों में सड़कों की आवश्यकता का वैज्ञानिक आधार पर सर्वे सुनिश्चित कर कार्य-योजना बनाई जाए। सड़कों की आवश्यकता के संबंध में विधायकों और पंचायत प्रतिनिधियों का अभिमत अवश्य लिया जाए। राज्य सरकार अगले तीन वर्ष में सभी बसाहटों को सड़कों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अतिवृष्टि, बाढ़ तथा अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत और उनके उन्नयन की आवश्यकता के प्रति सतर्क रहते हुए तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जाए। सड़कों के रख-रखाव और नियमित निरीक्षण में मोबाइल एप, जियो टैगिंग तथा एआई टेक्नॉलोजी का उपयोग कर इसे अधिक प्रभावी बनाया जाए। सड़कों पर वर्तमान यातायात का सर्वे कर उन्नयन और लेन विस्तारीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत पाण्डाटोला से बीजाटोला तक देश की पहली सड़क का निर्माण बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र में किया गया है।

सड़कों के संधारण और उन्नयन के लिए भारत सरकार से प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने में प्रदेश, देश में प्रथम रहा है। प्रदेश में मार्गों के संधारण के लिए वर्ष 2015-16 से लागू ई-मार्ग पोर्टल की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई तथा केन्द्र सरकार द्वारा इसे सम्पूर्ण देश में नेशनल ई-मार्ग के रूप में लागू किया गया है।

### 11 हजार 544 बसाहटों के लिए सर्वे का कार्य पूर्ण

बताया गया कि प्रदेश की 89 हजार बसाहटों में से 50 हजार 658 बसाहटों तक रोड़ कनेक्टिविटी सुनिश्चित कर ली गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के अंतर्गत बनने वाली 11 हजार 544 बसाहटों के लिए सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 26 हजार 798 बसाहटों की कनेक्टिविटी के लिए राज्य सरकार द्वारा पहल की जा रही है। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि सामान्य संधारण कार्यों का प्राक्कलन तैयार करने और तकनीकी प्रशासकीय स्वीकृति आदि की ऑनलाइन व्यवस्था सम्वेग पोर्टल के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है।

## बटाला में भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने पर मचा बवाल

**बटाला।** पंजाब के बटाला के कपूरी गेट में बुधवार रात को कुछ शरारती तत्वों ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षति पहुंचाने की कोशिश की। सुबह जब लोगों को इसकी जानकारी मिली तो यह मौके पर इकट्ठे हो गए। इस दौरान माहौल तनावपूर्ण बन गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। वहीं, आंबेडकर समुदाय के लोगों में घटना को लेकर काफी रोष पाया जा रहा है। उनकी मांग है कि आरोपितों की पहचान कर उन्हें कड़ी सजा दी जाए। उधर घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी सिटी संजीव कुमार पुलिस पार्टी के साथ मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने बताया कि किसी ने प्रतिमा को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया है। इस दौरान प्रतिमा को कुछ हिस्सा टूट गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है।

# प्रदेश में हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में करियर काउंसलिंग की मिल रही है सुविधा

## कौशल विकास की हैं प्रमुख दो योजनाएं

**समय जगत, भोपाल।** प्रदेश में शासकीय हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिये करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उचित चयन श्रेष्ठ करियर कार्यक्रम में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में जो विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं हो पाये हैं। उनके अभिभावकों को विद्यालय बुलाकर उसी कक्षा में प्रवेश के लिये काउंसलिंग की जा रही है। ऐसे विद्यार्थी जो आगे की पढ़ाई निरंतर नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें हार के आगे जीत कार्यक्रम में आईटीआई पाठ्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की जानकारी देकर उन्हें व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस कार्य के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर और करियर काउंसलर की सेवा लेने के लिये कहा गया है। इस योजना में आवेदकों को अपनी ग्राम पंचायत ग्राम रोजगार सेवक के साथ दाखिला लेने की आवश्यकता है। आवेदक को ट्रेनिंग सेंटर के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके लिये आवेदक को आवश्यक पहचान-पत्र, इनमें मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य जानकारी रोजगार सेवक को देनी होगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण के बाद ऋण उपलब्ध कराने में आवेदक को पूरी मदद दी जायेगी।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में देशभर में एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण देने की योजना बनाई गई है। इस योजना में 3 माह, 6 माह और एक साल के लिये युवाओं का रजिस्ट्रेशन किया जाता है। कौशल संबंधी कोर्स पूरा करने के बाद सर्टिफिकेट दिये जाने का प्रावधान है। यह सर्टिफिकेट पूरे देश में मान्य होता है। इस योजना में भी प्रशिक्षण के बाद ऋण प्राप्त करने की सुविधा है।



### टेलीकॉम कंपनियां बनेंगी योजना में सहायक


इस योजना में केन्द्र सरकार ने कई टेलिकॉम कंपनियों को इस कार्य के लिये अपने साथ जोड़ रखा है। मोबाइल कंपनियां इस कार्यक्रम से जुड़े लोगों को मेसेज करके एक फ्री टोल नंबर देंगी, जिस पर केंडिडेट को मिस्ड कॉल देना होगा। मिस्ड कॉल के तुरंत बाद आवेदक के पास एक नंबर से कॉल आयेगा, जिससे बाद आवेदक इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस (आईवीआर) सुविधा से जुड़ जायेगा। इस प्रक्रिया के बाद आवेदक को उसके निवास के आस-पास ट्रेनिंग सेंटर से जोड़ा जायेगा। केन्द्र सरकार का कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय अब तक एक करोड़ 50 लाख से अधिक युवाओं का कौशल उन्नयन कर चुका है। इस योजना में युवाओं को कन्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, हार्डवेयर, फुड प्रोसेसिंग, फर्नीचर, हेन्ड्रीक्रॉफ्ट, जेम्स और जूलरी समेत 40 क्षेत्र की ट्रेनिंग दिये जाने की सुविधा है। स्कूल शिक्षा विभाग के इस कार्यक्रम के लिये जिला शिक्षा अधिकारियों को अपने क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षण संबंधी जानकारी देने के निर्देश दिये गये हैं।

## हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता वैल किल्मर का निधन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता वैल किल्मर का 65 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की पुष्टि उनकी बेटी मर्सिडीज किल्मर ने की है। बताया जा रहा है कि वे निमोनिया से पीड़ित थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मशहूर अभिनेता वैल किल्मर ने 2014 में गले के कैंसर से जीत हासिल कर ली थी, लेकिन निमोनिया से जिंदगी की जंग वो हार गए। यहां बताते चलें कि वैल किल्मर को 2014 में गले के कैंसर का पता चला था, लेकिन इलाज के बाद वे इस बीमारी से उबर गए। हालांकि, इस बार निमोनिया की गंभीर स्थिति के कारण लॉस एंजिल्स में उन्होंने अंतिम सांस ली। वैल किल्मर 1990 के दशक में हॉलीवुड के सबसे चर्चित अभिनेताओं में से एक थे। उन्होंने 1984 में फिल्म टॉप सीक्रेट से अपने करियर की शुरुआत की थी। बैटमैन फॉरएवर (1995) में उनकी दमदार परफॉर्मेंस ने उन्हें सुपरस्टार बना दिया। टॉप गन (1986) में टॉम क्रूज के साथ उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया। वे द डोर्स, विलो, द घोस्ट एंड द डार्कनेस, द सेंट जैसी हिट फिल्मों का हिस्सा रहे। उनकी अंतिम फिल्म टॉप गन मेवरिक (2022) थी, जिसमें वे फिर से टॉम क्रूज के साथ नजर आए।

# तीसरे विश्व युद्ध की सुनाई दे रही आहट

## स्वीडन ने बनाए परमाणु निरोधक बंकर



**स्टॉकहोम।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के बीच स्वीडन को लगने लगा है कि तीसरा विश्व युद्ध होगा। इसी आशंका के बीच स्वीडन ने आपनी तैयारी शुरु कर दी है। नागरिकों को सुरक्षित करने के लिए 64 हजार से अधिक सुरक्षा बंकर और आश्रय स्थल बनाए हैं। इससे नागरिकों को शारीरिक, रासायनिक, जैविक, और परमाणु हमलों के नुकसान से बचाया जा सकता है। स्वीडन की नागरिक सुरक्षा एजेंसी (एमएसबी) ने घोषणा की है कि वह अपनी नागरिक सुरक्षा बंकरों के नवीनीकरण के लिए 100 मिलियन क्रोनर का निवेश करेगी। इस कदम का उद्देश्य नागरिकों को शारीरिक, रासायनिक, जैविक, और परमाणु हमलों से बचाना है। स्वीडन में पहले से ही लगभग 64,000 सुरक्षा बंकर और आश्रय स्थल हैं, जो दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक हैं। ये बंकर लगभग सात मिलियन नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम हैं, जो स्वीडन की कुल जनसंख्या का दो-तिहाई हिस्सा है। इसके बावजूद, स्वीडन ने अपने सुरक्षा उपायों को और अधिक उन्नत करने के लिए बंकरों की जांच और नवीनीकरण प्रक्रिया को तेज कर दिया है। विशेष रूप से, मार्च 2024 में स्वीडन के नाटो में शामिल होने के बाद से इन बंकरों की सुरक्षा पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। स्वीडन के नागरिक सुरक्षा मंत्री ने बताया कि इस नवीनीकरण परियोजना के तहत, बंकरों में मौजूद फिल्टर सिस्टम को उन्नत किया जाएगा ताकि रासायनिक और रेडियोलॉजिकल हमलों से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त, इन बंकरों को परमाणु हमलों, बम के टुकड़ों, शॉकवेव्स, और हीटवेव से बचाव के लिए भी डिजाइन किया गया है। बंकरों में नागरिकों को रेडियोधर्मी फॉलआउट, रासायनिक गैस, और जैविक हथियारों से सुरक्षा प्राप्त होगी।

स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने जनवरी 2024 में कहा था, स्वीडन युद्ध में नहीं है, लेकिन शांति भी नहीं है। यह बयान यूरोप में बढ़ते सुरक्षा खतरे और एक संभावित बड़े संघर्ष की आशंका को दर्शाता है।

# राजस्थान में पारा पहुंचा 42 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** अप्रैल के आते ही पूरे देश में गर्मी का पारा चढ़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा। उत्तर भारत में जहां तेज धूप और लू चलने की संभावना है, वहीं दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश की उम्मीद है। राजधानी दिल्ली में पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है, जबकि राजस्थान के कुछ इलाकों में यह 42 डिग्री तक दर्ज हुआ है।

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में लू चलने की चेतावनी दी है। वहीं दक्षिण भारत के तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की बारिश के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के चलते यहां बादल छाए रह सकते हैं और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इससे तापमान में कुछ गिरावट आएगी और लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत में हल्की बारिश की संभावना बंगाल, ओडिशा, असम, मेघालय और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में बादल छाए रह सकते हैं और हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, इन इलाकों में अगले दो-तीन दिनों तक बारिश जारी रह सकती है, जिससे तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है। वहीं मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी गर्मी बढ़ने लगी है। भोपाल, इंदौर, रायपुर और ग्वालियर जैसे शहरों में तापमान 38-41 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ है। यहां भी अगले कुछ दिनों में लू चलने की संभावना है।



### दक्षिण में हल्की से मध्यम बारिश के आसार

पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भी तापमान सामान्य से ऊपर जा रहा है। हालांकि, ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम सुहावना बना हुआ है, लेकिन मैदानी हिस्सों में गर्मी ने अपनी पकड़ बना ली है।

# मध्यप्रदेश को अतिवाद मुक्त करने के लिए सरकार है प्रतिबद्धः डॉ. यादव

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की धरती को नक्सल गतिविधियों से मुक्त करने के लिए राज्य पुलिस बल का अभियान तेजी से जारी है। उन्होंने कहा कि मंडला जिले में नक्सली कार्यों में संलिप्तों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में हमारे हॉकफोर्स के जवानों ने 14-14 लाख रुपए की इनामी 2 महिला नक्सली को मार गिराया है। मृतक नक्सली की शिनाख्त प्रतिमा और ममता नाम से हुई है। इनके कब्जे से हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद भी जब्त किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मीडिया को दिये संदेश में नक्सलवाद के खात्मे पर पुलिस जवानों का हौसला बढ़ाया और उन्हें बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीरो टॉलरेंस नीति की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में नक्सलवाद को जड़ से सफाये के लिए चलाए जा रहे अभियान में हमारे जवान पूरी सक्रियता के साथ कार्रवाई कर रहे हैं।

**राजनीति** | **लिस्ट में तेज प्रताप का भी है नाम**

# बिहार की विधानसभा समितियों में आरजेडी है जदयू पर भारी

**पटना।** बिहार विधानसभा की समितियों का पुनर्गठन किया गया है। बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, पर्यटन उद्योग एवं कृषि उद्योग से जुड़ी समितियों का सभापतित्व वामपंथी विधायकों को दिया गया है। 26 समितियों का कार्यकाल अगले साल के 31 मार्च तक रहेगा। सबसे अधिक आठ समितियां भाजपा को दी गई है। छह समितियां राजद के हवाले हैं, जबकि जदयू को पांच और कांग्रेस को दो समितियां दी गई हैं। भाकपा माले ओर माकपा को एक-एक समितियों की जवाबदेही दी गई है। दो विधायकों वाली भाकपा को किसी समिति का सभापतित्व नहीं दिया गया है। विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव नियम, सामान्य प्रयोजन एवं विशेषाधिकार समिति के सभापति हैं। राजद के भाई वीरेंद्र लोकलेखा, भाजपा के तारिकशोर प्रसाद प्राक्कलन, जदयू के हरिनारायण सिंह सरकारी उपक्रम, राजद के रामवृक्ष सदा पुस्तकालय, जदयू के अशोक कुमार चौधरी आवास समिति के सभापति बनाए गए हैं। भाजपा के अशोक कुमार सिंह याचिका, कांग्रेस के अजीत शर्मा प्रत्युक्त विधान, जदयू के दामोदर रावत राजकीय आश्वासन, अमरेंद्र कुमार पांडेय प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण, निरंजन कुमार मेहता जिला परिषद एवं पंचायती राज एवं भाजपा के रामप्रीत पासवान अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण समिति के सभापति बनाए गए हैं। तेज प्रताप यादव को गैर-सरकारी विधेयक एवं संकल्प समिति का सभापति बनाया। भाजपा के अवधेश सिंह, निवेदन, गायत्री देवी महिला एवं बाल विकास, रामनारायण मंडल आचार, ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण, राजद के तेज प्रताप यादव गैर-सरकारी विधेयक एवं संकल्प, मो. नेहालुद्दीन आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति के सभापति बनाए गए हैं। कांग्रेस के शकील अहमद खां अल्पसंख्यक समिति, माकपा के अजय कुमार कृषि उद्योग विकास, भाकपा माले के सत्यदेव राम पर्यटन उद्योग, राजद के भारत भूषण मंडल शून्यकाल, केदारनाथ सिंह विरासत विकास एवं भाजपा के पवन कुमार जायसवाल कारा सुधार समिति के सभापति बनाए गए हैं। दूसरी ओर, भवन निर्माण विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय में तैनात कर्मचारियों की संख्या को लेकर विभाग के समक्ष संशय की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिसके बाद विभाग ने इस संबंध में कार्य प्रमंडलों से इस संबंध में जवाब मांगा है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, भवन निर्माण विभाग सात निश्चय के तहत क्षेत्रीय कार्यालयों में नियुक्ति कर्मचारियों के स्वीकृत बल और स्वीकृत पदों को एचआरएमएस (ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल पर अपलोड करने की तैयारी में है।



# प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में आग भड़कने से मचा हड़कंप

## आधा दर्जन से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने बुझाई आग

-शेख आजाद-

**समय जगत, झांसी।** बिजौली स्थित कचरा खदान में लगी आग का धुआं अभी पूरी तरह शांत भी नहीं हो पाया कि बुधवार की रात्रि को राजगढ़ में एल्डिको सिटी के पीछे स्थित प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट गोदाम में आग लग गई आग इतनी भयानक थी कि आधा दर्जन से भी ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को आग बुझाने में घंटो मशक्कत करना पड़ी प्रातः काल 5 बजे आग लगने की खबर के बाद जिला मुख्यालय के अलावा भेल ईकाई से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची आग से कितना नुक्सान हुआ यह अभी तक पता नहीं चल सका।



थाना प्रेम नगर क्षेत्र अन्तर्गत बिजौली और राजगढ़ में नगर निगम द्वारा कचरा निस्तारण प्लांट के अलावा बेस्ट प्लास्टिक को गत्ता बनाकर एकत्र करने के लिए प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के नाम से एल्डिको सिटी के पीछे गोदाम बनाया गया है जिसमें हजारों टन बेस्ट प्लास्टिक को एकत्र किया गया है बताया जा रहा है कि उक्त गोदाम के आस पास पड़े कचरा मे बीते मंगलवार की शाम से ही धुआं उठ रहा था लेकिन वहा सुरक्षा की दृष्टि से तैनात गार्ड एंव प्लांट के कर्मचारियों ने धुआं पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जिसके बाद सुबह होते होते आग की लपटें बिकराल हो गई तब कहीं जाकर प्रातः काल 6 बजे बिजौली पुलिस को आग लगने की सूचना दी गई जिसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ीयों को मौके पर बुलाया गया आग इतनी बिकराल थी कि आग की लपटें लगभग एक किलोमीटर दूर से देखी जा रही थी आधा दर्जन से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ीयों के मौके पर पहुंचने के बाद भी आग बुझाने में लगभग 3 घंटे का समय लगा जैसे जैसे लोगों की नींद खुली और घरों से बाहर निकले तो आसमान धुआं की धुंध से काला दिखाई दे रहा था हर व्यक्ति इस असमंजस में पड़ा हुआ था कि आखिर इतना भयंकर धुआं कहां से निकल रहा है सायरन बजाती फायर ब्रिगेड की गाड़ीयों की आवाज लगातार लोगों को एहसास करा रहीं थी कि कहीं कोई बड़ा हादसा हुआ है।

### फायर बिग्रेड की ख़ाली गाडियां में आर एस पी एल कम्पनी ने दिया पानी

## समय पर आग पर काबू न पाया जाता तो हो सकता था बड़ा हादसा



प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में आग की लपटें इतनी बिकराल थी कि फायर ब्रिगेड की गाड़ीयों का पानी चंद मिनट में ही खाली हो जा रहा था हवा के तेज वेग से लगातार बढ़ रही आग बुझने का नाम नहीं ले रही थी अगर पानी लेने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ीयों को झांसी मुख्यालय भेजा जाता तो समय खराब होता इसलिए फायर सर्विस की सभी ख़ाली गाडियां बिजौली ग्रोथ सेंटर स्थित आर एस पी एल कम्पनी में पहुंची और गाड़ियों में पानी भरा गया जिससे कम समय में ही दोबारा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां घटना स्थल पर पहुंच सकीं।

### आग कैसे लगीं जांच के बाद पता चलेगा: नगर आयुक्त

राजगढ़ के प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में आग कैसे लगी यह पता लगाने के लिए नगर आयुक्त ने जांच कमेटी गठित कर जांच कराने की बात कही आपने कहा आग लगने के कारण कितना नुक्सान हुआ है यह अभी कह पाना मुश्किल है जांच के बाद जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी

### सायरन बजाती गाड़ियों की आवाज से टूटी नींद

बिजौली क्षेत्र के राजगढ़ में एल्डिको सिटी के पीछे प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में लगी आग से निकलने वाला जहरीले धुआं ने लोगों को सांस लेना दूभर कर दिया लगभग 4 से पांच किलोमीटर इलाके में जहां देखो वहां धुआं का गुवार नज़र आया सायरन बजाती गाड़ियां लोगों को सोचने पर मजबूर कर रहीं थीं आखिर माजरा क्या है?

# पुलिस ने दो गांजा तस्कर पकड़े, 25 लाख कीमत का 1 क्विंटल 12 किलो से अधिक गांजा बरामद



**समयजगत,झांसी।** बुधवार को थाना बड़ागांव पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 1 कुंतल 12 किलो से ज्यादा गांजा बरामद करए जेल भेज दिया है।

थानाध्यक्ष बड़ागांव प्रकाश सिंह के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान के तहत बुधवार को पुलिस टीम ने परीछा डैम नहर पटरी से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कृष्णा 34 वर्ष पुत्र प्रेमचन्द्रए निवासी सेक्टर 32 ईडब्लूएस कॉलोनी, लुधियानाऔर रनवीर सिंह 31 वर्ष पुत्र जसपाल सिंह निवासी टिंडारीखुर्द गणपति चौक, लुधियाना, पंजाब के रूप में हुई है।

मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना बड़ागांव पुलिस व एसओजी टीम ने दोनों अभियुक्तों को एक ट्रक और भारी मात्रा में अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 08 प्लास्टिक बोरियों में भरे 114 पैकेट गांजा कुल वजन 1 कुंतल 12 किलो 900 ग्राम बरामद किया गया। इसके अलावाए दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए।

गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाना बड़ागांव में धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया और नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष प्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक दामोदर सिंह, जितेन्द्र सिंह तक्खर, एसओजी प्रभारी,हेड कांस्टेबल सदानंद यादव, एसओजी टीम, हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र चौहान, एसओजी टीम कांस्टेबल हर्षित चौहान, एसओजी टीम कांस्टेबल सुरजीत सिंह, कांस्टेबल ठाकुर प्रसाद शामिल थे।

### पुलिस की कड़ी निगरानी में अवैध मादक पदार्थ तस्करी पर लगाम

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस सफलता पर पुलिस टीम की सराहना की और कहा कि झांसी पुलिस अवैध मादक पदार्थो की तस्करी रोकने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि उन्हें इस प्रकार की किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें।

झांसी पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगाए जिससे अपराधियों पर शिकंजा कसकर अवैध गतिविधियों को रोका जा सके।

# सेवानिवृत्ति पर दो शिक्षिकाओं को दी गई भावभीनी विदाई



**झाँसी।** पी एम श्री राजकीय इंटर कॉलेज रक्सा झाँसी में दो शिक्षिकाएं श्रीमती दीपमाला दुबेए श्रीमती रजनी राजुरकर 31 मार्च 2025 में विद्यालय से सेवानिवृत्त हो गई । विद्यालय में उनके सम्मान में विद्यालय स्टॉफ द्वारा 2 अप्रैल2025 को विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षिकाओं के परिवारजन भी उपस्थित रहे । प्रधानाचार्य ब्रजमोहन सिंह ने शिक्षिकाओं के विद्यालय में योगदान को सराहा एवं उन्हें भविष्य के उत्तम जीवन की शुभकामनाएं दी । समस्त स्टॉफ ने दोनों शिक्षिकाओं को शुभकामनाओं के साथ उन्हें भावभीनी विदाई दी।

### मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**समय जगत, गुरसरांय।** कंपोजिट विद्यालय राजापुर में खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में विद्यालय एसएमसी प्रशिक्षण एवं वार्षिक परीक्षा में छात्र.छात्राओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान अपने वाले छात्र.छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी मनोज लाक्षाकार द्वारा सील एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल एवं विद्यालय के अध्यापक मोहनलाल देवेंद्र कुमार अरविंद कुमार सुधीर कुमार उपस्थित रहे । आभार कुंज बिहारी शर्मा प्रधानाध्यापक ने जताया।

## वृद्धाश्रम मडोरी में हिन्दू नव वर्ष धूमधाम से मनाया

**गुरसरांय।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के तत्वाधान में गुड़ी पढ़वा हिंदू नव वर्ष लोक परंपरा के अनुरूप मनाया गया। आश्रम प्रांगण में रंगोली का निर्माण किया गयाण् हरे बांस पर बिधिवत दीपक जलाकर गुडी को बांधा गया माँ सरस्वती का पूजन कर जयकारे लगाए गए,तिलक लगाकर एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनायें दीं।

समिति अध्यक्ष मुन्नालाल दों देरिया ने अपने उदवोधन में कहा कि पुराणों के अनुसार ब्रह्मा जी ने आज के दिन ही सृष्टि की रचना की थी अखंड ब्रम्हांड का निर्माण कर सूर्य को प्रकाशफैलाने का आदेश किया था।आश्रम के बुजुर्गो को समुचित फल एवं मिष्ठान का वितरण किया गयाण् इस अवसर पर डॉ जैतराम अग्रवालए रामकुमार राजोरियाए दिनेश त्रिपाठीए संतोष तिवारी, बृजलाल विश्वकर्माण् राधा कृष्ण व्यासए रविंद्र चतुर्वेदी एवं अतुल चिरवरिया आदि उपस्थित रहेण् आश्रम संचालक जितेंन्द्र व्यास का विशेष सहयोग रहा।

# सेवानिवृत्ति पर जीआईसी के उप प्रधानाचार्य को दी विदाई





**समय जगत, झांसी।** जीआईसी के उप प्रधानाचार्य आलोक शांडिल्य को सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई दी गई। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी अर्चना शांडिल्य भी उपस्थित रहीं। वक्ताओं ने आलोक शांडिल्य के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और शिक्षा जगत में उनके योगदान पर चर्चा की। शुभारंभ आचार्य रामेश्वर दास शास्त्री ने किया।

कार्यक्रम में डी आई जी केशव कुमार चौधरी, सदर विधायक रवि शर्मा, विधायक जवाहर राजपूत, एमएलसी डॉ बाबूलाल तिवारी, एम एल सी रामतीर्थ सिंघल, एम एल सी रमा निरंजन, रामनरेश तिवारी, राज्य मंत्री हरगोविंद कुशवाहा, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन, सपा नेता अरविंद बशिष्ठ, कांग्रेस नेता राहुल रिछारिया, बरिष्ठ समाजसेवी मैथली शरण मुदगिल, भाजपा नेता राम जी परिहार, जीईसी प्रधानाचार्य सतीश सिंह, शिक्षक नेता जितेन्द्र दीक्षित, देवेश शर्मा, नरेंद्र चौरसिया, सुनील तिवारी, सुनील पाण्डेय, मृत्युंजय सिंह, संजीव तिवारी, रामगोपाल निरंजन, उमाशंकर राय, आनन्दमोहन शर्मा, अखिलेश मिश्रा, रितुल त्रिपाठी, डॉ नीति शास्त्री, निवर्तमान चेयरमैन कोटरा आशाराम अग्रवाल ,रसकेंद्र गौतम, कपिल तिवारी, राहुल मिश्रा, सुमित बबेले, ममता जैन, प्रीति खरे, जितेन्द्र श्रीवास्तव, उदय सोनी, ध्रुब रिछारिया, पी के तिवारी, राजू दुबे, शैलेन्द्र सिंह एडवोकेट, रम्मू महाराज पालर बाले, रितिका गौरव तिवारी सभासद, मयंक श्रीवास्तव सभासद, पवन त्रिपाठी, सुनील गुप्ता, रोहित निरंजन, विपिन त्रिपाठी, मिथुन कुमार आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बच्चों ने रैली निकालकर स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की




**समय जगत,गुरसरांय।** पीए एमए श्री कम्पोजिट विद्यालय बंकापहाड़ी ब्लॉक. गुरसरांय में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ ग्राम प्रधान राम स्वरूप घोष ने हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिसमें एस एम सी अध्यक्ष दीपक शिवहरे, प्रधानाचार्य साजेन्द्र त्रिपाठी, यशपाल सिंह, सूरत सिंहएअशोक राजपूतए मानवेन्द्र राजपूतए देवेन्द्र राजपूत, अमित कुमारए सुरेन्द्र कुमारए कामिनी खरेए किरन खरे आदि शिक्षकों के साथ बच्चे हाथ में स्कूल चलो अभियान की तख्तियां लिए चल रहे थे तथा गगन चुंबी नारे लगा रहे थे।

**घर.घर विद्या दीप जलाओ।।**
**अपने बच्चे सभी पढ़ाओ।।**
**पढ़ी लिखी लड़की, रोशनी घर की।**
**एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा।।**
**लड़का-लड़की एक समान।।**
**सबको शिक्षा,सबको ज्ञान।।**

सम्पूर्ण ग्राम में स्कूल की रैली निकालकर नवीन प्रवेश के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया।। जिससे शासन की मंशा नुसार नवीन सत्र 2025.26 में नवीन छात्रों को प्रवेश दिया जा सके।।

प्रधानाध्यापक साजेन्द्र त्रिपाठी ने सभी उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# समाजसेवी मनोज संज्ञा ने किया भागवत सत्संग मण्डल के पदाधिकारियों का सम्मान



**झाँसी।** प्रेमनगर नगरा क्षेत्र में स्थित एड0 प्रीति मनोज संज्ञा के निवास पर नगरा महोत्सव में आयोजित श्रीमद भागवत कथा आनंद मय सकुशल सम्पन होने अवसर पर मनोज संज्ञा वरिष्ठ समाजसेवी ने बुंदेलखंड कुशल मंच संचालक पं सियारामशरण चतुर्वेदी गुरुजी सहित भागवत सत्संग मण्डल के समस्त पदाधिकारियो को सम्मानित किया। कार्यक्रम में संज्ञा जी ने भागवत सत्संग मण्डल के समस्त पदाधिकारियों को पट्टिका भेंट कर तिलक के साथ सम्मानित किया। उन्होंने संबोधन में कहा कि नगरा महोत्सव में आयोजित श्रीमद भागवत कथा कार्यक्रम पूरे बुंदेलखंड सहित झाँसी जनपद का विशेष कार्यक्रम था जिसमे समस्त धर्मगुरु महंत,मंत्री, राजनीतिक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, व्यापारी सहित कई संगठन कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने कार्यक्रम सहित आयोजक भागवत सत्संग मण्डल की विशेष प्रशंसा की तथा कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य पं सियारामशरण चतुर्वेदी, विश्वनाथ मिश्रा, चंद्रमोहन तिवारी, संदीप साहू नगरा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे । आभार एड प्रीति संज्ञा वरिष्ठ समाजसेविका ने किया।

## नगर पालिका पब्लिक इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम घोषित

**समयजगत, बरूआसागर।** बुधवार को नगर पालिका पब्लिक इंटर कॉलेज नर्सरी से कक्ष 08 वीं व कक्षा 09 वीं एवं 11 वीं का परीक्षा परिणाम अतिथि अमर सिंह कुशवाहा विधायक प्रतिनिधिए रूपेश नायक मंडल अध्यक्ष भाजपा, पालिका अध्यक्षविद्यालय समिति अध्यक्ष सुशीला कुशवाहा, अधिशाषी अधिकार विद्यालय प्रबंधक राम दुलार यादव एवं पार्षदगण संतोष कुमार, जितेंद्र कुशवाहाए राहुल सिंह अहिरवारए पार्षद प्रतिनिधि ओम प्रकाश असटया की उपस्थिति में मेधावी विद्यार्थियों को अंक पत्र के साथ प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटम देकर प्रोत्साहित किया। जिसमें मुख्य रूप से अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी नर्सरी अ प्रियांश नर्सरी ब रियांशए एलकेजी अ रिद्धि विश्वकर्माए एलकेजी ब काव्य अहिरवारए एलकेजी स आशीष पालए यूकेजी अ अंश सिंहए यूकेजी ब विनय रैकवारए यूकेजी स दृश्य कुशवाहा, यूकेजी निकिता यादव 1 तनवी यादव, 1 काव्यांश गुप्ता, 2 युवराज कुशवाहा, 2 प्रथम साहू, 3 संस्कृति साहू रहे।

# धनुषधारी मंदिर पर धूमधाम से मनाया जायेगा श्री राम जन्मोत्सव



**समयजगत ,मऊरानीपुर।** सुखनई सरिता के तीर पर स्थित प्रसिद्ध एवं प्राचीन बड़े धनुषधारी मंदिर पर 6 अप्रैल दिन रविवार को श्री राम जन्मोत्सव रामनवमी उत्सव बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा वरिष्ठ समाजसेवी एवं मंदिर प्रबंधक गोपाल दास दमेले की अध्यक्षता मै हुई बैठक मै लिया गया निर्णय विशाल एवं भव्य मंदिर परिसर की होंगी सुंदर साज सज्जा करीब एक डे? माह से चली तैयारीयों को दिया गया अंतिम रूप प्रसिद्ध भजन संध्या कमेटी को किया गया आमंत्रित दोपहर 12 बजे भगवान का होगा जन्म समस्त धार्मिक कार्य होंगे वैदिक परंपरा अनुसार पुजारी पं प्रशांत व्यास पप्पी महाराज एवं विद्वान ब्राह्मणजन आदि के कुशल मार्ग दर्शन में बैठक हुई।

जिसमें प्रेम नारायण पाठकएबृज बिहारी लल्लू खरयाएजगमोहन भोडेलें, पं शैलेंद्र व्यास,नरेश सुरोंठिया, रमेश चंद कटारेए दीपू शुक्लाएदयाराम रावतएहरिशंकर बिलैयाए श्याम पहारियाए सुनील गुप्ताएवेद प्रकाश गंगेलेएरविंद सेठ बल्लूए रमेश चंद्र सोनी, अरुण पाठकएमनोज अग्रवालए रमेश चंद्र लोहियाएदीपू गुप्ताएसौरभ पोद्दारए ओमप्रकाश उम्मी सोनीए राम बिहारी सक्सेनाए कैलाश बरसैया, दौलत कुशवाहा,गौतम गुप्ताए जागेश्वर अग्रवालएरामदास राजपूत मास्टरएसुरेश चंद मिश्राएओमप्रकाश कटारेए राजू कठिलएरमेश चंद रेजाएअमित कटारेए घनश्याम सोनीए संतोष गुप्ताएमनीष कठिलएअशोक बरसैया धमनाबालेए हरिशंकर गुप्ताए अशोक मोरएबृजेश कौशिकएपंकज पहारियाए आशीष सुरोंठियाए अंकित पटेरियाएरसिक राजपूतएरामविलास शर्माए राजू रखोलियाएअनिल सेठ रामकुमार लप्पन सोनीए विपिन रूसियाए किशुन अग्रवालए हेमंत बिलैयाए हरिशंकर मिंटू सेठएनीरज कनकनेएसत्येंद्र गुप्ता, अनिल साहूएदिलीप मौर्यएपप्पू कुशवाहाएविशाल सोनीए लल्लू कुशवाहाएभुवन मौर्यए निक्की राटियाए हरिदास रैकवारए मुन्ना मौर्यएरम्मू सेनएजमुना बुनकर उपस्थित रहे।

## डीएम के निरीक्षण में वॉटर कूलर बंद मिलने पर कर्मचारी को नोटिस

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बुधवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पुरुष और महिला अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डीएम ने आपातकालीन कक्षए जनरल वार्डए महिला वार्डए दवा वितरण कक्ष और पैथोलॉजी लैब का दौरा किया। मरीजों से सीधी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। अस्पताल में मिल रही सुविधाओं की जानकारी भी ली।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र डा0दीपक सिंह सेंगर और पुत्रवधू डा0 अराधना सेंगर का बुजुर्ग माता-पिता एवं बहिन (परिवार) के प्रति आचरण सही न होने के कारण मैंने उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उक्त पुत्र व पुत्रवधु द्वारा किसी से कोई लेन देन या किसी भी प्रकार का असामाजिक कार्य करते हैं तो वह इसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारे परिवार का उन दोनों से कोई मतलब व सरोकार नहीं रहा है।

**- बीरपाल सिंह सेंगर**
**पुत्र कस्तूरी सिंह**
**निवासी-893 पिछोर मैन रोड, पोस्ट मेडीकल कालेज, झाँसी, पिन-284128**

# वाहन प्रदूषण को रोकने में पिछली सरकार ने की खानापूर्ति : मुख्यमंत्री

## विधानसभा में सीएम ने पेश की कैग की रिपोर्ट, तत्कालीन आप सरकार पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** विधानसभा में मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी के वायु प्रदूषण से जुड़ी कैग की रिपोर्ट पेश की। उन्होंने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि राजधानी की प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाणन प्रणाली में ढेरों कमियां हैं। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था भी खराब है। वाहनों के उत्सर्जन भार से जुड़े आंकड़े भी ठीक नहीं हैं। इसका मिला-जुला असर जहरीली हवा के तौर पर मिला है। सीएम ने कहा कि वर्ष 2015 से 2021 की रिपोर्ट बताती है कि आप सरकार के कार्यकाल के दौरान वाहनों से होने वाले प्रदूषण को रोकने की दिशा में कई खामियां रहीं। सिर्फ खानापूर्ति ही की गई। आप सरकार के पास दिल्ली की सड़कों पर चलने वाले वाहनों का ठीक से आंकड़ा तक नहीं था। वाहन विशेष की संख्या कितनी है, इसकी जानकारी विभाग को नहीं थी। इन वाहनों के उत्सर्जन भार का आकलन सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों (सीएएक्यूएमएस) से मिले आंकड़ों में अशुद्धियों हैं। इसके अलावा कैग रिपोर्ट ने निजी



वाहनों के उपयोग को कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन की बसों और अंतिम माइल कनेक्टिविटी के विकल्पों की कमी की ओर भी इशारा किया है। कैग रिपोर्ट में पिछली सरकार पर मोनो रेल और लाइट रेल ट्रांजिट व इलेक्ट्रॉनिक ट्रॉली बसों जैसे कम प्रदूषणकारी विकल्पों को गंभीरता से ध्यान नहीं देने की ओर भी इशारा किया है। रिपोर्ट के निष्कर्ष इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि 2016 से 2020 के बीच 2,137 दिनों में से 1,195 दिनों (56 फीसदी दिन) के लिए दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब से गंभीर के रूप में वर्गीकृत की गई। इसका सीधा असर मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है।

दिल्ली की वायु गुणवत्ता विभिन्न क्षेत्रों जैसे परिवहन, आवासीय, सॉल्वैंट्स, बिजली संयंत्रों और सड़क की धूल से प्रभावित होती है। रिपोर्ट में परिवहन क्षेत्र द्वारा उत्पन्न प्रदूषण को शामिल किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वाहनों से होने वाला उत्सर्जन प्रदूषण का प्रमुख स्रोत है, जिसकी उत्पत्ति दिल्ली में होती है, इसलिए इसे दिल्ली सरकार की ओर से नियंत्रित किया जा सकता है। सीएम के मुताबिक, रिपोर्ट में कहा गया है कि 9,000 बसों की आवश्यकता के मुकाबले केवल 6,750 बसें उपलब्ध थीं। मार्च 2015 में बेडे में 4712 बसें थीं जिसमें से 4180 बसें सड़कों पर थीं। 2019-20 में यह संख्या घटकर 3222 पहुंच गई। इसका परिवहन विश्वसनीयता पर सीधा असर पड़ा। वहीं, बस मार्गों को युक्तिसंगत नहीं बनाया गया जिससे काफी लोग परिवहन सेवा से वंचित रहे। इसमें 657 अधिसूचित बस मार्गों में 238 मार्ग कवर ही नहीं किए जा रहे थे। इससे लोगों को मजबूरी में निजी वाहनों का उपयोग करना पड़ा। साथ ही, मार्गों के अध्ययन के लिए 2.97 करोड़ रुपये में दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल ट्रांजिट लिमिटेड से अध्ययन कराने का प्रस्ताव की योजना तैयार की गई, लेकिन 2021 तक लागू नहीं की गई। वर्ष 2010 में दिल्ली सरकार ने ग्रामीण सेवा वाहन स्कीम शुरू की। जनसंख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई, लेकिन ग्रामीण सेवा वाहनों की संख्या में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। इससे वायु प्रदूषण में भी बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि सार्वजनिक बसों और ग्रामीण सेवा वाहनों की नियमित उत्सर्जन जांच नहीं हुई। इस संबंध में एनजीटी ने निर्देश दिया था, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र जारी करने में भी कई खामियां पाई गई।

## सार-समाचार

### 1.94 लाख के नकली नोटों के साथ दो आरोपी हुए गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस ने छापा मारकर दो युवकों को 1 लाख 94 हजार के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पंजाब से नकली नोट लेकर फरीदाबाद आए थे। क्राइम ब्रांच बड़खल की टीम ने आरोपियों को आईएमटी बुखारपुर मोड़ पर पकड़ लिया। थाना सदर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि दो युवक पंजाब से नकली नोट लेकर आईएमटी से बुखारपुर की ओर आ रहे है। सूचना के बारे में उपायुक्त फरीदाबाद को जानकारी दी है। उपायुक्त ने सूचना के बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार जयप्रकाश को मौके पर भेजा। जिसके बाद पुलिस की टीम गांव बुखारपुर के मोड़ पर पहुंची। जहां पर खास ने दो युवकों की ओर इशारा करके बताया कि यह वह दोनों आरोपी है जिनके पास नकली नोट हैं। पुलिस ने दो युवकों को दबोच लिया। इनमें से एक युवक विष्णु सुनहरा गांव कामा जिला भरतपुर राजस्थान का रहने वाला है। उसकी जेब से 500 के 188 नोट मिले। कुल 94,000 रुपये थे। वहीं, दूसरा युवक योगेश निवासी महावीर कॉलोनी बल्लभगढ़ का बताया गया है। उसकी जेब से 500 के 200 नोट बरामद किए गए हैं।

### लोगों ने अपने खर्च पर शुरू कराया सड़कों के सुधार का कार्य

**साहिबाबाद।** टीला मोड़ स्थित इंद्रप्रस्थ आवासीय कॉलोनी के मुख्य मार्गों की सड़कों की स्थिति खराब पड़ी है। दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे थे। लोगों का कहना है कि जीडीए के अधिकारियों से बार-बार शिकायत की। हर बार केवल आश्वासन ही मिलता था। धरातल पर कोई कार्य नहीं किया गया है। आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी और कॉलोनी के लोगों ने रुपये इकट्ठा करके सड़कों की खुद मरम्मत काम शुरू कराया है। कॉलोनी के आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सतीश भारद्वाज का कहना है कि जब जीडीए ने कॉलोनी बसाई थी। तब ही मुख्य मार्गों की सड़को का निर्माण कराया गया था। इसके बाद छह साल हो गए। पदाधिकारी और कॉलोनी के लोगो ने 22 हजार रुपये इकट्ठे करके मंगलवार को सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया है।

### नौवीं मंजिल से गिरकर एमबीए के छात्र की मौत

**इंदिरापुरम।** थानाक्षेत्र के कनावनी स्थित एंजिल जुपिटर सोसायटी के रहने वाले हर्षित त्यागी (25) की मंगलवार को नौवीं मंजिल पर स्थित अपने फ्लैट की बालकनी से गिरकर मौत हो गई। घर पर मौजूद मां पूनम त्यागी और मौसेरा भाई हिमांशु वत्स उसे नोएडा स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि हर्षित एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। उसके पिता अतुल त्यागी योगा के टीचर हैं और मां पूनम त्यागी नोएडा स्थित बड़े निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। पुलिस के मुताबिक शाम करीब 3 :30 बजे हर्षित बाथरूम जाने के लिए उठा था।

### सड़क हादसे में महिला की मौत तीन हुए घायल

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में ट्राला चालक को झपकी आने से बड़ा हादसा हो गया। ट्राला ने स्कूल बस व कार में टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला और तीन लोग घायल हो गए। सेक्टर-21सी रेड लाइट पर बुधवार सुबह साढ़े 6 बजे हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि सेक्टर-46 आईसर स्कूल की बस टक्कर लगने से घूमकर पिकअप से टकराई। कार सवार महिला की मौत, पुलिस पहचान के प्रयास कर रही है। बच्चों को लेने जा रही स्कूल बस का चालक अमान सिंह, हेल्पर मिथुन व महिला अटेंडेंट भारती घायल हैं।

### कलेक्टर रानी बाटड़ ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**समय जगत मैहर।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड़ की अध्यक्षता में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों सहित विभिन्न विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को त्वरित और प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम अमरपाटन डॉ. आरती सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजली मुद्दे पर आप के रवैये पर सरकार ने निशाना साधा

**नई दिल्ली।** विधानसभा में मंगलवार को बिजली कटौती के मुद्दे पर आप के रवैये को लेकर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता व बिजली मंत्री आशीष सूद ने जमकर निशाना साधा। आप विधायक कुलदीप कुमार ने नियम-54 के तहत बिजली कटौती पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिया था, जिसे कार्यसूची में शामिल किया गया, लेकिन जब प्रस्ताव पर चर्चा का समय आया, तब न तो कुलदीप सदन में मौजूद थे और न ही आप के अन्य विधायक। इस पर विजेंद्र गुप्ता व सूद ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आप सिर्फ मीडिया में सुर्खियां बटोरने के लिए मुद्दे उठाती है, लेकिन जब उन पर बहस होती है तो भाग खड़ी होती है। प्रस्ताव चर्चा के दौरान विजेंद्र गुप्ता ने विपक्ष के रवैये को गैर-जिम्मेदाराना करार देते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही नियमों के तहत चलती है। जब खुद विपक्ष ने किसी मुद्दे को सदन में उठाया और चर्चा के दौरान नदारद रहा, तो यह न केवल सदन की अवहेलना है, बल्कि जनता के साथ भी धोखा है। वहीं, आशीष सूद ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष आतिशी और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फर्जी आंकड़े पेश कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। आप के कई फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बिजली कटौती को लेकर भ्रामक प्रचार कर रहे हैं। पिछली सरकार के कार्यकाल में एक साल में 21,597 बार एक घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल हुई थी, जबकि वर्तमान सरकार सुधार कार्यों के तहत अस्थायी कटौती कर रही है, ताकि गर्मी के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। अगर आप सरकार में बिजली कभी नहीं जाती थी।

## पीयूसी जारी करने में हुईं अनियमितताएं

# ऑटोमैटिक फिटनेस जांच की जगह मैनुअल तरीका अपनाया

**नई दिल्ली।** वाहनों से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर आप सरकार कितनी गंभीर रही इसका खुलासा कैग रिपोर्ट में हुआ है। सरकार का दावा था कि परिवहन विभाग में सब कुछ ऑनलाइन और ऑटोमैटिक है। इसके बावजूद वाहनों के फिटनेस की जांच मैनुअल तरीके से होती रही। इससे परिवहन विभाग के अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध नजर आती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि राजधानी में प्रति वर्ष 4.1 लाख वाहनों की फिटनेस जांच की क्षमता होने के बावजूद केवल 12 फीसदी जांच स्वचालित फिटनेस जांच केंद्रों पर हुई। शेष जांच मैनुअल केंद्रों पर की गई, जहां केवल दृश्य निरीक्षण पर निर्भरता रही। यह निरीक्षण प्रक्रिया तकनीकी रूप से अपर्याप्त थी और निरीक्षण अधिकारी की व्यक्तिगत राय पर आधारित थी। जबकि ऑटोमैटिक फिटनेस जांच में वाहन के उत्सर्जन स्तर, ब्रेकिंग सिस्टम और अन्य तकनीकी पहलुओं की सटीक जांच होती है। यह प्रक्रिया प्रदूषण नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण हैं। रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि 2014-15 से 2018-19 के दौरान फिटनेस जांच के लिए बड़ी संख्या में वाहन जांच के लिए प्रस्तुत



नहीं हुए। 2018-19 में 64 फीसदी वाहन फिटनेस जांच से बाहर रहे। इसके बावजूद इन वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह भी पता चला है कि ऑटोमैटिक फिटनेस जांच इकाइयों की क्षमता प्रतिदिन 167 वाहनों की जांच करने की थी, लेकिन 2020-21 में औसत केवल 24 वाहनों की जांच हुई। साथ ही, 60 फीसदी फिटनेस प्रमाणपत्र उन वाहनों को जारी किए गए जिनकी उत्सर्जन जांच ही नहीं की गई थी। प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) जारी करने में भी भारी अनियमितताएं बरती गईं। रिपोर्ट में बताया गया है कि 10 अगस्त 2015 से 31 अगस्त 2020 के बीच 22.14 लाख डीजल वाहनों की जांच हुई, लेकिन 24 फीसदी वाहनों के लिए जांच मूल्य दर्ज नहीं किए गए। 4,007 डीजल वाहन जिनके उत्सर्जन मूल्य अनुमत सीमा से अधिक थे, तब भी पीयूसी जारी किए गए। 65.36 लाख वाहनों को पीयूसी जारी किया गया, लेकिन 1.08 लाख वाहन, जो कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोकार्बन की निर्धारित सीमा से अधिक उत्सर्जन कर रहे थे, उन्हें भी पीयूसी जारी किया गया। 7,643 मामलों में एक ही समय पर एक से अधिक वाहनों की जांच दिखाई गई, जो व्यावहारिक रूप से असंभव है। वहीं, 76,865 मामलों में जांच और प्रमाणपत्र जारी करने में केवल एक मिनट का समय लगा, जो तकनीकी रूप से संभव ही नहीं है। कैग रिपोर्ट को लेकर आप ने भाजपा पर निशाना साधा है। आप ने कहा कि इस रिपोर्ट में भ्रष्टाचार की एक लाइन नहीं मिली है। रिपोर्ट के अनुसार ऑड-ईवन से लेकर प्रदूषण को रोकने के लिए आप सरकार ने अलग-अलग कदम उठाए। दिल्ली देश की राजधानी है, लेकिन प्रदूषण का असर पूरे उत्तर भारत में होता है। पूर्व पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में 2016 में 365 में से केवल 109 अच्छी हवा के दिन थे। आप सरकार ने चौतरफा काम किया। इससे 2024 में अच्छे दिनों की संख्या को 208 तक पहुंच गई। भाजपा सरकार को अच्छे दिनों की संख्या 209 से 309 तक पहुंचानी चाहिए। पूरी दुनिया में ऑड ईवन फेल हुआ, लेकिन दिल्ली इकलौता शहर है, जहां पर ये सफल हुआ। व्हीकल पॉल्यूशन को कम करने के लिए हमने ऑड ईवन के अलावा दिल्ली में रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ कार्यक्रम चलाया। पूरे देश में दिल्ली पहला राज्य है, जहां 2000 ई-बसें सड़कों पर उतरीं। भाजपा के नेता कहते हैं कि केंद्र की वजह से ये बसें आईं।

## बड़खल में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम को करना पड़ा विरोध का सामना

### कार्यवाही के दौरान महिला हुई बेहोश

**फरीदाबाद।** बड़खल क्षेत्र में नगर निगम ने बड़ा अभियान चलाकर 150 से अधिक अतिक्रमण ढहाए। बड़खल झील से जमई कालोनी तक यह अभियान चलाया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों के भारी विरोध का सामना टीम को करना पड़ा तो मौके पर मौजूद पुलिस बल ने सड़क पर लाठियां पटककर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ दिया। नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने का अभियान इन दिनों चलाकर रखा हुआ है। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर निगम के अतिक्रमण हटाने वाले दस्ते ने बड़खल क्षेत्र में बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान बड़खल गांव के सामने बड़खल चौक से बड़खल झील के आगे रोड पर अतिक्रमण ढहाया। एसडीओ सुरेंद्र हुड्डा ने बताया कि टीम ने बड़खल झील से जमई कालोनी की ओर करीब 150 से अधिक




अतिक्रमण ढहाए। इन सभी अतिक्रमणकारियों ने सरकारी भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया हुआ था। मौके पर नगर निगम दस्ते के साथ भारी संख्या में पुलिस बल भी पहुंचा। इस दौरान जैसे ही जेसीबी अतिक्रमण ढहाने पहुंचे तो स्थानीय लोग विरोध करने उतर पड़े। यहां तक कि कुछ लोगों ने जेसीबी का रास्ता भी रोक लिया तो पुलिस ने लाठियां सड़क पर पटककर उन्हें खदेड़ दिया। इसके बाद टीम ने अतिक्रमण ढहाए। एसडीओ का कहना है कि अब लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चलेगी। अतिक्रमण हटाने पहुंची जेसीबी के आगे कुछ महिलाएं भी विरोध करने पहुंची। इस दौरान एक महिला बेहोश होकर गिर पड़ी। मौके पर पुलिस और टीम के सदस्यों ने महिला को उठाकर एक चारपाई पर लिटा दिया। कुछ देर बाद उसे होश आ गया।

## एफएनजी को गुरुग्राम व जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने की चल रही है तैयारी

**फरीदाबाद।** नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम को एक साथ जोड़ने के लिए कवायद शुरू हो गई है। शहरी विकास सलाहकार की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय में जेवर एयरपोर्ट के लिए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे लिंक रोड को और फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद (एफएनजी) एक्सप्रेसवे से जोड़ने पर उपायुक्त विक्रम सिंह और अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। यमुना पर नया पुल बनाकर नोएडा से फरीदाबाद को जोड़ने की हरियाणा सरकार की मंजूरी के बाद यह बैठक की गई है। शहरी विकास सलाहकार डीएस ढेसी ने बताया कि एफएनजी परियोजना के अनुसार फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद और गुरुग्राम को सीधे सबंद्ध करने के लिए एक सीधी सड़क बनाई जानी है। इस परियोजना में गुरुग्राम से फरीदाबाद होते हुए नोएडा, ग्रेटर नोएडा व गाजियाबाद आना-जाना आसान हो जाएगा। वर्तमान समय में यदि फरीदाबाद से नोएडा जाने के लिए दिल्ली के कालिंदी कुंज से होते हुए नोएडा में प्रवेश करना होता है। इस रूट पर जाम की स्थिति के कारण वाहन चालकों को दो से तीन घंटे तक का समय लग जाता है।



अब इस परियोजना के पूरे होने पर लोगों का इन शहरों में आवागमन आसान हो जाएगा। उन्होंने बैठक में एफएमडीए सीईओ श्यामल मिश्रा, डीसी विक्रम सिंह के अलावा अन्य आला अधिकारियों के साथ इस संबंध में चर्चा की। एफएनजी के नए पुल को हरियाणा सरकार की मंजूरी : डीएस ढेसी ने बताया कि हरियाणा सरकार ने यमुना नदी पर नए पुल को बनाने के मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही हरियाणा में एफएनजी एक्सप्रेस-वे के अंतर्गत लगभग 10 किमी और यूपी में बचे हुए लगभग इतने ही एक्सप्रेस-वे के हिस्से को बनाने की तैयारी है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि नोएडा जाने के लिए फरीदाबाद-पलवल केएमपी (दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे लिंक रोड) और ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे को जोड़ने की कवायद की जाएगी।

इसके पहले दोनों एक्सप्रेस-वे से इसे जोड़ने के बाद कितना फायदा लोगों को मिलेगा, इसका सर्वे किया जाएगा। बैठक में डीएस ढेसी ने बताया कि एनसीआर कमेटी की ओर से एफएनजी की जरूरत को लेकर सुझाव आवश्यक होंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नोएडा एयरपोर्ट से यमुना और यमुना से केजीपी पर जो काम चल रहा है उनको समयानुसार पूरा कर लें। छांयसा से फरीदाबाद आने वाली सड़क का भी सुधार सही ढंग से किया जाए।

# ईएसआईसी की ओर से चलाई जाएंगी दो बसें

### कर्मचारियों को कंपनियों में ही मिलेगा उपचार

**फरीदाबाद।** ईएसआईसी में पहुंचने वाले कंपनी के कर्मचारियों को अब उनकी कंपनी में ही उपचार मिल सकेगा। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ओर से दो बसें चलाई जाएंगी। इन दो बसों का संचालन रीचिंग दा अनरीच अभियान के तहत किया जाएगा। जाएगा। जिनमें कई प्रकार के टेस्ट समेत डॉक्टर का केबिन भी बनाया जाएगा। ईएसआईसी मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा देने का कार्य कर रहा है। इन बसों के लिए टीम भी नियुक्त की जाएगी। बस में अधिकतर मशीनें लगा दी गई हैं। वहीं कुछ मशीनें लगानी बाकी है। जैसे ही बसों का कार्य पूरा हो जाएगा। बसों को मरीजों के लिए चालू कर दिया जाएगा। संभवत अप्रैल के दूसरे सप्ताह में दोनों बसें शुरू कर दी जाएंगी। अस्पताल की ओर से चलाई जाने वाली दो बसों में से एक बस में लोगों का एक्स रे, बीपी और शुगर टेस्ट किया जाएगा। मरीज डॉक्टर से परामर्श ले सकेंगे। इसके अलावा बस में ब्लड बैंक की भी सुविधा होगी। इसके साथ ही बस में डॉक्टर का केबिन भी बनाया जाएगा। जहां पर मरीज वेटिंग एरिया में वेट भी कर सकते हैं। वहीं, दूसरी बस में हर तरह की खून की जांच की जाएगी, यूरिन टेस्ट के अलावा सैंपल कलेक्शन




किया जाएगा। इन बसों में पहली बस का नाम हॉस्पिटल ऑन व्हील तो दूसरी का नाम लैब ऑन व्हील रखा गया है। ईएसआईसी की ओपीडी में रोजाना 4 हजार से अधिक मरीज पहुंचते हैं। ऐसे में अस्पताल में मरीजों को डॉक्टर से परामर्श लेने में घंटों इंतजार करना पड़ता है। इसी कड़ी में कंपनी में कार्य करने वाले मरीजों के लिए दो बसें चलाई जाएंगी। बस में नर्सिंग स्टाफ समेत अन्य कई कर्मचारी मौजूद रहेंगे। जिससे काफी फायदा होगा और लाइन में लगने से बचा जा सकेगा। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के डीन डॉ. एके पांडेय ने बताया कि अस्पताल की ओर से दो बसें चलाई जाएंगी। जो अलग- अलग कंपनियों में दिनों के हिसाब से पहुंचेंगी। इन बसों को चलाने का उद्देश्य कर्मचारियों को बेहतर सुविधा देना है। इन बसों को अप्रैल के दूसरे सप्ताह में चालू कर दिया जाएगा। जिससे कर्मचारियों को घंटों लाइन में लगने की समस्या से निजात मिलेगी।

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार उन्मूलन के हों प्रभावी प्रयास

देश में भ्रष्टाचार बड़ा एवं गंभीर मुद्दा है। खासकर राजनीतिक क्षेत्र का भ्रष्टाचार देश के लिये गंभीर समस्या बन चुका है। राजनीति में अनपढ़, भ्रष्ट, अयोग्य, क्षमताविहीन लोग सिर्फ भ्रष्टाचार में लिप्त रहते हैं। शासकीय पैसे का योजनाओं, परियोजनाओं के नाम पर दुरुपयोग होता है। एक मशीन, जिसे आप और हम 22,000 रुपये में खरीद सकते हैं, उसके लिए सरकार ने हर महीने 1,844 रुपये किराया चुकाया–वो भी लगातार पाँच साल तक ! अब हिसाब लगाइए-2,100 मशीनों के लिए चार साल में 18 करोड़ रुपये बहा दिए गए, जबकि इनकी कुल कीमत थी बस 4.5 करोड़ रुपये। यह कोई फिल्मी स्क्रिप्ट या मजाक नहीं है, बल्कि दिल्ली सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का असली कारनामा है। एक ऐसा फैसला, जिसने जनता के खून-पसीने की कमाई को पानी की तरह बहा दिया और पूछने वाला कोई नहीं कि आखिर यह हुआ कैसे? यह कहानी सिर्फ मशीनों की नहीं, बल्कि उस सिस्टम की है, जो हमारे टैक्स के पैसे को लुटाने में माहिर हो चुका है। बात शुरू होती है फरवरी 2021 से, जब दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार का ढोल पीटते हुए एक बड़ा कदम उठाया। उसने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) से 2,100 इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ सेल (ईपीओएस) मशीनें किराए पर लेने का फैसला किया। हर मशीन का किराया तय हुआ 1,844 रुपये प्रति माह, और यह सौदा पाँच साल के लिए पक्का कर लिया गया। चार साल गुजर चुके हैं, और अब तक सरकार ने इन मशीनों के लिए 18 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च कर डाले हैं। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इतना पैसा खर्च करने के बाद भी ये मशीनें सरकार की नहीं हैं–ये आज भी बीईएल की संपत्ति हैं। अब सोचिए, अगर ये मशीनें खरीदी गई होतीं, तो 4.62 करोड़ रुपये में मामला खत्म हो जाता। लेकिन नहीं, सरकार ने किराए का रास्ता चुना और जनता का पैसा हवा में उड़ा दिया। अब हिसाब को और करीब से देखें।

चार साल में 18 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, और अगर पाँच साल का अनुबंध पूरा हुआ, तो यह रकम 23.25 करोड़ रुपये तक पहुँच जाएगी। यानी, एक मशीन की कीमत से पाँच गुना ज्यादा सिर्फ उसके किराए में दे दिया जाएगा। अगर सरकार ने थोड़ा दिमाग लगाया होता, तो 4.5 करोड़ में ये मशीनें उसकी अपनी हो सकती थीं। रखरखाव का खर्च जोड़ लें, तब भी यह किराए की राशि से आधे से कम पड़ता। मान लीजिए, हर मशीन पर सालाना 5,000 रुपये रखरखाव में लगते–पाँच साल में 25,000 रुपये प्रति मशीन, यानी कुल 5.25 करोड़। फिर भी, खरीद और रखरखाव मिलाकर 10 करोड़ से कम में काम हो जाता। ऐसे भ्रष्टाचारियों को तो सजा मिलनी ही चाहिये। ताकि देश में सिद्धातों एवं आदर्शों, शुचिता और स्वर्णिम संभावनाओं पर आधारित व्यवस्था सुदृढ़ हो सके।

# नेपाली राजशाही के लिए हिंसक प्रतिरोध के निहितार्थ

**पुष्परंजन**

वो गुजरा जमाना था, जब राजा बीरेंद्र और रानी ऐश्वर्या की एक झलक पाने, और उनकी आवाज़ सुनने के लिए लोग उमड़ पड़ते थे। वर्ष 1990 में लोकतंत्र की बहाली के बाद भी बीरेंद्र की आभा फीकी नहीं पड़ी थी, जब उन्होंने अपनी पूर्ण सत्ता त्याग दी थी, और राजनीतिक दलों को राज्य के मामलों का प्रभार सौंप दिया था। यहां तक, कि माओवादियों ने भी, जिन्होंने कड़ी मेहनत से हासिल की गई राजनीतिक व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह छेड़ा था, राजा की ज्यादा आलोचना नहीं की। न ही उन्होंने शुरू में रॉयल नेपाल आर्मी पर हमला किया, जबकि देश भर में पुलिस चौकियों पर हमले हो रहे थे। इसके बाद नेपाली राजशाही के 240 साल के इतिहास में सबसे बड़ा रहस्यमय और दुर्भाग्यपूर्ण पल सामने आया। वर्ष 2001 में बीरेंद्र के परिवार को भारी सुरक्षा वाले शाही महल में गोली मार दी गई। इसके बाद शुरू शाही जांच में तत्कालीन युवराज दीपेंद्र को नरसंहार के लिए दोषी ठहराया गया, जबकि वे कुछ दिनों तक बेहोश रहे, उन्हें कोमा में राजा घोषित किया गया, और उनकी मृत्यु हो गई। यह जांच बीरेंद्र के दो भाइयों में से पहले, ज्ञानेंद्र की निगरानी में हुई। ज्ञानेंद्र की नीयत पर सवाल भी उठाये गए। फिर जांच की लीपापोती हो गई। ज्ञानेंद्र और उनके पुत्र प्रिंस पारस की सार्वजनिक छवि उतनी अच्छी नहीं थी। लोग यह मानने को तैयार नहीं थे कि युवराज दीपेंद्र ने अकेले ही अपने पिता, माता, भाई, बहन और दादी को गोली मार दी होगी। दरबार हत्याकांड विदेशी षड्यंत्र भी साबित नहीं हो पाया। ज्ञानेंद्र 1950 के दशक में पहली बार चार साल की उम्र में राजगद्दी पर बैठे थे। तब ज्ञानेंद्र के दादा, राजा त्रिभुवन ने राणाओं के खिलाफ विद्रोह किया था, और दिल्ली निर्वासित हो गए थे। हालात ने उन्हीं ज्ञानेंद्र को 4 जून, 2001 को दोबारा से ताज पहनने का अवसर दिया। ज्ञानेंद्र ने पांच साल के कालखंड में लोकतांत्रिक ताकतों को अलग-थलग कर दिया। अंततः सत्ता में आये माओवादियों ने 28 मई, 2008 को नेपाल की संविधान सभा के जरिये राजशाही समाप्त कर दी। लेकिन, पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र और उनके परिवार को आवास, सुरक्षा सुविधाएं शासन द्वारा दिया जाना जारी रहा। नेपाल में जब तक राजाशाही थी, नरेश भगवान विष्णु के अवतार और हिन्दू राष्ट्र के संरक्षक माने जाते थे। विगत कुछ वर्षों से राजशाही समर्थक हिंदू राष्ट्र की वापसी के एजेंडे को सुलगाने लगे थे। 11 मार्च, 2025 को खबर आई कि नेपाल में इस एजेंडे के समर्थकों ने राजा ज्ञानेंद्र के साथ उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी की तस्वीर भी लहराते हुए नारे लगाए। पूर्व राजा ज्ञानेंद्र उससे पहले, 30 जनवरी, 2025 को गोरखपुर अपने इष्ट देव, गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने आये थे, तब उन्होंने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की थी। गत 1 अप्रैल, 2014 को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता अशोक सिंघल ने कहा था, कि अगर नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बनते हैं, तो नेपाल हिंदू राष्ट्र बन जाएगा। फिर चौतारा में एक मंच योगी आदित्यनाथ के साथ साझा करते हुए, अशोक सिंघल ने वही बात दोहराई कि हिन्दू राष्ट्र और राजतंत्र की वापसी होगी। 17 नवंबर, 2015 को 89 वर्ष के अशोक सिंघल, गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में सिधार गए, नेपाल को हिन्दू राष्ट्र दोबारा से बनाने का सपना अधूरा रह गया। इस बीच, परदे के पीछे से ज्ञानेंद्र के लोग दिल्ली दरबार से संपर्क साधते रहे. अपरोक्ष रूप से ज्ञानेंद्र ने अपने दो निकटस्थ ज्योतिरादित्य सिंधिया और डॉ. कर्ण सिंह से भी राजशाही वापसी में मदद की उम्मीद तोड़ी नहीं थी। ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां, माधवी राजे (किरण राज्य लक्ष्मी देवी), नेपाल के शाही परिवार से थीं। और डॉ. कर्ण सिंह की पत्नी महारानी यशो राज्य लक्ष्मी नेपाल के अंतिम राणा प्रधानमंत्री मोहन शमशेर जंग बहादुर परिवार से। दोनों अब दिवंगत हैं, लेकिन नेपाल के शाही परिवारों से भारतीय रजवाड़ों का भावनात्मक रिश्ता बरकरार है। यह कहना कठिन है, कि हिन्दू राष्ट्र समर्थक दिल्ली के राजनीतिक गलियारों से कितनी मदद ज्ञानेंद्र के लोगों को मिल रही है, लेकिन नैतिक समर्थन मिलने से कोई इंकार नहीं कर सकता। जो कुछ काठमांडो में हुआ, वो वीभत्स और विनाशकारी था। उस दिन टिंकुने में राजभक्तों का प्रदर्शन हिंसा में परिवर्तित हो गया, जब दुर्गा प्रसाई जीप दौड़ाकर सुरक्षाकर्मियों और प्रत्यक्षदर्शियों को कुचलने की कोशिश करने लगे। हिंसक भीड़ ने जड़ीबूटी प्रोसेसिंग एंड प्रोडक्शन कंपनी के आठ वाहनों को जला दिया, सीपीएन (एकीकृत समाजवादी) के मुख्यालय में आग लगा दी। कोटेश्वर में उन्होंने भटभटेनी सुपरमार्केट को लूट लिया, और जमकर तोड़फोड़ की। उग्र भीड़ ने पत्रकार सुरेश रजक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे उनकी वहीं झुलसकर मौत हो गई। पुलिसकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प के दौरान सबिन महर्जन की गोली लगने से मौत हो गई।

# मथुरा-काशी से जुड़ी नई मुहीम का आह्वान

## नजरिया

**संघ की कन्नड़ साप्ताहिक पत्रिका विक्रमा को दिए इंटरव्यू में होसबाले ने साफ कर दिया कि उस समय यानी 1984 में विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने तीन मंदिरों की बात की थी। इसलिए अगर संघ के स्वयंसेवक इन मंदिरों के लिए काम करना चाहते हैं, तो हम उनको रोकेंगे नहीं। साफ है, इस बयान के बाद इन मथुरा-काशी दोनों स्थलों से जुड़े विवाद और इनके आंदोलनों को एक नई ऊर्जा, इन मन्दिरों के जीर्णोद्धार, स्वतंत्र अस्तित्व हासिल करने में सफलता मिलेगी। इससे एक बार फिर भाजपा की ताकत बढ़ेगी एवं हिन्दुओं को एकजुट करने का वातावरण बनेगा। बिहार में कुछ ही माह बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और साल 2027 की शुरुआत में ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होंगे। बिहार एवं उत्तर प्रदेश दोनों ही प्रदेशों में जातिगत गणना और आरक्षण को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिशें हो रही हैं। इन दोनों चुनावों में काशी और मथुरा बड़ा मुद्दा बने, तो कोई आश्चर्य नहीं है। दोनों मन्दिर बिहार से सटे उत्तर प्रदेश के दो छोरों पर स्थित हिंदुओं के दो बड़े पवित्र एवं पावन धर्मस्थल हैं।**

**ललित गर्ग**

हिंदू समूहों का दावा है कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट करके उनके ऊपर मस्जिदें बना दीं। इसीलिये विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने 1984 में तीन मंदिरों की बात की थी, जिनमें में अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बन चुका है। इसके बाद कई लोगों को लगने लगा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके अन्य सहयोगी संगठन इससे संतुष्ट हो चुके हैं और काशी व मथुरा के विषय को जैसे उन्होंने त्याग दिया है या भूला दिया है। लेकिन ऐसा नहीं है, लोकसभा में वक्फ विधेयक के पेश किए जाने से कुछ ही घंटे पहले संघ के सरकार्यवाह एवं महामंत्री दत्तात्रेय होसबाले ने काशी ज्ञानवापी और मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े आंदोलनों-कार्यक्रमों में संघ के स्वयंसेवकों को न रोकने की बात कह कर एक नई मुहीम के आह्वान का अप्रत्यक्ष रूप से संकेत दे दिया है, जिसके गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं। पिछले कुछ समय से इनको लेकर एक ऊहापोह की स्थिति थी, लेकिन संघ के इस मुद्दे पर छाये धुंधलको को हटाते हुए अपने नये बयान से ऊर्जा का संचार किया है। भले ही इससे राजनीति गर्माये, लेकिन हिन्दू आस्था को इससे खुशी मिली है। संघ की कन्नड़ साप्ताहिक पत्रिका विक्रमा को दिए इंटरव्यू में होसबाले ने साफ कर दिया कि उस समय यानी 1984 में विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने तीन मंदिरों की बात की थी। इसलिए अगर संघ के स्वयंसेवक इन मंदिरों के लिए काम करना चाहते हैं, तो हम उनको रोकेंगे नहीं। साफ है, इस बयान के बाद इन मथुरा-काशी दोनों स्थलों से जुड़े विवाद और इनके आंदोलनों को एक नई ऊर्जा, इन मन्दिरों के जीर्णोद्धार, स्वतंत्र अस्तित्व हासिल करने में सफलता मिलेगी। इससे एक बार फिर भाजपा की ताकत बढ़ेगी एवं हिन्दुओं को एकजुट करने का वातावरण बनेगा। बिहार में कुछ ही माह बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और साल 2027 की शुरुआत में ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होंगे। बिहार एवं उत्तर प्रदेश दोनों ही प्रदेशों में जातिगत गणना और आरक्षण को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिशें हो रही हैं। इन दोनों चुनावों में काशी और मथुरा बड़ा मुद्दा बने, तो कोई आश्चर्य नहीं है। दोनों मन्दिर बिहार से सटे उत्तर प्रदेश के दो छोरों पर स्थित हिंदुओं के दो बड़े पवित्र एवं पावन धर्मस्थल हैं। मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर भगवान कृष्ण के




जन्मस्थान के रूप में और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के रूप में हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्वपूर्ण आस्था-स्थल हैं, जहाँ लोग मोक्ष प्राप्ति के लिए आते हैं। दोनों मंदिर हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और करोड़ो भक्तों को आकर्षित करते हैं, दोनों मंदिर भारतीय संस्कृति और इतिहास का अहम हिस्सा हैं और उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

काशी में विश्वनाथ और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर का पुनरुद्धार केवल भौतिक संरचनाओं को पुनर्स्थापित करने का प्रयास नहीं है-यह भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सार को पुनर्जीवित करने एवं आहत हिन्दू आस्था पर मरहम लगाने का आह्वान है। सनातन धर्म की शाश्वत विरासत के प्रतीक ये मंदिर आक्रमणकारियों के सदियों के हमलों के बावजूद हिंदुओं की दृढ़ता और भक्ति के प्रमाण हैं। इन पवित्र स्थलों को पुनः प्राप्त करना हमारे पूर्वजों के बलिदान का सम्मान करने, हमारी विरासत को संरक्षित करने और हमारी समृद्ध परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का कार्य है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिंदू मंदिरों के बारे में सच्चाई सबके सामने है, लेकिन ये मामले अनसुलझे हैं। ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के ये स्थल लंबी अदालती लड़ाई के बावजूद अभी भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं। दत्तात्रेय होसबले का यह साक्षात्कार महत्वपूर्ण होने के साथ दूरगामी सोच से जुड़ा है। हालांकि, होसबले ने अपने इसी इंटरव्यू में देश की सभी मस्जिदों को मुद्दा बनाने की प्रवृत्ति को सामाजिक ताने-बाने के लिए नुकसानदेह बताकर संतुलन साधने की कोशिश की है। इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग तलाशना सही नहीं है। भले ही पिछले साल दिसंबर में मस्जिदों को लेकर उठ रहे विवाद को शांत करने का उन्होंने यह प्रयास किया था। लेकिन काशी और मथुरा भी उसमें शामिल रहे हो, ऐसा कैसे सोचा जा सकता है? होसबले ने इस साक्षात्कार में गौ हत्या, लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी चिंताओं को स्वीकार किया। उन्होंने अस्पृश्यता यानी छुआछूत को खत्म करने, युवाओं में संस्कृति के संरक्षण और देशी भाषाओं की सुरक्षा जैसे समकालीन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। भाषा नीति पर होसबाले ने त्रिभाषी दृष्टिकोण का समर्थन किया और इसे 95 प्रतिशत भाषाई विवादों का समाधान बताया। उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण और उनमें शिक्षित लोगों के लिए आर्थिक अवसर सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। होसबोले ने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक भूराजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। यदि भारत में हिंदू समाज मजबूत और संगठित नहीं है, तो केवल 'अखंड भारत' के बारे में बोलने से परिणाम नहीं मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अतीत की खोज में लगे रहने से समाज अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तनों पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएगा, जैसे अस्पृश्यता को समाप्त करना, युवाओं में मूल्यों का संचार करना तथा संस्कृति और भाषाओं को संरक्षित करना। निश्चित ही होसबले के बोल से जहां हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा को बल मिला है, वहीं राष्ट्रीयता भी मजबूत होती हुई दिख रही है। संघ की स्थापना भी इसी उद्देश्य एवं राष्ट्रवादी आंदोलन को एक मजबूत सांस्कृतिक आधार देने के लिए की गई थी। हमारी सदियों पुरानी प्राचीन सभ्यताएं जो धर्म, अहिंसा और भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित थी उपनिवेशवाद के शोर में अपनी आवाज खो न जाये, हिन्दू समाज पर रह-रह हो रहे हमले रूके, हिन्दू एवं सनातन संस्कृति को सलक्ष्य कुचलने के प्रयास विराम पाये-इन जटिल स्थितियों में भारत के लोगों को एक सांस्कृतिक छत्र के नीचे एकजुट करने की दृष्टि से होसबले ने जगाया है, चेताया है, संगठित होने का आह्वान किया है। निश्चित तौर पर इन दोनों मन्दिर मुद्दों को नए सिरे से हवा देने की इस कवायद ने संघ विरोधियों एवं मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के सामने एक नई गंभीर चुनौती पेश की है। खासकर यह देखते हुए कि अयोध्या की रणनीतिक सफलता ने हिंदुत्व की राजनीति का आधार मजबूत किया है, हिन्दुओं को संगठित किया है। मंदिर-मस्जिद विवाद के बीच संघ की तरफ से पहले भी कई बयान आते रहे हैं। ये बयान दर्शाते हैं कि संघ भले ही सीधे-सीधे विवाद से खुद को भले ही अलग रखता हो, वैचारिक रूप से वह इनको पूरा समर्थन देता है। संघ का समर्थन देश को अराजक बनाने का कभी नहीं रहा, उसके सामने बड़ा लक्ष्य देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का भी है। बांग्लादेश समेत कई पड़ोसी देशों में भारत-विरोधी शक्तियां नए सिरे से सक्रिय होने लगी हैं, उनसे लड़ने की ताकत एवं रणनीति भी संघ चाहता है। संघ सामंजस्यपूर्ण और संगठित भारत के आदर्श को आकार देने के लिये प्रतिबद्ध है। श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति जैसे आंदोलनों ने भारत के सभी वर्गों और क्षेत्रों को सांस्कृतिक रूप से संगठित किया।

# अंतरिक्ष मिशनों के लिए नये ऊर्जा विकल्प

**डॉ. शशांक द्विवेदी**

**अंतरिक्ष में सेटेलाइट्स को निर्बाध ऊर्जा प्रदान करने में कई चुनौतियां होती हैं। अधिकतर सेटेलाइट्स सौर पैनलों से ऊर्जा प्राप्त करते हैं, लेकिन जब वे पृथ्वी की छाया में आते हैं (जैसे जियोसिं नस ऑर्बिट में), तो उन्हें ऊर्जा नहीं मिल पाती। यह समस्या पृथ्वी के चारों ओर घूमने वाले लो-अर्थ ऑर्बिट सेटेलाइट्स में अधिक होती है, क्योंकि वे बार-बार छाया में आते हैं। अंतरिक्ष में सेटेलाइट्स की उम्र बढ़ाने, उन्हें निर्बाध ऊर्जा प्रदान करने, उनके भार में कमी लाने और स्वच्छ ऊर्जा स्रोत प्रदान करने के उद्देश्य से विज्ञानी अब कोल्ड फ्यूजन तकनीक पर काम कर रहे हैं।**



हैदराबाद स्थित स्टार्ट-अप 'हाइलेनर टेक्नोलॉजीज' जल्द ही अंतरिक्ष में बिजली उत्पन्न करने के लिए इस तकनीक का प्रदर्शन करने की योजना बना रहा है। इसका उद्देश्य पृथ्वी की कक्षा में सेटेलाइट्स के जीवन को बढ़ाना और उनका वजन कम करना है। साथ ही अंतरिक्ष में लंबी अवधि के मिशन को सक्षम बनाने और अन्य ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने का इसका उद्देश्य है। कोल्ड फ्यूजन तकनीक, जिसे सामान्यतः 'लो-एनर्जी न्यूक्लियर रिएक्शन' के रूप में भी जाना जाता है, एक ऐसी अवधारणा है जो परमाणु संलयन को कम तापमान और दबाव पर संभव बनाने का दावा करती है। अगर यह तकनीक व्यावहारिक रूप से लागू हो सके, तो यह सैटेलाइट्स के लिए ऊर्जा उत्पादन में क्रांति ला सकती है। वर्तमान में सैटेलाइट्स मुख्य रूप से सौर ऊर्जा या रेडियोएक्टिव थर्मल जनरेटर पर निर्भर करते हैं, लेकिन इनकी सीमाएं हैं–सौर पैनल सूरज की रोशनी पर निर्भर करते हैं और आरटीजीएस की ऊर्जा धीरे-धीरे कम होती जाती है। कोल्ड फ्यूजन के जरिए अगर एक छोटा, हल्का और लंबे समय तक चलने वाला ऊर्जा स्रोत बनाया जा सके, तो सैटेलाइट्स का जीवनकाल बढ़ सकता है। यह तकनीक ईंधन की जरूरत को कम कर सकती है और अंतरिक्ष मिशनों को अधिक कुशल बना सकती है। कोल्ड फ्यूज़न का विचार पहली बार 1989 में वैज्ञानिकों मार्टिन फ्लाइशमैन और स्टैनली पॉन्स द्वारा प्रस्तुत किया गया था। उन्होंने एक साधारण प्रयोगशाला प्रयोग में ड्यूटेरियम (हाइड्रोजन का एक समस्थानिक) को पैलेडियम धातु में संलयन करके अतिरिक्त ऊष्मा उत्पन्न की। हालांकि, उनके प्रयोग को दोहराने की कोशिश करने वाले कई वैज्ञानिक असफल रहे, जिसके कारण इस दावे पर संदेह बढ़ गया। पारंपरिक परमाणु संलयन में, हाइड्रोजन के समस्थानिक जैसे ड्यूटेरियम और ट्रिटियम को अत्यधिक उच्च तापमान पर एक साथ लाया जाता है ताकि उनके बीच का कूलम्ब बैरियर पार हो सके। यह बैरियर दो धनात्मक आवेशित नाभिकों के बीच उत्पन्न होने वाली प्रतिकर्षण शक्ति है। कोल्ड फ्यूज़न में, यह प्रक्रिया बिना उच्च तापमान के, सामान्य परिस्थितियों में हो सकती है। हाइलेनर टेक्नोलॉजी ने कम ऊर्जा वाले परमाणु रिएक्टर (एलईएनआर) का परीक्षण करने के लिए एक अन्य नवोदित फर्म टेकमी2स्पेस सेटेलाइट्स के साथ समझौता किया है। एलईएनआर बिजली उत्पन्न करने के लिए हाइड्रोजन फ्यूजन का उपयोग करता है। कोल्ड फ्यूजन की अनूठी विशेषता यह है कि यह फ्यूजन रिएक्शन के लिए खपत की गई बिजली के मुकाबले अधिक बिजली उत्पन्न करता है।

हाइलेनर टेक्नोलाजीज के संस्थापक और सीईओ सिद्धार्थ दुराइराजन ने बताया, 'प्रत्येक 100 वाट की इनपुट ऊर्जा के लिए एलईएनआर 178 वाट की आउटपुट थर्मल ऊर्जा उत्पन्न करता है।' उनका कहना कि परीक्षण एवं प्रक्षेपण के लिए कंपनी ने स्काईरूट और इसरो के छोटे उपग्रह प्रक्षेपण यान और ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) बुक किया है। गौरतलब है कि टेकमी2स्पेस अंतरिक्ष में कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहा है। इसका उपयोग अंतरिक्ष में डाटा केंद्रों को संचालित करने के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'क्यूबसैट पर ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) बहुत अधिक गर्मी उत्पन्न करते हैं। हम उस गर्मी का दोहन करने और इसे सेटेलाइट में उपयोग करने योग्य ऊर्जा के रूप में परिवर्तित करने का प्रयास कर रहे हैं। इससे अंतरिक्ष में लंबी अवधि के मिशन और आफ-ग्रिड बिजली समाधानों के लिए नई संभावनाएं खुल सकती हैं।' टेकमी2स्पेस के अनुसार उनकी कंपनी एलईएनआर सहित कई ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की तलाश कर रही है ताकि कंप्यूट-केंद्रित सेटेलाइट्स में गर्मी निष्कर्षण और संभावित पुनः उपयोग के लिए प्रभावी तरीकों का आकलन किया जा सके। हाइलेनर के पास अपनी कम ऊर्जा परमाणु रिएक्टर तकनीक के लिए सरकार से प्राप्त पेटेंट है। यह तकनीक अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए गर्मी पैदा करने, कई अनुप्रयोगों के लिए भाप उत्पादन, वैश्विक स्तर पर ठंडे क्षेत्रों में कमरे को गर्म करने और घरेलू एवं औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए प्रेरण (इंडक्शन) हीटिंग के लिए इनपुट इलेक्ट्रिसिटी में वृद्धि करती है। उल्लेखनीय है कि सौर पैनल, बैटरी और अन्य उपकरणों की मदद से बिजली के उपभोग की वजह से किसी भी सेटेलाइट का भार 40-60 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। हाइलेनर का कोल्ड फ्यूजन डिवाइस और टेकमी2स्पेस का आफ-ग्रिड बिजली समाधान अंतरिक्ष में सेटेलाइट्स को बिजली समाधान प्रदान करने तथा अंतरिक्ष में लंबी अवधि के मिशन का प्रयास कर रहा है। यदि कोल्ड फ्यूज़न वास्तव में संभव हो सका, तो यह ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में एक क्रांति ला सकता है, क्योंकि यह स्वच्छ, सस्ता और असीमित ऊर्जा स्रोत प्रदान करेगा।

# सुशासन की योगी सरकार के आठ वर्षों में महिलाओं का सशक्तिकरण

**सुषमा सिंह निवर्तमान उपाध्यक्ष,** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग



जहां एक ओर संपूर्ण विश्व में दिव्य व पवित्र महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन ने शासन व प्रशासन के एक नवीन उदाहरण को प्रस्तुत किया है वहीं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और उत्तरप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्रीयोगी आदित्यनाथ जी के प्रशासन और कौशलपूर्ण राष्ट्र के लिए वर्तमान व भविष्य के लिए एक उदाहरण सिद्ध हुआ है। बतौर उत्तरप्रदेश के नागरिक के रूप में बात करू तो पिछले सात- आठ वर्षों में मेरे प्रदेश ने योगी जी के नेतृत्व में वो आयाम प्राप्त किया है जिनकी कल्पना में वर्ष 2016 तक कर भी नहीं सकती थी। मैं इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में प्रदेश की प्रगति की बात करुं तो गंगा एक्सप्रेस वे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसृ वे ने प्रदेश के नेटवर्क को सुगम बना दिया है। कोरोना महामारी के दौरान योगी जी के नेतृत्व में मेरा राज्य प्रभावी रुप से इस विपदा से निपटा और मेडिकल सुविधाओं का विस्तार किया। योगी सरकार की किसान राहत योजना और मृदा स्वास्थकार्ड योजना जिससे प्रदेश की कृषि उत्पादन में वृद्धि और किसानों की आय में भी सुधार हुआ है। इन सभी विकास परियोजनाओं के माध्यम से योगीजी ने सिद्ध कर दिया कि जिस प्रदेश का अन्नदाता खुशहाल है उस प्रदेश का आम जनमानस भी खुशहाल रहता है। योगी सरकार ने राज्य में युवाओं के लिए उद्यमि योजना और मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के माध्यम से युवाओं को देश व प्रदेश की अर्थव्यवस्था की प्रगति में सीधे जोड़ने का काम किया है।अर्थात मैं ये कह सकती हूं कि जिस प्रकार सूर्य अपने सर्वत्र प्रकाश से संपूर्ण धरा के कोने कोने को जीवन प्रदान करता है ठीक उसी प्रकार योगी जी की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश के हर विषय वर्ग व क्षेत्र में प्रगति करने का कार्य किया है। लेकिन एक महिला के रूप में मैने योगीजी के इन आठ वर्षों के कार्यकाल में वो महसूस किया जो शायद एक राजा के राज्य में महसूस करती। उत्तरप्रदेश की आधी जनसंख्या जो कि हम महिलाओं की है जिन्हें 2017 से पहले की सरकारें सिर्फ पुरुषों पर निर्भर मतदाताओं की श्रेणी में रखती थी। लेकिन 2017 के बाद योगीजी सरकार ने हम महिलाओं को अनेक योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की प्रगति व समाज से सीधे तौर पर जोड़ने का काम किया।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट है गंभीर मुद्दा

**निर्मल रानी**

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा इस्तेमाल करने के कारण 100 से अधिक लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गये। नवरात्रि के व्रत रखने वाले इन व्रत धारियों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जिस समय राजधानी देहरादून में यह विषाक्त आटा बेचा जा रहा था और लोग इसे खरीद रहे थे ठीक उसी समय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून,हरिद्वार,उधम सिंह नगर व नैनीताल जिलों में अनेक शहरों व कस्बों के प्राचीन नाम बदलने में व्यस्त थे। इसे संयोग कहें या प्रयोग कि ईद के दिन जब मुसलमानों को कोई सौगात दिया जाना चाहिये था ठीक उसी दिन मुख्यमंत्री धामी मुगल काल या ब्रिटिशकाल में रखे गये या उर्दू फारसी भाषा के नामों को बदलकर अपने संस्कारित दूरगामी एजेंडे को लागू कर रहे थे और उसी समय बड़े गर्व से नाम बदलने की अपनी इस कवायद को जनभावनाओं के मद्देनजर और भारतीय संस्कृति और विरासत के अनुरूप बता रहे थे। धामी ने खानपुर,मुहम्मदपुर व नवाबी रोड जैसे नामों को भी बदल डाला। बहरहाल,कथित तौर पर जिन लोगों की भावनाओं के मद्देनजर मुख्यमंत्री धामी नाम बदल रहे थे उसी समय वही उत्तराखंड निवासी देहरादून में सरे आम बिक रहा जहरीला कुट्टू का आटा खाने के लिये मजबूर थे। साफ है कि सरकार की प्राथमिकताओं में शुद्ध,स्वच्छ व पौष्टिक खाद्य सामग्री की बिक्री सुनिश्चित करना नहीं बल्कि नफरती एजेंडे को लागू करना था।

# बघेली गीत संग्रह माटी के गीत का हुआ विमोचन सम्मानित हुए साहित्यकार व शिक्षाविद्



**समय जगत, रीवा।** बघेली लोकमाटी पर आधारित गीत संग्रह जिसकी परिकल्पना कोविड के समय साहित्यकार शिक्षाविद् डॉ आचार्य हीरेन्द्र गौतम विद्यासागर व टीवी फेम कवि आशीष तिवारी निर्मल लालगांव के द्वारा की गई थी उसे मूर्त रूप देने में लगभग 3 से 4 साल का समय लगा लेकिन अब वह गीत संग्रह सभी पाठकों के लिए उपलब्ध है। ज्ञात हो कि लोक माटी बघेली पर आधारित गीत संग्रह % माटी के गीत% का विमोचन 30 मार्च 2025 को नवोदय पब्लिक स्कूल अमवा रीवा के प्रांगण में हुआ । श्री दरबार फाउंडेशन दिल्ली व नवोदय पब्लिक स्कूल रीवा के उक्त आयोजन व संयोजन में 30 मार्च को दोपहर 3 बजे से दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ।मुख्य अतिथि साहित्यकार शिक्षाविद् डॉ हीरेन्द्र गौतम विद्यासागर रहे वहीं अध्यक्षता धीरेन्द्र द्विवेदी सेवा निवृत्त प्राचार्य ने की विशेष सानिध्य गणेश प्रसाद द्विवेदी व डा राजकुमार पाण्डेय अध्यक्ष श्री दरबार फाउंडेशन दिल्ली का रहा। आए हुए अतिथियों का स्वागत पुष्प वर्षा माल्यार्पण व गजमाला व शाल श्रीफल से नवोदय पब्लिक स्कूल अमवा रीवा के रावेन्द्र द्विवेदी, पंकज उपाध्याय व प्रीतू सिंह ने किया। इस दौरान लगभग इक्यावन शिक्षकों राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान एवं साहित्यकारों को साहित्य श्री काव्य सम्मान राष्ट्रीय विद्याभूषण सम्मान सहित नवोदय शिक्षा गौरव सम्मान वैदिक श्री सम्मान एवं मंचीय संचालन हेतु देश का राष्ट्रीय सम्मान स्तुति घोष सम्मान कवि आशीष तिवारी निर्मल लालगांव को दिया गया। इस दौरान हजारों हजार की संख्या में उपस्थित महनीय श्रोताओं की उपस्थिति रही।

# सैनिक स्कूल रीवा में एनसीसी का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू



**समय जगत, रीवा।** सैनिक स्कूल रीवा में एनसीसी कावार्षिक प्रशिक्षण शिविर-शौर्य संग्राम (बैटल ऑफ़ ब्रेवरी)का आयोजनदिनांक 2अप्रैल 2025 से दिनांक 11 अप्रैल 2025तक सैनिक स्कूल रीवा के परेड ग्राउंड में हो रहा है। इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सैनिक स्कूल रीवा के 156 कैडेट हिस्सा ले रहे हैं।इस शिविर के उद्घाटन समारोह में सैनिक स्कूल रीवा के प्राचार्य , कर्नल अविनाश रावल ने इस कैंप का उद्घाटन किया और बच्चों को आने वाले 10 दिनों की एनसीसी ट्रेनिंग के दौरान बड़े जोश,जज्बे और जुनून के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसी उपलक्ष्य में इण्डेप कॉय एन सी सी, सैनिक स्कूल रीवा के कमान अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार ने कैंप में होने वाली गतिविधियों, मैप रीडिंग, फायरिंग, ड्रिल, क्रीड़ा ,जमीनी कला एवं युद्ध कला आदि को अच्छे से सीखने पर बल दिया। कैंप में साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य का ध्यान रखने की हिदायत देते कैंप को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कैंप में सभी ए एन ओ और पी आई स्टॉफ भी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### बघेल की सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**समय जगत, रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा में पदस्थ सहायक ग्रेड तीन श्री सुरेन्द्र सिंह बघेल की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन दिनांक 02.04.2025 को नगर निगम महापौर कक्ष में किया गया। श्री बघेल की अर्धवार्षिकी सेवा 31.03.2025 को पूरी होने पर नगर निगम महापौर श्री अजय मिश्रा ''बाबा'' द्वारा विदाई समारोह कार्यक्रम में शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया एवं उनके कार्यकाल की सराहना करते हुये, उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही समारोह में शामिल लोगों द्वारा आभार व्यक्त करते हुये उनके सफल जीवन की कामना की गई।

### अतिक्रमण के खिलाफ की जा रही कार्यवाही

**रीवा।** शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 02.04.2025 को नये बस स्टैंड के सामने से निरंजन मेडिकल के सामने तक एवं नेहरू नगर मोड़ के आसपास से रोड़ पटरी खाली कराने के साथ ही समझाइस दी गई कि दुबारा पाये जाने पर चलानी के साथ जप्ती की भी कार्यवाही की जावेगी। एवं इसी प्रकार माडल रोड़ से अवैध बैनर पोस्टर हटाने की कार्रवाई की गई। साथ ही कोठी कम्पाउण्ड के आसपास ठेला गुमटी हटाने की कार्रवाई एवं अस्पताल चौक से धोबिया टंकी तक अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ अतिक्रमण सहायक व अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

### दशपुरवा शिव मंदिर में श्री रामचरितमानस पाठ एवं मानस प्रवचन का आयोजन



**समय जगत, रीवा।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शिव मंदिर दशपुरवा में 5 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होकर 6 अप्रैल 2025 को राम चरित मानस का पारायण सम्पन्न होने के उपरांत दोपहर 2 बजे से श्री सौरभ कृष्ण जी महाराज के मुखारविंद से रामनवमी के अवसर पर राम कथा की सरिता का प्रवाह होना सुनिश्चित हुआ है अत: आप सभी धर्मानुरागी जनों से सादर निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा उपस्थिति के साथ श्री राम कथा के सुधा सरिता का परमानंद प्राप्त कर जीवन सार्थक बनाएद्य 5 अप्रैल को शाम 6 बजे से लक्ष्मी एवम् आरती शुक्ला बहनें अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी जो विशेष रूप से आमंत्रित की गई हैं द्य सार्वजनिक कार्यक्रम में सभी श्रद्धालुओं को आयोजक मंडल द्वारा आमंत्रित किया गया है।

### रीवा जोन में कानून-व्यवस्था की समीक्षा, आईजी गौरव राजपूत ने दिए कड़े निर्देश



**समय जगत, रीवा।** जोन में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) श्री गौरव राजपूत ने रीवा जोन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों (एएसपी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। आईजी गौरव राजपूत ने रात्रि गश्त को अनिवार्य करते हुए निर्देश दिए कि पुलिस बल संवेदनशील क्षेत्रों में शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक नियमित गश्त करेगा। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने और गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान एएसपी की उपस्थिति अनिवार्य होगी ताकि जनता की शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जा सके। माइक्रो बीट सिस्टम का सख्ती से पालन करने, मादक पदार्थों की तस्करी पर कठोर कार्रवाई करने और स्कूल-कॉलेजों के आसपास सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए।सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर प्रभावी उपाय लागू किए जाएंगे। ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए सख्ती बरती जाएगी। साइबर क्राइम, महिला अपराध और अन्य गंभीर अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष टीमों का गठन किया जाएगा। आईजी गौरव राजपूत राजपूत ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए इन निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, जिससे अपराधों पर अंकुश लगे और जनता में सुरक्षा की भावना विकसित हो।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई निषादराज की जयंती

**समय जगत, खिरकिया।** हरदा जिले की तहसीलों व जिले मे निषादराज जयंती मनाई गई। कहार समाज ने धर्मशाला मे भगवान राम सखा निषादराज की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम मे जुगलकिशोर अंडारिया व माखनलाल घाघरे की अध्यक्षता मे कार्यक्रम संपन्न हुआ। कहार समाज अध्यक्ष के दिनेश चंदेवा ने समाज को संवोधित करते हुऐ कहा कि हमारी समाज के अराध्य भगवान राम सखा निषादराज के जिवन पर प्रकाश डालते हुऐ संबोधित किया। कहार महासंघ के संभाग अध्यक्ष विजेश राजगिरे मछवारा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दिपक बिवरिया,फिसर मेन कांग्रेस प्रदेश कोषाध्यक्ष बंटी वर्मा ने संबोधित करते हुए समाज के महापुरुषों के बारे जानकारी दी । कहार महासंघ सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों व सभी सामाजिक लोगों कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम भगवान निषादराज की जयंती पर एक दिन का शासकीय अवकाश घोषित करने हेतू कलेक्टर आदित्य सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के संगठन मंत्री राकेश ढोले,संभागीय अध्यक्ष विजेश राजगिरे,जिला उपाध्यक्ष सुरज वावने,तहसील अध्यक्ष मोती सारदे, लक्ष्मीनारायण विवरे,देवराम वावने, श्याम भामदरे आदि मौजूद रहे।

## राणा सांगा के विरुद्ध की गई थी अभद्र टिप्पणी

# करणी सेना ने राज्यसभा सांसद रामलाल सुमन का किया पुतला दहन



**रीवा।** समाजवादी पार्टी के राज्य सभा सदस्य रामलाल सुमन के द्वारा विगत दिनों राज्य सभा में क्षत्रिय समाज के महान पुरुष राणा सांगा के विरुद्ध की गई अभद्र टिप्पणी पर क्षत्रिय समाज दुःखी, पीड़ित एवं आक्रोषित है जिसको लेकर पूरे देश में श्रीराजपूत करणी सेना के द्वारा राज्य सभा सांसद रामलाल सुमन का पुतला दहन एवं प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज करा रहा है उसी कड़ी में रीवा में भी श्रीराजपूत करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने शिल्पी प्लाजा रीवा के समक्ष रामलाल सुमन का पुतला दहन कर अपना विरोध प्रकट किया। श्रीराजपूत करणी सेना के जिला इकाई अध्यक्ष भाष्कर सिंह चंदेल 'मोनू' ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राज्य सभा सांसद ने सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने के लिए राणा सांगा का अपमान किया है जिसे वरदास्त नहीं किया जायेगा आने वाले दिनों में यदि वो माफी नहीं मागते हैं तो पूरे देश में उग्र आन्दोलन किया जायेगा। पुतला दहन के समय संभाग अध्यक्ष प्रशान्त सिंह, जिलाध्यक्ष मऊगंज रवीन्द्र सिंह सेंगर, अंशू सिंह 'डी.के.', आनन्द सिंह परिहार, गोल्डी सिंह भाठी, आशीष सिंह चौहान देवरी, गोलू सिंह, रीवा शहर कार्यकारी अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, संभाग उपाध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सूरज सिंह बघेल, जिला उपाध्यक्ष ग्रामीण प्रभाकर सिंह गुड्डू, संभाग प्रभारी अमर सिंह परिहार, सेमरिया विधानसभा अध्यक्ष धरणीष सिंह, मन्नू सिंह गिरवार, ज्ञानेन्द्र सिंह वैस गिरवार, रोहित सिंह परिहार, मनोज सिंह परिहार, दीपक सिंह गहरवार, अंकित सिंह परिहार, अतुल सिंह परिहार, मानवेन्द्र सिंह गहरवार, अमर सिंह बघेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गुढ़ गैंग रेप के सभी आरोपी रहेंगे आखिरी सांस तक जेल में

**रीवा।** जिला न्यायालय से जहां गुढ़ गैंगरेप कांड के आरोपियों को लेकर बड़ा फैसला आया है यहां न्यायाधीश द्वारा वारदात में शामिल सभी आरोपियों को ता उम्र की सजा सुनाई गई है साथ ही सभी आरोपियों पर अर्थ दंड भी लगाया गया है।हम आपको बता दें रीवा जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भैरव बाबा मंदिर के समीप पहाड़ में पिकनिक मनाने गए नव दंपति से आठ की संख्या में आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म की वारदात की थी इतना ही नहीं वारदात की वीडियो भी वायरल किया था मामला पुलिस के संज्ञान में आने के बाद एसपी विवेक सिंह के निर्देश पर डीएसपी मुख्यालय हिमाली पाठक ने तत्काल गुढ़ थाना प्रभारी शैल यादव के साथ मिलकर सभी आरोपियों को राउंडअप किया था और साइबर सेल सहित फॉरेंसिक टीम की मदद से वारदात से जुड़े सभी साक्ष्य एकत्रित किए थे इसके बाद महज 5 माह की सुनवाई के दौरान ही जिला न्यायालय रीवा से आरोपियों के विरुद्ध यह बड़ा फैसला आया है जिसमें जिला न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा सभी आरोपियों को ता उम्र यानी जीवन के आखिरी सांस तक की सजा सुनाई गई है साथ ही अर्थ दंड से भी दंडित किया है ।

# रिश्वत मांगने वाले रोजगार सहायक पर गिरी गाज, सेवा से तत्काल बर्खास्त



**रायसेन।** प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले ग्राम रोजगार सहायक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। जिला पंचायत रायसेन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदोरिया ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी रोजगार सहायक को तत्काल प्रभाव से सेवा से हटा दिया है।

**क्या है मामला?:** यह घटना ग्राम पंचायत हिनौतीया खासला की है, जहां रोजगार सहायक रुकमणी पटेल पर आरोप था कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत कराने के लिए 25,000 रुपये की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने शौचालय निर्माण की राशि के लिए भी 3,000 रुपये की मांग की थी, जिससे कुल 28,000 रुपये रिश्वत लेने की बात सामने आई।

**शिकायत के बाद हुई बड़ी कार्रवाई:** शिकायतकर्ता ने इस भ्रष्टाचार की शिकायत 26 मार्च 2025 को दर्ज कराई थी। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद 28 मार्च 2025 को उच्च अधिकारियों ने मामले की समीक्षा की। आरोपों की पुष्टि होने के बाद ग्राम रोजगार सहायक को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। साथ ही, उनके पति लक्ष्मण सिंह गुर्जर, जो प्राथमिक शिक्षक हैं, को भी निलंबित कर दिया गया है।

**प्रशासन का सख्त रुख:** प्रशासन ने साफ किया कि सरकारी राशि का गबन, नैतिक पतन और गंभीर अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्रवाई से अन्य सरकारी कर्मचारियों को भी चेतावनी दी गई है कि भ्रष्टाचार करने पर उन्हें भी सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

**पीड़ितों को मिलेगा न्याय:** मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने यह भी आश्वस्त किया है कि भ्रष्टाचार पीड़ित लाभार्थियों को उनके हक की पूरी राशि जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचे।

# दीनदयाल मंडल की कार्यसमिति घोषित, नए पुराने कार्यकर्ताओं को मिला अवसर

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल मंडल के अध्यक्ष शिवम द्विवेदी ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता की सहमत से 61 सदस्य मंडल कार्य समिति की घोषणा की है भाजपा कार्यालय में पार्टी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता को कार्य समिति की सूची सौंफीइस अवसर पर जिला प्रभारी शशांक श्रीवास्तव वरिष्ठ नेता कमलेश्वर सिंह प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र पांडे प्रज्ञा त्रिपाठी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे मनीष पाठक योगेंद्र शुक्ला सहित पार्टी के नेता उपस्थित रहे मंडल उपाध्यक्ष के रूप में श्रीमती वीणा शुक्ला साधना पटेल आशुतोष शुक्ला मनोज पटेल सी पी सेन स्वयं पांडे महामंत्री राजकुमार जायसवाल राजा राम बुनकर मंत्री सुधा तिवारी निहारिका सिंह पूनम कोरी प्रदीप पांडे अमरेश पांडे किसन मिश्रा कोषाध्यक्ष मोहित गुप्ता कार्यालय मंत्री सुनील अग्रवाल सह कार्यालय मंत्री अर्जुन सिंह चौहान मीडिया प्रभारी अनूप सोनी सोशल मीडिया प्रभारी राहुल सिंह वही कार्य समिति सदस्य के रूप में सूर्य प्रताप सिंह रामनारायण पांडे संजीव शुक्ला संतोष शुक्ला रामराज पटेल देवचरण शुक्ला शैलेंद्र सिंह सतीश सिंह प्रकाश श्रीवास्तव अंबुज रजक नितिन चतुर्वेदी विकास पटेल सुभाष सोनी दीपक मिश्रा हरिहर सेन दीपक वाधवानी मुकेशवाजपेई अनुराग चतुर्वेदी रूपेश मिश्रा नीरज शुक्ला रमाशंकर साहू सूर्यनारायण मिश्रा बृजेंद्र पाठक थानेश्वर सिंह राजेश साकेत विशाल कोल भानुमति पटेल विमल सिंह उर्मिला द्विवेदी सुनीता भार्गव मुक्ति राय पूजा सिंह अमित सिंह अर्चना मिश्रा पांडे अंजू गुप्ता नेहा सिंह सविता चौधरी दीपक रजक पार्वती कनौजिया बनाए गए।

### महसाव स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव मुख्य अतिथि रहे एसडीएम

**गुढ़ (नि.प्र)।** गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महसाव में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के तौर पर एस डी एम डॉ. अनुराग तिवारी रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजकुमार सिंह रहे।उक्त अवसर पर नए प्रवेशार्थी का स्वागत किया गया साथ ही पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वीणा पटेल, अर्चना सिंह, राजेश सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में स्कूल का स्टाफ और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## लाखों रुपए के कर्ज के बोझ तले दबा था मृतक राकेश का परिवार

# गुजरात पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में खातेगांव तहसील के 10 लोगों की मौत



विधायक शर्मा, पीड़ित परिजनों को सांत्वना देते हुए

**राकेश अजमेरा, खातेगाँव, देवास।** गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री मे आग लगने से 18 मजदूरों की मौत हो गई है, जिसमे 10 मजदूर खातेगांव के ग्राम संदलपुर निवासी है, जिनकी दर्दनाक मौत हो गई, इस घटना में 4 मासूम बच्चे भी शामिल है। जिनकी फैक्ट्री मे आग लगने से मौत हो गई। वही खबर मिलते हीं पीड़ित मृतकों के परिजनों से खातेगांव विधायक आशीष शर्मा भी मिलने पहुंचे ओर दुःख जताया। व परिवार को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। वहीं विधायक शर्मा ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान, एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से दूरभाष पर चर्चा की। इधर मृतक लखन के फूफाजी भगवान पिता भेरूलाल नायक ने बताया कि जितने भी मृतक हे सभी एक ही परिवार के है, आज से करीब 6 महीने पहले तक सभी संदलपुर में ही रहकर कुकर सुधारने और मजदूरी किया करते थे, मृतक शायर बाई के बेटे की शादी एवं मकान बनाने एवं पति के दशकर्म आदि कार्यों की वजह से लाखों रुपए का कर्ज हो गया था वहीं मृतक राकेश का परिवार भी आर्थिक परेशानी से जूझ रहा था, ग्राम हंडिया जिला हरदा निवासी गुड्डी बाई जो कि इनकी रिश्तेदार थी वह ओर उसका परिवार पहले से ही पटाखे बनाने का काम करते थे, मृतक शायर बाई अपनी लड़की राधा को लेकर गुड्डी बाई के साथ करीब डेढ़ महीने पहले गुजरात पटाखा फैक्ट्री में काम करने गई फिर होली के त्यौहार पर वह वापस संदलपुर लौट आई, पटाखा बनाने के लिए इन्हें एक हजार पटाखे बनाने पर पांच सो रुपए की कमाई होती थी, आर्थिक परेशानी और कर्ज के बोझ तले दबा संदलपुर का भोपा परिवार 22 या 23 मार्च के आस पास हाटपीपल्या से दस किलोमीटर आगे देवगढ़ पर स्थित किसी फाटका फैक्ट्री में काम करने के लिए गए वहां पर ये लोग किसी महिला के संपर्क में आए उस महिला ने इन्हें ज्यादा मजदूरी दिलाने का बोलकर गुजरात चलने कों कहा फिर ये सभी 28 मार्च को गुजरात के लिए निकल गए, संदलपुर के 8 लोग 4 दिनों पहले पहली बार ही गुजरात गए थे, ओर ये हादसा हो गया। जिसमे दस लोगों कि मौत हो गयी।

वहीं संदलपुर पहुंचे विधायक ने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री मोहन यादव से बात हुई हे एवं पूर्व मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी गुजरात के मुख्यमंत्री से चर्चा कि हे जिसके परिणाम स्वरूप मृतकों के शव संदलपुर लाएं जा रहे है। विधायक ने बताया कि मृतकों के परिवार को गुजरात सरकार कि तरफ से 4 लाख एवं मध्यप्रदेश सरकार कि तरफ से 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है साथ ही जिला प्रशाशन ने अंत्येष्टि के लिए 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता ग्राम पंचायत को उपलब्ध करवाई जायेगी। वहीं ग्राम संदलपुर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने मृतकों के परिवार को भोजन आदि की व्यवस्थ में जुटा हुआ है। वहीं परिवार सहित पूरे गाँव मे मौत का मातम छाया हुआ है, देवास जिला प्रशासन मंगलवार को ही बनासकांठा (गुजरात) के लिए रवाना हो गया है, वहीं मृतको के शव बुधवार रात तक पैतृक गाँव आने की संभावना है। मृतकों का विवरण इस प्रकार है। लखन पिता गंगाराम भोपा उम्र 24 वर्ष, सुनीता पति लखन भोपा उम्र 20 वर्ष, केशरबाई पत्नि गंगाराम भोपा उम्र 50 वर्ष, राधा पिता गंगाराम भोपा उम्र 11 वर्ष, रुकमा पिता गंगाराम भोपा उम्र 8 वर्ष, अभिषेक पिता गंगाराम भोपा उम्र 5 वर्ष, राकेश पिता बाबूलाल भोपा उम्र 30 वर्ष, लाली पति राकेश भोपा उम्र 25 वर्ष, किरण पिता राकेश भोपा उम्र 5 वर्ष हैं। देवास जिले से इन मजदूरों के साथ गए ठेकेदार पंकज अभी लापता है।

# रामनई स्कूल में प्रवेशोत्सव



**गुढ़ (नि.प्र)।** गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामनई स्थित हॉयर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेशोत्सव का आयोजन गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।उक्त अवसर पर नए प्रवेशार्थी छात्रों का स्वागत पुष्प वर्षा से किया गया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रतिभा सरभाई उपस्थित रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ट समाजसेवी व्याघ्रदेव सिंह ने की।कार्यक्रम में कई छात्रों को नया प्रवेश दिया गया साथ पाठ्य पुस्तकों का वितरण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।उक्त अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ सहित तीन सौ की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# स्कूल चलो रैली निकाल प्रवेश के लिये अभिभावकों को किया प्रेरित




**समय जगत, महोबा।** नवीन शिक्षण सत्र शुरू होते ही पं0 दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इण्टर कालेज के छात्र छात्राओ ने प्रभारी प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत जन जागरूकता रैली निकाली गयी। इस दौरान छात्र छात्राओ ने अपने सहपाठियों को सरकारी स्कूलो मे प्रवेश लेकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।

ज्ञातव्य हो कि नवीन शिक्षण सत्र 1 अप्रैल 2025 से शुरू हो गया है। शासन प्रशासन द्वारा सरकारी विद्यालयों मे अधिक से अधिक बच्चो के प्रवेश कराने के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर जन सम्पर्क एवं जागरूकता रैली निकालकर अभिभावकों को प्रेरित करने के लिये अभियान चलाने के लिए आदेशित किया गया है। शासन और जिला विद्यालय निरीक्षण महोबा के निर्देशानुसार पं0 दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इण्टर कालेज रिवई चरखारी महोबा के प्रभारी प्रधानाचार्य नरेन्द्र के दिशा निर्देशन मे छात्र छात्राओं ने स्कूल चलो जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान छात्र छात्राएं बच्चो के प्रवेश सरकारी स्कूलों मे कराये जाने हेतु प्रेरित करने वाले नारे लगाते हुए चल रहे थे। प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह ने बताया कि उनके द्वारा छात्र छात्राओं की जहॉ जन जागरूकता रैली निकाल कर लोगो को माडल इण्टर कालेज मे कक्षा नौ मे अपने बच्चो के प्रवेश कराने के लिये प्रेरित किया गया वही अपने स्टाफ के साथ ग्राम रिवई, काकुन, कीरतपुरा, जतौरा, संतोषपुरा एवं पंचमपुरा सहित आसपास के नजदीकी ग्रामों मे जाकर लोगो को विद्यालय की खूबियां बताकर एवं शासन द्वारा छात्र छात्राओं के लिये संचालित की जा रही सुविधाओं के बारे मे बताकर जागरूक किया जा रहा है। बताया कि माडल इण्टर कालेज मे प्राईवेट विद्यालयो से बेहतर शिक्षण व्यवस्था हेतु शिक्षित और योग्य शिक्षको के साथ आधुनिक सुविधाओं से युक्त शिक्षण व्यवस्था का माहौल तैयार किया गया है। बच्चो को शिक्षा के साथ शारीरिक विकास एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ सामाजिक एवं रचनात्मक और बौद्धिक विकास के लिये शिक्षकों द्वारा हर सम्भव प्रयास किये जा रहे है। स्कूल चलो रैली और जनसम्पर्क के दौरान प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह, शिक्षक अमित मिश्रा, शुभम त्रिपाठी, कुलदीप सिंह, रंजीत कुमार, आशीष कुमार, दिलीप कुमार, आजाद सिंह यादव, मंजीत सिंह, पदीप कुमार, अनुज मिश्रा सहित अन्य स्टाप मौजूद रहा।

# प्राथमिक विद्यालय कठवारिया में शारदा संगोष्ठी एवं नवीन प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**कुलपहाड़/महोबा।** नवीन प्राथमिक विद्यालय कठवारिया कुलपहाड़ में शारदा संगोष्ठी, वार्षिकोत्सव एवं नवीन प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां देकर सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा पॉच उत्तीर्ण हुए छात्रों को पुष्पमाला पहनाकर उन्हें उपहार स्वरूप लंच बॉक्स वितरित करते हुए उन्हें विदाई दी गयी। लंच बॉक्स पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे वहीं दूसरी ओर कक्षा एक में नामांकित हुए नए छात्रों का रोली से तिलक करके पुष्प माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। सभी नवांगतुक छात्रों को कॉपी और पेन देकर उनका मनोबल बढ़ाया।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीलू गुप्ता ने कार्यक्रम में सम्मिलित अभिभावकों को अधिक से अधिक नामांकन करवाने के लिए प्रेरित किया। उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा को लेकर दर्जनों कार्यक्रम को आयोजित कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि सभी छात्रों को निशुल्क और बेहतर शिक्षा मिल सके। इसके लिए सरकार द्वारा कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। विद्यालय मैं तैनात प्रधानाध्यापिका नीलू गुप्ता ने बताया कि उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा विद्यालय में छात्रों के बैठने लिए बेहतर फर्नीचर, पंखे विद्युत हेतु सोलर लाइट की व्यवस्था की गई है। कक्षाओं को अत्याधुनिक बनाने के लिए डिजिटल टीवी की लगाई गई है। छात्रों की सुरक्षा के लिए नगर पंचायत द्वारा पूरे विद्यालय को सीसीटीवी से लैस किया गया है। सरकार छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क मध्यान्ह भोजन व निःशुल्क किताबे वितरित करा रही है। ठंडे पानी के लिए विद्यालय में वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। छोटे बच्चों के मनोरंजन के लिए विद्यालय में झूले लगाए गए है अनुभवी अध्यापकों द्वारा बच्चो को शिक्षा दी जा रही है। अंत मे सभी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान आदि वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका नीलू गुप्ता, सहायक अध्यापिका जेबा अंसारी, सहायक अध्यापक विमल कुमार व शिक्षामित्र आरती देवी सहित अभिभावक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सार्वजनिक स्थलों पर नगर पालिका ने खोले प्याऊ




**समय जगत, महोबा।** गर्मी के दस्तक देते ही नगर पालिका द्वारा राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ (पौशाला) का संचालन प्रारम्भ कर दिया है, जिनके माध्यम से राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद मुख्यालय में नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा शुरूआत में आधा दर्जन प्याऊ प्रारम्भ कर दिये गये हैं। श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए नगर के बड़ी चन्द्रिका मंदिर एवं आम जनमानस एवं राहगीरों की सुविधा हेतु नवीन प्राइवेट बस स्टैंण्ड, रोडवेज बस स्टैंण्ड, जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय एवं सुभाष चौक में प्याऊ प्रारम्भ किये गये हैं। संचालित किये गये प्याऊ के माध्यम से राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आवश्यकता पड़ने पर नगर के अन्य सार्वजनिक स्थलों में और भी प्याऊ प्रारम्भ किये गये जायेगें। ईओ ने आश्वस्त करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में भी नगर पालिका राहगीरों को शीतल पेयजल सुलभ करायेगी। नगर पालिका द्वारा संचालित किये जा रहे प्याऊ से राहगीरों को काफी राहत मिल रही है।

### बच्चों की विदाई पर शिक्षक - शिक्षिका हुए भावुक




**समय जगत, मौदहा/ हमीरपुर।** नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय पूर्वी तरौस, मौदहा में कक्षा पांच के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह शारदा संगोष्ठी व वार्षिक उत्सव सम्पन्न हुआ। इस मौके पर सभासद ने बच्चों को उपहार वितरित कर उनका प्रोत्साहन किया। बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कस्बा स्थित प्राथमिक विद्यालय पूर्वी तरौस मौदहा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक नेहा गुप्ता व सहायक अध्यापक देव शक्ति ने शारदा संगोष्ठी, वार्षिक उत्सव व कक्षा पांच के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया, जिसमें सभासद आरिफ चौधरी ने कक्षा पांच के बच्चों सहित अन्य बच्चों को उपहार बाँट कर उनको प्रोत्साहित करने का काम किया, तथा सभासद ने कहा कि ये बच्चे देश के भविष्य हैं, और आगे चलकर विभिन्न पदों में बैठकर देश की सेवा करेंगे। उन्होंने बच्चों से कहा कि खूब मेहनत करो, पढ़ो और आगे बढ़कर देश का नाम रोशन करो। इस मौके पर अरमान, आरती, श्रेया, रहमान, आफ़ान बाबू, ज्योति, रश्मि तथा अन्य बच्चे मौजूद रहे।

### बैंकों सहित भीड़भाड़ वाले इलाके में चलाया सघन चेकिंग अभियान

**समय जगत, मौदहा/ हमीरपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक, राजेश एस. और पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी मौदहा विनीता पहल ने कस्बे के बैंकों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस द्वारा चलाए गएअभियान के तहत पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की। बैंक परिसर, एटीएम के साथ अन्य संवेदनशील स्थानो पर सुरक्षा का जायजा लिया गया। और मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही आपात स्थिति में डायल 112 का उपयोग करने की बात कही। चेकिंग के दौरान पुलिस ने आमजन को बैंकिंग धोखाधड़ी, साइबर अपराध और संदिग्ध गतिविधियों से सतर्क रहने की सलाह दी। अधिकारियों ने बैंक कर्मियों और सुरक्षा गार्डों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए और सुनिश्चित किया कि सभी सीसीटीवी कैमरे सही तरीके से कार्य कर रहे हों।इस दौरान उनके साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### विवाहिता ने ससुरालियों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**समय जगत, सुमेरपुर/ हमीरपुर।** बांक गांव निवासी एक नवविवाहिता ने पति, सास, ससुर, देवर पर दहेज के लिए प्रताड़ित करके मारपीट करके धमकी दी है कि अगर मांग पूरी नहीं हुई तो उसे नहीं रखेंगे। पुलिस ने नवविवाहिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। बांक गांव निवासी निर्मल सिंह उर्फ निर्मला ने थाने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उसके पिता शिवकरन सिंह ने उसकी शादी 6 में 2023 को जालौन जनपद के ऐंर गांव निवासी हरिश्चंद्र के साथ की थी। शादी के बाद पति हरिश्चंद्र, सांस विनोद कुमारी, ससुर कैलाश, देवर बाबी दहेज में 5 लाख एवं चार पहिया गाड़ी की मांग करके प्रताडित करने लगे थे। विगत दिनों उसे जमकर मारा पीटा और कहा कि मांग पूरी नहीं हुई तो साथ नहीं रखेंगे। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति, सास, ससुर, देवर के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# प्रशासन की ढिलाई से पुकारी का भ्रष्ट प्रधान पत्रकारों के विरुद्ध रच रहा षड्यंत्र

**बांदा।** विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार करने वाले कुछ ग्राम प्रधान अब मीडिया के बारे में न केवल अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं बल्कि पत्रकारों के खिलाफ पुलिस से मनगढ़न्त शिकायतें करने व अन्य प्रकार के षड़यंत्र रचने की उधेड़बुन में भी लगे हुए हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के नरैनी ब्लाक की ग्राम पंचायत पुकारी के प्रधान विजय मिश्रा द्वारा उन पत्रकारों के खिलाफ उपरोक्त प्रकार के षड़यंत्र रचे जा रहे हैं जिन पत्रकारों द्वारा इस प्रधान के भ्रष्टाचार को उजागर किया जा रहा है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों ग्राम पंचायत पुकारी में गौशाला, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा आदि सरकारी योजनाओं में तथा निर्माण कार्यों में प्रधान और पंचायत सचिव द्वारा किए जा रहे घपलों का पर्दाफाश अनेक पत्रकारों ने किया था जिसकी जांच पड़ताल करके मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में जिला विकास अधिकारी द्वारा पंचायत सचिव विनय यादव को निलम्बित किया जा चुका है जबकि कथित भ्रष्ट प्रधान विजय मिश्रा के विरुद्ध कार्यवाही लम्बित है। इसी सिलसिले में अनेक प्रत्रकार लगातार ख़बरों का प्रकाशन करके जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे पुकारी प्रधान विजय मिश्रा के विरुद्ध भी दण्डनीय कार्रवाई करने की जनता की आवाज को बुलन्द कर रहे हैं,इसी के साथ ही अनेक सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता भी प्रधान को निलंबित करके उच्च स्तरीय जांच करने के लिए जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं जिसके कारण प्रधान बौखलाहट में पत्रकारों के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी व पुलिस से मनगढ़न्त शिकायतें करने आदि षड़यंत्रकारी कारगुजारियों में लिप्त है जिससे यह साबित हो जाता है कि कतिपय जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा प्रधान विजय मिश्रा के विरुद्ध दण्डनीय कार्रवाई नहीं किए जाने से उसके हौसले किस कदर बढ़े हुए हैं!

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को रौंदा, मामा-भांजे की दर्दनाक मौत

**महोबा।** जिले के चरखारी कोतवाली क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार तीन लोगों को भीषण टक्कर मार दी, जिससे दो मामा-भांजे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन साल की मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हृदयविदारक घटना चरखारी के गुढ़ा गांव के पास घटित हुई है। जब 66 वर्षीय चंदन अपने भांजे घनश्याम और उसकी तीन वर्षीय बेटी अवनी के साथ बिलखी गांव से तेरहीं कार्यक्रम से लौट रहे थे। जैसे ही वे गुढ़ा गांव के पास पहुंचे, अचानक एक तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस भयानक हादसे में घनश्याम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चंदन और मासूम अवनी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। इलाज के दौरान चंदन ने भी दम तोड़ दिया, जबकि मासूम अवनी की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे झांसी रेफर कर दिया। एक ही परिवार के दो सदस्यों की असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## जिलाधिकारी श्री मीना ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई



**समय जगत हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 64 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# परिवहन विभाग की मेहनत लाई रंग, विभाग ने गत वर्ष से 115 प्रतिशत अधिक राजस्व किया अर्जित

**विजय शर्मा धौलपुर।** परिवहन विभाग ने इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 के राजस्व लक्ष्य के विरुद्ध समस्त फील्ड स्टाफ एवं कार्यालय स्टाफ की कड़ी मेहनत की वजह से एवं सख्त प्रवर्तन कार्यवाही कर 149 करोड़ राजस्व का अर्जन किया है, जो कि गत वर्ष की तुलना में 115 प्रतिशत है। साथ ही सख्त प्रवर्तन कार्यवाही कर इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 की तुलना में 14 करोड़ प्रशमन राशि के विरुद्ध 20 करोड़ प्रशमन राशि अर्जित की जो कि गत वर्ष से 138 प्रतिशत है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि मार्च 2025 में बिना कर चुकाए वाहनों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की वजह से जिले में अब तक का सबसे अधिक कर 16 हजार 800 वाहनों से 50 करोड़ प्राप्त किया, जो कि गत वर्ष 14 हजार 800 वाहनों से 37 करोड़ था, जो कि गत वर्ष का 135 प्रतिशत है। साथ ही मार्च 2025 में कुल 59 करोड राजस्व अर्जित किया गया जो कि गत वर्ष का 126 प्रतिशत है। विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जिले के नागरिकों में जागरूकता पैदा करने हेतु वर्ष पर्यंत विभिन्न आयोजनों के माध्यम से निरंतर रूप से प्रसास किये गये, जो कि आगे भी जारी रहेंगे।

## बिजली की समस्या को लेकर लोगों ने विधायक से की बात

**समय जगत सुमेरपुर हमीरपुर।** बिजली की समस्या से जूझ रहे वार्ड 16 के वाशिंदों ने सदर विधायक के बांकी मार्ग स्थित कार्यालय पहुंचकर समस्या से अवगत कराकर राहत दिलाने की मांग की। सदर विधायक की फटकार के बाद एसडीओ विद्युत ने 10 अप्रैल तक आपूर्ति बहाल कराने का आश्वासन दिया है। वार्ड संख्या 16 के सैकड़ो लोग बिजली की समस्या से परेशान है। विभाग ने बस्ती में खंभे तार लगाकर ट्रांसफार्मर रख दिया है। हाई टेंशन लाइन ट्रांसफार्मर तक पहुंचाने के लिए विद्युत पोल लगा दिए है। पिछले डेढ़ वर्ष से हाई टेंशन लाइन के तार नहीं लगाये जा रहे हैं। इससे लोगों को आपूर्ति नहीं मिल रही है।

# धूमधाम से आयोजित किया गया कांग्रेस जिलाध्यक्ष का शपथ ग्रहण कार्यक्रम




**बांदा।** दिनांक 02 अप्रैल 2025 को सभी कांग्रेस जन स्वागत/कार्यभार/शपथ ग्रहण समारोह में समय अपराह्न 12-00 बजे से जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, अवस्थी धर्मशाला, स्टेशन रोड, बांदा(उप्र) में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

जिला कांग्रेस कमेटी और बांदा शहर कांग्रेस कमेटी के नव निर्वाचित कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित और कांग्रेस शहर अध्यक्ष अफसाना शाह के स्वागत, शपथ ग्रहण और पदभार ग्रहण कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे, सभी कांग्रेस जनों ने नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष का स्वागत, सम्मान किया, और पूर्व जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एडवोकेट को पूर्व में उनके कुशल कार्य संचालन का आभार जताते हुए सभी का धन्यवाद, स्वागत और आभार जताया, और नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष ने सभी कांग्रेस जनों से कुशल कार्य, सहयोग और समर्थन के लिए सदैव उपस्थित रहने की अपेक्षा जताई है। जिला कांग्रेस कमेटी स्टेशन रोड कार्यालय में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कांग्रेस राजेश दीक्षित, शहर अध्यक्ष कांग्रेस अफसाना शाह का सैकड़ों कांग्रेसियों द्वारा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। अपने संबोधन में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा राष्ट्रीय नेतृत्व ने हम पर विश्वास जताया और जिले की कमान सौंपी, कांग्रेस कार्यकर्ता अपने आपको जिला अध्यक्ष मान कर संगठन की मजबूती के लिए काम करे, कांग्रेस पार्टी के लिए मैं 24 घंटे समर्पण भाव से काम करूंगा, बूथ, ब्लॉक, तहसील, स्तर पर कांग्रेस को मजबूत बनाने का काम किया जाएगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह ने अपने क्रांतिकारी भाषण में प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि शहर हो या जिला जब तक जीवित रहेगी पार्टी के लिए समर्पित रहूंगी, शहर के प्रत्येक वार्डो में कार्यक्रम आयोजित कर वार्ड अध्यक्षों का मनोनयन किया जाएगा और पार्टी से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। प्रत्येक कांग्रेस जन अपनी संकीर्ण सोच को दरकिनार कर कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करे मेरा विश्वास है कि उ0प्र0 में 2027 में हमारी सरकार होगी। स्वागत समारोह में अनेक वक्ताओं अपने विचार रखे। जिसमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता साकेत बिहारी मिश्रा, मुमताज अली, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान, निवर्तमान अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एडवोकेट, इदरीश भाई, सन्तोष कुमार द्विवेदी, रमेश चन्द्र कोरी, सूरज बाजपेई, महामंत्री सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, ओमप्रकाश सिंह, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष द्वारकेश मंडेला एडवोकेट, इशू युवा कांग्रेस विधान सभा अध्यक्ष, मुमताज शाह, आरिफ शाह, राममिलन सिंह पटेल एडवोकेट, वरिष्ठ नेता कांग्रेस संकटा प्रसाद त्रिपाठी, रामनरेश मिश्रा, पीसीसी पवन देवी कोरी, राजबहादुर गुप्ता, धीरेन्द्र पांडेय धीरू, प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश दीक्षित, अशरफ उल्ला रम्पा, जिला अध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह, राजेन्द्र गर्ग, राजेश गुप्ता पप्पू, शब्बीर सौदागर, सुखदेव गांधी सहित काफी तादात में कांग्रेस जन उपस्थित रहे। संजय द्विवेदी दनादन ने आज के कार्यक्रम का कुशल संचालन किया।

## प्रवेश उत्सव का द्वितीय सत्र संपन्न



**कोलारस।** म.प्र. शासन और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 कों लेकर की गयीं परिकल्पना के पालन में कोलारस विकास खंड स्थित शास. कन्या उमावि कोलारस अंतर्गत प्रवेश उत्सव का द्वितीय चरण कार्यक्रम बुधवार कों सम्पन्न हुआ प्रवेश उत्सव के उक्त कार्यक्रम में मुख्य अथिति- भरत सिंह चौहान कोलारस जनपद पंचायत अध्यक्ष विशिष्ट अथिति एस. डी. एम. अनूप श्रीवास्तव अन्य अथिति -राहुल भार्गव, सहायक संचालक बीईओ कोलारस अथितिगण उपस्थित रहे। शासन और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नवीन शिक्षण सत्र के लिए तैयार की गयीं योजना कों लेकर एस.डी.एम. अनूप श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित व नवप्रवेशित विधार्थियो कों मार्गदर्शित करते हुआ कहा - कि शिक्षा जीवन का अतुलनीय पहलू है शिक्षा से मनुष्य अपने जीवन का सर्वांगीण विकास करता है सभी विधार्थी अपना एक निश्चित लक्ष्य निर्धारित करके ही अपना नियमित अध्ययन जारी रखे साथ में श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि वर्तमान सामाजिक परिवेश विभिन्न जटिलताओं से जकड़ा हुआ है बढ़ता सोशियल मिडिया का दुष्प्रभाव व मोबाईल के दुरूपयोग से विधार्थियो की अध्ययन शैली निश्चित रूप से कोरी शिक्षा का स्वरूप लें रहीं है। विधार्थियो कों अपनी दिनचर्या में अध्ययन के साथ साथ नैतिकता और अनुशासन की अत्यावश्यकता है। मुख्य अथिति भरत चौहान द्वारा विधार्थियो कों बताया कि - पढ़ाई के साथ साथ अपने माता पिता और गुरुओ का सम्मान आवश्यक है यदि हम किसी कों सम्मान देंगे तभी हम आगे जाकर सम्मान लायक अपने आप कों बना पाएंगे। तदुपरान्त बी. ई ओ. राहुल भार्गव द्वारा शाला में नवीन सत्र में अधिक से अधिक प्रवेश बढ़ाने हेतु विधार्थियो और शाला स्टॉफ से आपसी संवाद किया। बुधवार कों नर्सरी में 06, कक्षा 6 में 05 कक्षा 9 में 03 विधार्थियो का शाला में प्रवेश हेतु उपस्थित अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर शाला में नवप्रवेशित विधार्थियो का स्वागत व सम्मान किया। प्राचार्य विवेक महेद्रा द्वारा शाला कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया व धन्यवाद अर्पित किया साथ में कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक आर एल ओझा द्वारा किया गया।

# अवधपुरी के रहवासियों ने शराब दुकान के विरोध में किया धरना- प्रदर्शन




**समय जगत, भोपाल।** अवधपुरी के ऋ षिपुरम तिराहे पर शराब की दुकान खुलने के विरोध में अवधपुरी के समस्त रहवासियों द्वारा जबरदस्त धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में आसपास की रहवासी कॉलोनी के हजारों लोगों ने आसपास के रहने वाली महिलाओं के नेतृत्व में भाग लिया ! सभी ने एक स्वर से आवाज उठाई कि यह शराब की दुकान यहां अवधपुरी में नहीं खुलने दी जाएगी जिस जगह यह दुकान खुलने जा रही है इसके ठीक 50 मीटर पर मां भगवती दुर्गा जी का शक्तिपीठ है। ठीक 50 मीटर पर बचपन प्ले स्कूल है जिस जगह यह खुल रही है उसकी ठीक सामने बच्चों का बस का स्टॉप है और ठीक सामने अस्पताल भी है । इतनी सारी चीजों के होते हुए भी खुलेआम एक व्यापारी शराब की दुकान खोल रहा है और प्रशासन मौन है। मौके पर उपस्थित आर आई पटवारी द्वारा पंचनामा बनाया गया जिसमें साफ़ साफ़ भूमि सीलिंग की पाई गई आर आई पटवारी द्वारा भूमि स्वामी को मौक़े पर बुलाया गया पर न तो वह उपस्थित हुआ और न ही उसने कोई दस्तावेज प्रस्तुत किए । यहां के लोगों का कहना है कि इस अवैध शराब की दुकान ना खोलना देने के लिए हम प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा करते हैं कि वह आगे आएं और इस दुकान को न खोलने दिया जाए। अवधपुरी परिक्षेत्र जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष रमन तिवारी ने बताया कि क्षेत्र के लोग मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर से मिले एवं मंत्री ने एसडीएम को निर्देश दिए कि दुकान किसी भी क़ीमत पर नहीं खुलनी चाहिए। दुकान स्थल के सामने अखंड रामायण का पाठ होगा। ताकि शराब माफिया को सद्बुद्धि आए और रहवासी इलाके से शराब की दुकान जल्द से जल्द हट जाए।

# भारतीय संस्कृति के अनुरूप मंडला में प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन



**मंडला।** स्थानीय ई. एफ. ए. रानी अवंती बाई उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ प्रवेशोत्सव के रूप में भव्य आयोजन के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती वंदना से हुई, जिससे शैक्षिक वातावरण में एक धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल का सृजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती पार्वती धूमकेती ने अपने संबोधन में छात्राओं को अनुशासन और कड़ी मेहनत के महत्व को समझाया। उन्होंने भारतीय शिक्षा प्रणाली की गौरवशाली परंपराओं, प्राचीन वैज्ञानिक उपलब्धियों और खगोलशास्त्र के महत्व पर भी प्रकाश डाला। साथ ही, छात्राओं को अपने माता-पिता, गुरुजनों और वरिष्ठों के प्रति आदरभाव रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्रावास अधीक्षिका सुमरती बाल्को ने की, जिन्होंने छात्रावास में उपलब्ध शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, इस अवसर पर छात्राओं को शैक्षणिक पुस्तकों का वितरण भी किया गया, जिससे उनकी पढ़ाई में सहारा मिलेगा। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्राएं और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य जय लक्ष्मी सोनी ने किया, जबकि संयोजन ओमप्रकाश कछवाहा ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन साधना श्रीवास्तव ने किया, और आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस भव्य आयोजन ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप शिक्षा के महत्व को उजागर किया और विद्यार्थियों के बीच नई ऊर्जा का संचार किया।

# पानी की समस्याओं का समाधान नहीं होता तो करेंगे उग्र आंदोलन

**खिरकिया।** पेजयल संकट से परेशान होकर राजाबरारी की महिलाओं ने कलेक्टर की जनसुनवाई में सिर पर खाली बर्तन रख विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल,हरदा जिले के वनग्राम राजाबरारी की महिलाओं को करीब 8 माह से पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन पीएचई विभाग की उदासीनता के चलते यह योजना धरातल पर दम तोड़ते नजर आ रही है। एक तरफ देश के प्रधानमंत्री गरीबों को घर तक पेयजल पहुंचने का काम कर रही है, लेकिन इनके विपरीत जिम्मेदार अधिकारी की लापरवाही के चलते यह योजना का लाभ गरीबों तक नहीं पहुंच पा रहा है, मजबूरन गरीब लोग अधिकारियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। बता दे कि गर्मी शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्र में जल संकट गहरा गया है। जिससे वनग्राम की महिलाएं सिर पर खाली बर्तन रखकर जिला पंचायत में प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे तक प्रदर्शन के बाद महिलाओं को प्यास लगी तो पेड़ के नीचे बैठ गई। एक बालिका जिला पंचायत से प्रदर्शन के लिए लाए खाली स्टील के घड़ा भरकर लाई। इसके बाद महिलाओं ने अपनी प्यास बुझाई। इधर, महिलाओं ने एसडीएम कुमार शानू देवड़िया को ज्ञापन सौंपा। जल्द पेयजल संकट का निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन तक की चेतावनी दे डाली। मीडिया ने जब पीएचई के ईई पवन सुत गुप्ता से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि चार दिन में समस्या का निराकरण करा दिया जाएगा।

### जयपुर शहर को सीरियल ब्लास्ट से दहलाने की रची थी साजिश

# 11 वें फरार आरोपी फिरोज उर्फ सब्जी को रतलाम पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रतलाम।** पुलिस कारवाई का विवरण पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार के निर्देशन पर रतलाम में अलसुफा संगठन एवं विधि विरुद्ध गतिविधियों पर मुखबिर तंत्र सक्रिय कर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए थे। इसी तारतम्य में दिनांक 02.04.25 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि निंबाहेड़ा के अपराध क्रमांक 150/22 एवं NIA के प्रकरण क्रमांक 18/2022/NIA/DLA ka 05 लाख रुपए का उदघोषित इनामी वांटेड आरोपी फिरोज उर्फ सब्जी पिता फकीर मोहम्मद रतलाम शहर में गंभीर घटना कारीत करने के उद्देश्य से आया हुआ है। मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर 4 अलग अलग टीम बनाकर शहर में खोजबीन शुरू की गई। फरार आरोपी के छिपने के संभावित ठिकानों के आसपास पुलिस टीम द्वारा गोपनीय तरीके से सर्चिंग करते हुए मुखबिर सक्रिय किए गई। 02 दिन की लगातार प्रयास के बाद मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि वांटेड आरोपी फिरोज उसकी बहन रेहाना निवासी आनंद कॉलोनी के घर छिपा हुआ है। मुखबिर सूचना पर कारवाई हेतु दिनांक 02.04.20 को पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार के नेतृत्व में रतलाम पुलिस की 02 टीम बनाई गई। पहली कट ऑफ टीम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राकेश खाखा के नेतृत्व में तथा दूसरी स्ट्राइकिंग टीम नगर पुलिस अधीक्षक जावरा श्री दुर्गेश आमों के नेतृत्व में बनाई गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त उद्घोषित आरोपी की गिरफ्तारी के दौरान संभावित खतरे के संबंध में विस्तृत रूप से बीफ्रिंग कर टीम के साथ मुखबिर के बताए स्थान आनन्द कालोनी रवाना हुए। आनन्द कालोनी स्थित रेहाना के निवास के समीप पहुँचकर ब्रीफिंग अनुसार कट ऑफ टीम के सदस्यों अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राकेश खाखा के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक श्री मोहन भर्रावत, कार्य.निरी. नीलम चौंगड़, निरीक्षक संदीप तोमर, सुबेदार मोनिका चौहान, उनि जे.आर. जामोद, सउनि रमेश थुरेचा, सउनि भंवरसिंह भुरिया आदि द्वारा घेराबंदी की गई।

# छात्र- छात्राएं लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें



**बीनागंज।** छात्र छात्राएं मोबाईल फोन का कम से कम उपयोग करे ! किसी भी चीज की होड न करें, सिर्फ पढ़ाई में आगे निकलने की ही होड़ करें ! लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें ! उक्तशय के विचार आर ई एस के एसडीओ गजेंद्र सिंह नरवरिया ने व्यक्त किए वह पीएम श्री शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बीनागंज में स्कूल चले हम उत्सव के दूसरे दिन भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि की हैसियत से छात्र छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ श्रीमती प्रतिभा लोदी, प्रवेंद्र भी मौजूद थे। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य हुकुमचंद साहू ने की संचालन अभिषेक मीना ने किया। आभार कार्यक्रम प्रभारी कृष्ण गोपाल मीना ने व्यक्त किया ! इस अवसर पर अंजुम कुरैशी, रमा मीना, गोपाल मैथिल, सुधा सोनी,अनुराधा साहू, वंदना बरौनियां, कृष्णा शाक्य, वैशाली साहू, ताराचंद सोनी, महेंद्र सिंह भील, दीपक प्रजापति, श्रीराम सेन सेन , दीपक ओझा सहित विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं !

# दो माह का वेतन रोके जाने पर शिक्षकों में आक्रोश बीईओ के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**समय जगत, बड़वाह।** खरगोन जिले के बड़वाह में शिक्षा विभाग में एक गंभीर मामला सामने आया है। विकास खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) द्वारा चार शिक्षकों का दो महीने का वेतन रोकने पर, शिक्षकों ने 31 मार्च 2025 को सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है। शिक्षकों का आरोप है कि बीईओ बिना किसी ठोस कारण के बार–बार उनका वेतन रोक रहे हैं, जिससे उन्हें मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में भी दिसंबर 2024 और जनवरी 2025 का वेतन रोका गया था, और अब फरवरी और मार्च 2025 का वेतन रोके जाने से उन्हें लोन की किस्तों की पेनल्टी और घर खर्च चलाने में कठिनाई हो रही है। चार शिक्षक – दिनेश मंसारे, दुलेसिंह रोमड़े, मंजुला वर्मा और रंजना वर्मा – जनजातीय कार्य विभाग के छात्रावासों का संचालन भी कर रहे हैं। उनका आरोप है कि बीईओ दरियावसिंह पिपलोदे आपसी रंजिश के चलते उनका वेतन रोक रहे हैं। जबकि उनकी नियुक्ति अधीक्षक के पद पर विभागीय एनओसी के बाद वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की गई है। शिक्षकों का कहना है कि उनके पास छात्रावासों में कार्य करने के आदेश हैं और वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन व्यवस्थित रूप से कर रहे हैं। शिक्षकों का आरोप है कि उन्हें जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है, और बीईओ वरिष्ठ अधिकारियों को उनके खिलाफ झूठी शिकायतें कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बीईओ उनसे ठीक से बात तक नहीं करते, जिससे वे मानसिक तनाव में हैं। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा वेतन जारी करने के आदेश के बावजूद बीईओ ने आदेश का पालन नहीं किया है। शिक्षकों ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि निराकरण नही हुआ तो मजबूर होकर न्यायालय की शरण मे जाना पड़ेगा। इस मामले में कलेक्टर भव्या मित्तल ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि वे तुरंत इस मामले को दिखवाएंगी। उन्होंने कहा कि यदि बीईओ ने शिक्षकों का वेतन रोका है तो यह गलत है, और यदि ऐसा हुआ है तो उचित कार्रवाई की जाएगी। शिक्षकों का वेतन सीघ्र दिया जाएगा।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने सुरक्षा उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को किया सशक्त

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल ने 24 मार्च, 2025 से 29 मार्च, 2025 तक डूपॉन्ट सस्टेनेबल सॉल्यूशंस के साथ मिलकर एक व्यापक सुरक्षा मूल्यांकन अभियान आयोजित किया। यह पहल इस बात का प्रमाण है कि स्टेशन अपने कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के प्रति अपने नेतृत्व की प्रतिबद्धता को दृढ़ता से निभा रहा है। इस मूल्यांकन में एनटीपीसी विंध्याचल के विभिन्न क्षेत्रों का समावेश किया गया था। मूल्यांकन प्रक्रिया में दस्तावेज़ समीक्षा, साइट निरीक्षण, व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं कर्मचारियों, श्रमिकों, ठेकेदारों, पर्यवेक्षकों और प्रशिक्षणार्थियों के साथ केंद्रित समूह चर्चा शामिल थे। यह मूल्यांकन कार्यकारी निदेशक विंध्याचल ई. सत्य फणि कुमार के नेतृत्व में किया गया, जिन्होंने इस पहल के प्रति अपनी पूरी प्रतिबद्धता दिखाई। यह मूल्यांकन एक नई दिशा और मानक स्थापित करता है, जो सुरक्षा की सर्वोच्च प्राथमिकता को सुनिश्चित करता है। डूपॉन्ट सस्टेनेबल सॉल्यूशंस विशेषज्ञों ने परिचालन टीमों के साथ संवाद किया, फील्ड निरीक्षण किए और औद्योगिक सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में मूल्यवान जानकारी साझा की। उन्होंने जोखिम की पहचान में सक्रियता, मजबूत घटना निवारण तंत्र और प्रत्येक संचालन स्तर पर एक मजबूत सुरक्षा संस्कृति के महत्व पर जोर दिया। बैठक के समाप्ति में एनटीपीसी विंध्याचल की पहल की सराहना की गई। डूपॉन्ट सस्टेनेबल सॉल्यूशंस मूल्यांकन टीम ने विशिष्ट क्षेत्रों में फोकस्ड अप्रोच के लिए उपयोगी विचार और सुझाव दिए। इस बैठक में संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महा प्रबन्धक चिकित्सा, महाप्रबंधक आर एल आई त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक हरित रसायन एवं बीई सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक प्रचालन राजशेखर पाला, महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री डी के अग्रवाल, महाप्रबंधक मेंटीनेंस एवं ए डीएम ए जे राजकुमार, मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल राकेश अरोड़ा, एसएमसी सदस्य, विभागाध्यक्ष और विभिन्न विभागों के विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे। साथ ही कॉर्पोरेट सुरक्षा के प्रतिनिधि भी वर्चुअल मोड में शामिल हुए। एनटीपीसी विंध्याचल, जो भारत का सबसे बड़ा पावर स्टेशन है।

# सीएम राइज विद्यालय बिस्टान में मनाया गया स्कूल चले हम प्रवेशोत्सव कार्यक्रम



**समय जगत, बिस्टान।** बुधवार को 2 अप्रैल 2025 को सी. एम. राइज विद्यालय बिस्टान में स्कूल चले हम प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष श्री डेम सिंह नार्वे द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण किया गया। साथ में समस्त अतिथिगण द्वारा भी सहयोग किया गया। विशेष अतिथि श्री बंटी राठौर द्वारा माँ सरस्वती को माल्यार्पण करके कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। विद्यार्थी गण का तिलक लगाकर एवं पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। स्टाफ के द्वारा भी निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। विद्यार्थियों को विशेष मध्याह्न भोजन वितरित किया गया। प्राचार्य महोदय श्री बलराम भंवर द्वारा विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सीमा शर्मा एवं श्रीमती रानी कासार द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ द्वारा सहयोग किया गया।

# विद्यार्थी परिषद ने आंदोलन कर अमल ज्योति विद्यालय महाराजपुर का किया घेराव



**मण्डला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) मंडला नगर इकाई ने मंगलवार को अमल ज्योति विद्यालय, महाराजपुर का घेराव किया और विद्यालय प्रशासन से माफी की मांग की। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विद्यालय में कई गंभीर अनियमितताएँ पाई गई हैं, जिनमें धर्मांतरण के प्रयास और छात्र-छात्राओं से अनावश्यक फीस वसूली प्रमुख थे। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के अनुसार, 27 मार्च 2025 को बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने अमल ज्योति हायर सेकेंडरी विद्यालय का निरीक्षण किया, जिसमें निम्नलिखित अनियमिततियाँ पाई गई। रिपोर्ट के अनुसार, विद्यालय की पुस्तकालय में ईसाई धर्म से संबंधित कई पुस्तकें पाई गई, जो अप्रत्यक्ष रूप से धर्मांतरण को बढ़ावा देती हैं। इसके अलावा, रामायण ग्रंथ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पाया गया, जिससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएँ आहत हुई। विद्यार्थी परिषद के द्वारा किए गए प्रदर्शन के बाद, विद्यालय प्रशासन ने रामायण ग्रंथ के संबंध में माफी मांगी। इसके बाद, एबीवीपी ने एसडीएम को मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विद्यालय की मान्यता तत्काल समाप्त करने, अप्रत्यक्ष धर्मांतरण की गहन जांच करने और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की गई। इसके अतिरिक्त, छात्र-छात्राओं से वसूली गई अवैध फीस को अभिभावकों को लौटाने की भी मांग की गई। परिषद ने थाना प्रभारी के नाम भी एक ज्ञापन सौंपा जिसमें विद्यालय संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई। विद्यार्थी परिषद ने प्रशासन से सात दिनों के भीतर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है, अन्यथा उग्र रूप से प्रदर्शन करने की बात कही। वहीं, विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने साइन फॉर इंडिया विद्यालय घुटास के मामले को लेकर भी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में विद्यालय के द्वारा आदिवासी बच्चों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने का आरोप लगाया गया।

# धूमधाम से मनाया जा रहा है गणगौर पर्व,झालरिये की सुनाई दे रही है गूंज



**समय जगत, मनावर।** निमाड़ का प्रसिद्ध गणगौर पर्व यहां धूमधाम से मनाया जा रहा है।मनावर बाकानेर यहाँ के हर गली मोहल्लों में झालरिये की गूंज सुनाई से रही है नवरात्रि की तृतीया तिथि के अवसर पर आज मंगलवार बाकानेर के ब्राह्मण मोहल्ला मे बाड़ी पूजन के लिए सुबह से ही भीड़ जुटना शुरू हो गई । श्रद्धालु विशेष कर महिलाएं सज धज कर आरती की थाल सजाकर माता जी के पूजन के लिए अलसुबह ही घरों से निकल पड़ी। उल्लेखनीय है कि गणगौर राजस्थान और मालवा निमाड़ का खास उत्सव है। जो चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि से प्रारंभ होकर चतुर्थी तक मनाया जाता है। यह त्यौहार भगवान शिव और माता पार्वती के स्वरूप गणगौर माता और शिव की पूजा अर्चना की जाती है। विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना के साथ इस व्रत को रखती है वहीं कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की प्राप्ति के लिए इस पर्व में शामिल होती है गणगौर पर्व पर सुबह से बाड़ी पूजा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां पर गेहूं के ज्वारे का पूजन किया जाता है। यहां सुबह से लंबी कतारे लगी रहती है। आसपास क्षेत्र से गणगौर माता के रथ को भक्तगण माथे पर रखकर नृत्य करते है। जिसके आगे आगे महिला और पुरुष उनके सर पर कलश लेकर चलती है। रथों के आगे माताजी के स्वरूप में झाड़ घूमते नाचते खेलते हुए बड़ी संख्या में चलते हैं । लोग उनका पुजन कर आशीर्वाद लेते हैं इस वर्ष बाकानेर मे माताजी की सेवा का सौभाग्य ब्राह्मण मोहल्ला निवासी सुभाष जी पंडित को प्राप्त हुआ कमलेश जी पंडित और सुनील जी शर्मा श्रद्धापूर्वक माताजी की सेवा कर रहे हैं।

# विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर वितरित की पुस्तकें, खुशी से बच्चों के चेहरे खिले

## कुकडोल में मनाया शाला प्रवेशोत्सव




**समय जगत, बिस्टान ।** एकीकृत हायर सेकेंडरी स्कूल कुकडोल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया । सरपंच परसराम वास्कले ,ग्राम के वरिष्ठ सौदानसिंह चौहान, प्राचार्य ललिता धुले,शिक्षक रामकृष्ण महाजन सहित शिक्षक शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया । प्राचार्य ललिता धूले एवं शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाई ,पश्चात अतिथियों ने विद्यार्थियों को पुस्तके वितरित की। पुस्तके पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर रौनक छा गई । इस अवसर पर शिक्षक युगल किशोर सांवले, ममता गुप्ता,सोनिया साकरे ,सरोज वास्कले, गरिमा मालसे, विशाल जाधव, योगिता देशपांडे, आशा सोलंकी,हेमराज पाटीदार,चतुरेश कुमार अहिरवार ,प्रभुराम मालवीया, बबलू सोलंकी, शैलबाला तारे ,अशोक पाटीदार,ज्योति शुक्ला,मोनिका कुशवाह, सहित शिक्षक एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे । मिडिल के विद्यार्थियों को विशेष भोज कराया गया । इससे पहले अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया। शिक्षक पुरुषोत्तम ओसवाल, कैलाश पाटिल ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन श्री ओसवाल ने किया। शिक्षकों की टीम ने ग्राम की गलियों में घूमकर कर विद्यार्थियों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया प्रातः शिक्षको की टीम ने सरपंच परसराम वास्कले के साथ ग्राम की बेडीपुरा की गलियों में जाकर पालकों से संपर्क किया नवीन प्रवेशी विद्यार्थियों को शाला में प्रवेश दिलाने की समझाइए दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को नियमित स्कूल भेजने के लिए

# निषादराज जयंती पर लांच से खैरोना घाट मंदिर पहुंचा विशाल चल समारोह

## भगवान राम के बाल सखा थे महाराज निषाद राज: विधायक श्री अग्रवाल

**दतिया।** रामजी बाबा एवं धार वाली माता मांझी समाज कल्याण समिति द्वारा ग्राम खेरोनाघाट में गुहराज निषाद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग ग्राम लांच तिराहे पर एकत्रित हुये यहाँ से विशाल चल समारोह निकाला गया जो 4 किलोमीटर चलकर ग्राम खैरौना घाट में रामजी बाबा एवं धार वाली माता मंदिर प्रांगण पहुंचा जहां पर महाराज निषाद राज जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक प्रदीप अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप अग्रवाल ने में कहा कि महाराज निषाद राज भगवान राम के बाल सखा थे और उन्होंने वनवास के दौरान भगवान राम की बहुत सहायता की थी क्योंकि निषाद राज एवं भगवान राम ने एक ही गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त की थी



और बनवास के बाद भगवान राम ने अपने मित्र निषाद राज के यहां एक रात बिताई थी। निषाद राज शंगपेगपुर के राजा हुआ करते थे। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर की बाउंड्री वाल, स्नान हेतु घाट निर्माण एवं मंदिर से गांव की ओर 100 मीटर सीसी रोड आगामी 2 वर्षो में डलवाये जाने की घोषणा की। समिति के सचिव मुकेश बाथम ने विधायक श्री अग्रवाल एवं मंचाशीन अतिथियों का फूल माला पहनाकर एवं शांल श्रीफल से स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में राजू बाथम, कप्तान बाथम, महंत पीतांबर दास महाराज, लक्ष्मण बाथम, छोटेलाल केवट, गुलाब केवट, गुलाब बाथम, सुशील सिहारे, राकेश खटीक, संतोष खटीक, अनिल चतुर्वेदी, रामप्रकाश कर्ण, पवन पाठक, धर्मेंद्र केवट, विनोद केवट, जयदेव मांझी, रवि मांझी, मातादीन बाथम, मछला बाथम, किशोरी बाथम, बिरखा बाथम, मेहताब बाथम, पवन मांझी, जावेद केवट, जीतू केवट सहित बड़ी संख्या में केवट समाज के लोग उपस्थित रहे।

## पक्षियों की भूख प्यास मिटाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य : डॉ. राजू त्यागी

**दतिया।** पक्षियों की भूख प्यास मिटाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य माना गया है जिसको समाजसेवी डॉ. राजू त्यागी काफी समय से अनवरत कर रहे हैं। गर्मियों के प्रारंभ होते ही श्री त्यागी इस दिशा में सक्रिय हो जाते हैं और उन्होनें परशुराम मंदिर पर पक्षियों के लिए दाना पानी के सोरों को टांगे जिससे मूक परिंदे अपना पेट भरकर प्यास बुझा सकें। दाना पानी अभियान के तहत मंदिर के बगीचा में सकोरों को टांगा गया। सकोरों में पक्षियों के लिए दाना और प्यास बुझाने के लिए पानी की व्यवस्था की गई। समाजसेवी डॉ. त्यागी द्वारा पक्षियों के लिए चलाए जा रहे इस अभियान में हर दिन अलग अलग स्थान पर यह व्यवस्था की जाती है।

## सार-समाचार

### विवियन वेस्टवुड फैशन शो में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया



**समय जगत, शिवपुरी।** अपनी सक्रियता और अलग अंदाज के लिए मशहूर केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य का एक बार फिर नया अवतार देखने को मिला है। मंगलवार को केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय एवं महाराष्ट्र सरकार द्वारा मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया पर एक फैशन शो का आयोजन किया गया जहां फिल्म जगत से लेकर सरकार और समाज से जुड़ी हस्तियां नजर आई। मशहूर ब्रांड Vivienne Westwood के इस शो में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी अपनी पत्नी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया और बेटे महाआर्यमान सिंधिया के साथ मौजूद रहे। ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान कार्यक्रम में केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय के द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया था। मंत्री सिंधिया के प्रयासों से मध्य प्रदेश की सुंदर चंदेरी कपड़े का भी प्रदर्शन शो में किया गया।

### आगामी नेशनल लोक अदालत 10 मई को होगी आयोजित

**समय जगत, हरदा।** नालसा, नई दिल्ली और म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार पूरे जिले में लंबित तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण के लिये 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा श्रीमती तृप्ति शर्मा ने बताया कि जिला न्यायालय हरदा के साथ-साथ टिमरनी व खिरकिया के न्यायालय में भी लोक अदालत आयोजित होगी। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण श्री चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामलें, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा संबंधी प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर के चोरी के मामलों को छोड़कर बिल संबंधी प्रकरण, सेवा मामलें जो सेवा निवृत्त संबंधी लाभों से संबंधित है, राजस्व प्रकरण, दीवानी मामलें तथा अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य, प्रीलिटिगेशन अर्थात मुकदमा पूर्व प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राठौर ने आमजन से अपील की है कि अपने राजीनामा योग्य प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करायें व लोक अदालत का लाभ उठायें।

### भारत विकास परिषद ने किया सफाईकर्मियों का सम्मान

**श्योपुर ब्यूरो।** भारत विकास परिषद की जिला इकाई द्वारा सफाई मित्रों का सम्मान कर सामाजिक समरसा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन कृष्णा पैलेस मेरिज गार्डन में हुआ, जहां वार्ड क्रमांक 7 के सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के सचिव राजकुमार शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि विधर्मियों ने हिन्दू समाज को विभाजित करने का कार्य किया, जिसके कारण आज हिन्दू समाज निम्न जातियों में बंटा हुआ है। राजनैतिक दल भी इसी का फायदा उठाने के लिये हिन्दू समाज को एक नहीं होने देना चाहते, वह भी वहीं कार्य कर रहे है, जो विधर्मियों ने किया था। कार्यक्रम के दौरान वार्ड क्रमांक 7 के सफाई मित्रों का सम्मान करते हुए महिलाओं को जहां साडी भेंट की गई, वहीं पुरूषों को माला पहनाकर एवं शॉल भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के सदस्यगण मौजूद रहे। उक्त आयोजन भारत विकास परिषद के नवीन उपाध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल द्वारा आयोजित कराया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला समरसता संयोजक सत्यनारायण मित्तल का भी सहयोग रहा।

### विधायक डॉ.दोगने ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर 20 हजार की सहायता राशि देने की घोषणा की



**समय जगत, हरदा।** विगत दिवस गुजरात के बनासकांठा के नजदीक डीसा में पटाखा फैक्ट्री में बॉयलर फटने की घटना में हरदा जिले के ग्राम हंडिया के 18 मजदूरों भाइयों का निधन हो गया है। घटना की खबर मिलते ही विधायक डॉ.रामकिशोर दोगने ग्राम हंडिया मृतकों के निज निवास पर पहुंच कर उनके परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहने हेतु आश्वसत किया साथ ही मृतकों के परिजनों को विधायक स्वेच्छानुदान निधि से बीस-बीस हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। इसके पश्चात विधायक डॉ.दोगने द्वारा मध्यप्रदेश सरकार से मांग की गई कि वह गुजरात सरकार के साथ समन्वय कर उक्त घटना की जांच करावे, घायलों का उचित उपचार करने की व्यवस्था व पीड़ित परिवारों को तत्काल उचित मुआवजा राशि प्रदान करें।

### कलेक्टर के निर्देशन में जल स्त्रोतों की हुई सफाई

**समय जगत, झाबुआ।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पेटलावद तनुश्री मीणा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता अभियान निरंतर जारी है। पेटलावद ग्राम पंचायत सारंगी के ग्राम सुल्तानपुरा में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री भीमसिंह डामर और ब्लॉक समन्वयक श्री प्रवीण पंवार के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज जल स्त्रोतों की साफ-सफाई की गई। उपस्थित लोगों द्वारा श्रमदान किया लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

## विधायक, कलेक्टर, एसपी ने किया संवाद, प्रतिभाएं हुई पुरस्कृत

# विद्यार्थियों का भविष्य संवारने सरकार दे रही सुविधाएं, विद्यार्थी लें लाभ: विधायक पाटीदार

**समय जगत, खरगोन।** स्कूल चले हम अभियान के तहत उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक बालकृष्ण पाटीदार, कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना ने बच्चों से संवाद कर उन्हें अच्छी पढ़ाई कर आगे बढने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने नव प्रवेशित बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों को वितरण किया गया। विधायक ने छात्र.छात्राओं उनके अभिभावक एवं शिक्षकों को कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा की सुविधाओं के विस्तार में लगातार काम कर रही है। सीएम राइज स्कूलों का नाम बदलकर संदीपनी स्कूल करने का निर्णय लिया है। शहर में विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, लॉ कॉलेज जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो गई है। छात्र.छात्राओं को आगे आकर इन सुविधाओं का लाभ लेकर अपना भविष्य संवारना चाहिए। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने कहा कि माता.पिता बड़े अरमानों के साथ अपने बच्चों को स्कूल पढने भेजते हैं, बच्चों की जिम्मेदारी है कि वे अपने माता.पिता के अरमानों को पूरा करने का प्रयास करें। उन्होंने छात्र.छात्राओं से कहा कि इन्टरनेट के इस युग में सोशल मीडिया से दूरी बनाएं रखे और अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने के




लिए पढ़ाई पर ध्यान दें। पुलिस अधीक्षक ने छात्र.छात्राओं से कहा कि उन्हें जो पुस्तके प्राप्त हो रही है, शिक्षकों के पढ़ाने से पहले एक बार उनका पूरा अध्ययन अवश्य कर लें। प्रतिभा हर बच्चे में होती है, उसे सही दिशा देने का काम शिक्षक का होता है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी एसके कानुड़े, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग प्रशांत आर्य, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक खेमराज सेन, विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र पाटीदार उपस्थित थे। बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। इस दौरान राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में शामिल होने वाले जिले के खिलाडियों को सम्मानित किया गया और खेल सामग्री की किट प्रदान की गई।

**चित्रकला में दिखाया हुनर:** भविष्य की भेट अभियान के तहत खनिज अधिकारी सावन सिंह चौहान ग्राम पिपराटा की एकीकृत माध्यमिक स्कूल बच्चो को प्रेरणादायक संदेश देने पहुंचे। श्री चौहान ने बच्चो को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि आज हम सब यहाँ एक नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत करने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह दिन न केवल नए अवसरों का प्रतीक है बल्कि यह आपके जीवन की एक महत्वपूर्ण यात्रा का आरंभ भी है।

## कलेक्टर द्वारा जिले के नगरीय एवं ग्रामीण संम्पूर्ण क्षेत्रों को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र किया गया घोषित

**झाबुआ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला झाबुआ नेहा मीना द्वारा कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अवगत कराने पर कि झाबुआ जिले में भूमिगत जलस्तर में लगातार कमी होने एवं आगामी ग्रीष्म ऋतु में ओर अधिक पेयजल की कमी व लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 तथा संशोधन अधिनियम 2002 (अधिनियम) में निहित प्रावधानों के तहत अधिनियम की धारा-3 के अन्तर्गत झाबुआ जिले के नगरीय एवं ग्रामीण संम्पूर्ण क्षेत्रों को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया। उक्त अधिनियम की धारा 6 (1) के अन्तर्गत नलकूप खनन को प्रतिबंधित किया जाता है। यह. आदेश 30 जून-2025 तक अथवा वर्षा में विलंब हुआ, तो वर्षा प्रारम्भ होने तक लागू रहेगा। जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित होने के कारण निम्नानुसार प्रतिबंध रहेगें-जिले के पेयजल अभावग्रस्त क्षेत्रों में समस्त सार्वजनिक पेयजल स्त्रोतों से कोई भी व्यक्ति सिंचाई, औद्योगिक प्रयोजन, किसी अन्य प्रयोजन के लिए जल का उपयोग बिना अनुमति नहीं करेंगें। पेयजल अभावग्रस्त क्षेत्र में जनता को पेयजल प्रदाय करने के लिये जल स्त्रोतों का अस्थायी रूप से अधिग्रहण किया जा सकेगा। जिसमें सक्षम अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) होगें। निजी नलकूप खनन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। विशेष परिस्थितियों में निजी नलकूप खनन एवं निजी नल कनेक्शन की विधिवत अनुमति हेतु आवेदन-पत्र संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को निर्धारित प्रारूप में (मय चालान फीस रू. 50/-बैंक में जमा कर) प्रस्तुत किए जाएगें, जो पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 में अंकित शर्तो के अधीन् अनुमति दी जा सकेगी। जिसमें सक्षम अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) होगे। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग अंतर्गत खनित किए जाने वाले नलकूप उक्त प्रतिबंध से मुक्त रहेगें। पेयजल व्यवस्था हेतु जिले में आवश्यकतानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नलकूप खनन कार्य करने हेतु मुक्त रहेगा। उपरोक्तानुसार आदेश का उल्लंघन करने पर उल्लघंनकर्ता को 02 वर्ष का कारावास या रू. 2000/- के अर्थदण्ड या दोनों से दण्डनीय होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन कर किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन



**समय जगत, दतिया।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को किला चौक पर भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पुतला दहन किया गया। यह प्रदर्शन पिछले दिनों मध्यप्रदेश परिवाहन में पदस्थ कान्स्टेबल सौरभ शर्मा के यहां अरबों रुपए का सोना और करोड़ों रुपए नगद एक कार से प्राप्त हुए थे जिससे भाजपा सरकार के कद्दावर मंत्री, नेताओं तथा भ्रष्ट अधिकारियों के तार जुड़े हुए थे। उक्त भ्रष्टाचार में पकड़े जाने के डर से कांस्टेबल सौरभ शर्मा को आनन-फानन में हाजिर कराकर झूठी खाना पूर्ति कर जेल भेज दिया था। जबकि उक्त प्रकरण में किसी बरिष्ट एजेंसी से जांच कराई जाना था लेकिन उच्च स्तरीय जांच न कराकर उसे जमानत पर रिहा करवा दिया। भाजपा सरकार को डर था कि सौरभ शर्मा जेल में रहेगा तो उससे और राज उजागर न हो जाए इसलिए जांच में शिथिलता बरतते हुए जमानत का लाभ प्रदान किया। ऐसी कार्रवाई के विरोध में डॉ. मोहन यादव का किला चौक पर पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस अवसर पर रामकिंकर गुर्जर जिलाध्यक्ष कांग्रेस, सुरेश झा, अजय शुक्ला, मोहन कुशवाहा, अम्बरीष बाल्मीकि, रामकुमार मोंगिया, मुईन कुरैशी, मुकुल श्रीवास्तव, सुनील खटीक, उमर फारूक, राजेश यादव, अरुण बुन्देला आदि शामिल रहे।

## सातवां वेतन भत्ता दिए जाने पर जताया आभार

**आकाश दुबे, समय जगत ग्वालियर।** मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ग्वालियर सातवें वेतन के आधार पर गृह भाड़ा एवं अन्य भत्तों को दिए जाने के निर्णय का हार्दिक अभिनंदन करता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री (वित्त) का सादर आभार।



**शासकीय सेवकों को देय विभिन्न भत्तों के पुनरीक्षण का निर्णय:** मंत्रि-परिषद द्वारा राज्य शासन के शासकीय सेवकों को वर्तमान में देय विभिन्न भत्तों का पुनरीक्षण की स्वीकृति दी गई। शासकीय सेवकों को वर्तमान में देय विभिन्न भत्तों के पुनरीक्षण के शासकीय सेवकों के लिये सातवें वेतनमान में देय मूल वेतन के आधार पर्र श्रेणी के नगरों के लिए 10त्र, क्क श्रेणी के नगरों के लिए 7त्र, ष्ट एवं ष्ठ श्रेणी के नगरों के लिए 5त्र के आधार पर गृह भाडा भत्ता प्रदान किया जायेगा। दैनिक भत्ता, वाहन भत्ता, मील भत्ता, ठहरने की पात्रता, प्रदेश के बाहर यात्रा के दौरान स्थानीय परिवहन, स्थानांतरण पर घरेलू समान का परिवहन एवं स्थानांतरण अनुदान, स्थायी यात्रा भत्ता में मूल्य सूचकांक के आधार पर वृद्धि, की जायेगी। इसके साथ ही अतिरिक्त कार्य के लिए दोहरा भत्ता, राज्य शासन के पात्र चिकित्सकों और चिकित्सा शिक्षकों को दिये जाने वाला अव्यवसायिक भत्ता, सचिवालयीन भत्ता एवं मंत्रालयीन अधिकारियों के लिए विशेष भत्ता की स्वीकृति दी गयी है। इसके साथ ही शासकीय सेवकों की मृत्यु पर परिवार को देय अनुग्रह अनुदान वर्तमान में निर्धारित पात्रता का 2.57 गुणक के आधार पर अधिकतम 1 लाख 25 हजार रूपये तक दिया जाएगा। मंत्रालय भवन में संचालित वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली संचालनालय एवं राज्य सत्कार अधिकारी कार्यालय में पदस्थ शासकीय सेवकों को भी मंत्रालय के समकक्ष अधिकारियों के समतुल्य मंत्रालय भत्ता दिया जाये !

## जेसीआई ने गणगौर पर्व कराई आटे-बेसन के गहने बनाओ प्रतियोगिता

**श्योपुर।** जेसीआइ महिला विंग ने गणगौर पर्व पर श्रीहजारेश्वर मंदिर पर आयोजित किए गए, जिसमें आटे-बेसन के गहने बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वर्षा हरदेनिया एवं द्वितीय स्थान पूजा गुप्ता, इसी प्रकार पिया का नाम लेने की कला में प्रथम स्थान नंदिनी गर्ग एवं द्वितीय स्थान कल्पना राठौर, सांस्कृतिक नृत्य में प्रथम स्थान रमा गौड़ एवं द्वितीय स्थान शिवानी राठौर और गणगौर के गीत में प्रथम स्थान नंदिनी गर्ग एवं द्वितीय स्थान विष्णु कांता शर्मा रहे, विजेता एवं उपविजेताओं को संस्था द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए, उक्त कार्यक्रम में जेसीआई श्योपुर के अध्यक्ष जैसी रविन्द्र गुप्ता, महिला जैसी चेयरपर्सन आरती मित्तल, सचिव सपना गुप्ता, उपाध्यक्ष आरती गुप्ता, लेडी जैसी माया शर्मा, ज्योति बिंदल, डॉ चित्रा गुप्ता, मंजेश साहू, मधु मित्तल, सरिता गोयल, आशा गोयनर माधवी मित्तल, रचना शर्मा, संगीता शर्मा, सुमन शिवहरे, रश्मि गर्ग, शिल्पी नागर, सविता गोयल, वैशाली गोयल, सोना बिंदल, नीलम गर्ग, लीला राठौर, पूजा बंसल आदि शामिल रहे।

## रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र , बैच और जूस का किया गया वितरण

# सिविल अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**समय जगत, जयसिंहनगर।** बुधवार 02 अप्रैल 2025 को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत शहडोल, भूमिका भास्कर समाचार पत्र एवं संवेदना - 02 एक छोटी सी पहल के तत्वावधान में रक्तदान महानदान परोपकार सर्वो धर्म समिति के सहयोग से रक्तदान एवं निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन सिविल अस्पताल जयसिंहनगर में आयोजित किया गया, जिसमें कुल 15 लोगों ने रक्तदान किया साथ ही कुल मिलाकर 15 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र , बैच और जूस वितरित किया गया। रक्त सेंटर जिला चिकित्सालय शहडोल से उपस्थित श्यामला राव ने समस्त रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से हम लोगों का जीवन बचा सकते हैं, उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को रक्तदान के प्रति जागरूक होना होगा साथ ही रक्तदान के प्रति व्याप्त भ्रांतियों को भी दूर करना होगा। रक्तदान से किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं होती है न ही कोई दुष्प्रभाव होता है। इस दौरान मुख्य रूप से अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष अनंत पाण्डेय, अजय धारिया, अमन तिवारी, प्रिया सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयश्री कचेर, तहसील संयोजक अनुराग यादव, एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर के.एल. दीवान, रक्त सेंटर शहडोल से श्यामला राव, पत्रकार राकेश गुप्ता, अभाविप से आशीष कुमार गुप्ता शुभम द्विवेदी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**इन्होंने किया रक्तदान :** रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से डॉक्टर के एल दीवान, अनुराग यादव, दलवीर रैदास, रामकेश यादव, हर्ष गुप्ता, रामनरेश कुशवाहा, रामप्रसाद साहू, अमन तिवारी, अंकित नामदेव, रावेद्र सिंह, अमन त्रिपाठी, अनीता दत्त, महेंद्र कुशवाहा, आदित्य गुप्ता एवं राजकुमार यादव ने रक्तदान किया गौरतलब है कि 02 रक्तदाताओं ने पहली बार रक्तदान किया। पहली बार रक्तदान करने वाले दोनों ही युवाओं ने बताया कि रक्तदान करने में डरने जैसी कोई बात नहीं है।

3 वर्षो से लगातार आयुष्मान में निःशुल्क
नेशनल हॉस्पिटल, रीवा
कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी | पथरी का दूरबीन के द्वारा ऑपरेशन | प्रोस्टेट, हार्निया, हाइड्रोसील
पता-नेशनल हॉस्पिटल, समान तिराहा, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
Mob. : 917566831551, 18008890620, 8608600604
7 APRIL

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई-49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल-एरिया प्लॉट-2 प्रींटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी-125 सादतपुर कालोनी दिल्ली-110094 से प्रकाशित। RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादक:** अशोक त्रिपाठी * **संपादक** अनिल श्रीवास्तव * **समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय
**दिल्ली कार्यालय :** एस-557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली- 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** - 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल। **फोन :** 0755-4273868, 4203479 **फैक्स :** 4094417 **ई-मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)

# सलेहा थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत को दी विदाई

## जनता से सीधा संवाद व न्यायप्रियता के लिए जाने जाते थे थाना प्रभारी

**समय जगत, पन्ना।** विगत छः माह पूर्व पुलिस अधीक्षक पन्ना ने सायबर सेल प्रभारी अनिल सिंह राजपूत को सलेहा थाना का प्रभारी नियुक्त किया था। श्री राजपूत ने आते ही क्षेत्र में बढ़ते अपराधों , जुआ सट्टा मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर अंकुश लगा दिया था। जिससे आपराधिक गतिविधियों में काफी गिरावट आई उन्होंने साइबर सेल प्रभारी के साथ थाना प्रभारी के दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया। नाबालिग बालिका के साथ किए गए जघन्य अपराध के आरोपी को उनके नेतृत्व में कुछ ही चंद घंटों में पकड़ा गया। थानों में जनता का सीधा संवाद स्थापित हो जाने से लोगों को न्याय मिलने लगा और भ्रष्टाचार में अंकुश लगा । थाने के मध्यस्थों के मंसूबों में पानी फिर गया । गलत कामों पर लगाम लगी। थाना प्रभारी की कार्य शैली क्षेत्र में, पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी



गलत लोगो को संरक्षण न मिलने से जनता से सीधा संवाद होने से कुछ लोगों में नाराजगी भी दिखी लेकिन थाना प्रभारी की कार्य शैली की प्रशंसा जनता में देखने को मिली । विगत दिनों पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी की गई सूची में अनिल सिंह राजपूत का स्थानांतरण देख जनता दंग रह गई कि एक कुशल नियमानुसार न्याय प्रियता से कार्य संपादित करने वाले थाना प्रभारी का स्थानांतरण कैसे हो गया। ये विषय चर्चा का बिंदु बना हुआ है कि थाना प्रभारी स्वेच्छा से गए हैं या राजनीति का शिकार हुए हैं । जनता ने उनके विदाई समारोह में बता दिया कि उनकी कार्यशैली जनता को पसंद थी। सलेहा क्षेत्र वासियों ने थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत की आयोजित बिदाई समारोह में थाने में पहुंच कर आतिशबाजी के साथ फूल माला गिफ्ट देकर मीठा खिलाकर हर्ष उल्लास और भावुकतापूर्ण माहौल में विदाई दी गई । थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत ने अपने थाना स्टॉफ के मिले सहयोग की सराहना की साथ ही क्षेत्र वासियों के सहयोग, स्नेह, प्यार की तारीफ करते हुए कहा कि जनता को न्याय दिलाना मेरा कर्तव्य था, जिसका मैंने पुलिस स्टाफ और जनता के सहयोग से भलीभांति निर्वहन किया ।

# चमत्कारिक सिद्ध तांत्रिक शक्ति पीठ मां ज्वाला देवी के पास मनोकामना लेकर आते हैं श्रद्धालु

**समय जगत, खुरई।** देश के अनेक सिद्ध शक्ति पीठों में से एक अद्भुत सिद्ध तांत्रिक शक्ति पीठ ज्वालादेवी जी का मंदिर खुरई से 29 किमी दूर ग्राम जलंधर में स्थित है। शक्तिपीठ में अति प्राचीन देवी जी की प्रतिमा की कृति एवं भव्यता आश्चर्यचकित करती है। लगभग साढ़े तीन फुट ऊंची मां देवी ज्वाला देवी जी की मूर्ति पद्मासन मुद्रा में दो शेरों पर सवार हैं। मां के पीछे चक्र है, तथा शरीर के तीनो ओर विभिन्न् मुद्राओं में नौ देवियों के चित्र अंकित हैं। दूर से स्पष्ट ज्ञात होता है कि यह एक सिद्ध तांत्रिक शक्ति पीठ है। मूर्ति के बांयी ओर श्री गणेश जी की विलक्षण प्रतिमाएं हैं, जिनमें गणेश जी की दाहिनी जांघ पर रिद्धी-सिद्धी सुशोभित हैं। बाजू में ज्वाला देवी जी की नवीन मूति प्राण प्रतिष्ठा वर्ष 1987 में कराकर स्थापित की गई है।



मंदिर के पास ही नीचे हनुमान जी का मंदिर है, उसमें नीचे काल भैरव की विलक्षण एवं भव्य प्रतिमा स्थापित है। यह शक्ति पीठ विलक्षण आर्श्चयजनक चमत्कारों के लिए प्रसिद्ध है। जनश्रुति के अनुसार यहां पहले एक गांव बसा था, जिसमें सात सौ शंखों का नाद होता था। वैसे फूटे हुए मिट्टी के बर्तन, शंख के टुकड़े यत्र तत्र पड़े मिल जाते हैं। बाद में यह जंगल के रूप में परिवर्तित हो गया। एक किमी की दूरी पर छत्रसाल महाराज की अटारी अवशेष रूप में है। महाराज छत्रसाल प्रत्येक नवरात्रि में यहां आकर मां की उपासना करते थे। इसी क्षेत्र में मजीरा बाबा के नाम से प्रसिद्ध स्थान है। यहां पर पत्थरों को आपस में ठोकने से मंजीरों जैसी मधुर आवाज निकलती है। यहां पर चमत्कारी स्थल सोठ वाला कुण्ड तलैया है। वहां पर एक पत्थर की शिला पड़ी थी, समझा जाता है कि महाराजा छत्रसाल इस शिला पर स्नान करने आते थे। पत्थर की विशेषता है कि बिना साबुन के कपड़े धोने पर साफ हो जाते हैं। मात्र अवशेष मिलते है। सर्वे से बहुत सी जानकारी हासिल कर प्राचीन इतिहास को ज्ञात किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध सागौन काटकर सीहोर ले जाने वाले चोरों को वन अमले ने पकड़ा



**समय जगत, सिवनी मालवा ।** वन परिक्षेत्र बानापुरा सामान्य अंतर्गत बीट बोरकुण्डा से अवैध कटाई कर सागौन लट्ठों का परिवहन कर लौट रहे पिकअप वाहन के नंदरवाडा नाके के पास 25 मार्च को पंचर हो जाने के बाद सागौन लट्ठे 14 नग को खाली कर पंचर वाहन लेकर लकड़ी चोर फरार हो गये थे । इस बात की जानकारी लगने पर मुख्य वन संरक्षक नर्मदापुरम अशोक कुमार और वन मंडलाधिकारी नर्मदापुरम मयंक सिंह गुर्जर के निर्देशन में टीम गठित की गई । जिसने कार्यवाही करते हुए 2 स्थानीय आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की । जिनके बताए अनुसार सीहोर जिले के 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया । वहीं 30 मार्च को 7 आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया । वन परिक्षेत्र अधिकारी ज्ञानसिंह पवार ने बताया कि इस पूरे मामले में 2 स्थानीय आरोपी पहले रैकी करते थे । फिर अवैध कटाई कर सागौन की लकड़ी को बेचने सीहोर ले जाया जा रहा था । अवैध कटाई में संलिप्त वाहन पिकअप को भी जब्त किया गया । वाहन पर राजसात की कार्यवाही की जा रही हैं । वहीं सातों आरोपियों को म.प्र.विनिर्दिष्ट वनोपज ( विनियमन ) अधिनियम 1969 की धारा 5 एवं 15 तथा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 के अंतर्गत कार्यवाही की गई है ।

### महिलाओं ने पति की दीर्घायु और युवतियों ने योग्य वर की कामना के साथ गणगौर को दी विदाई




**समय जगत, सिवनी मालवा ।** सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु, सुखद जीवन की कामना और अविवाहित युवतियों द्वारा योग्य वर की कामना के लिए किए गए 16 दिवसीय गणगौर पर्व का मंगलवार को समापन किया गया । चैत्र शुक्ल पक्ष तीज को सुबह महिलाओं और युवतियों ने सजधज कर पूर्ण श्रद्धा भक्ति के साथ गोर गोर गोमती ईश्वर पूजा पार्वती के गीत गाते हुए श्री सीताराम मंदिर में ईसर गौर की पूजा अर्चना की । साथ ही कुमकुम, हल्दी, मेहंदी के टीके देकर गणगौर पर्व का समापन किया । शाम 5 बजे श्री सीताराम मंदिर कल्लू चौक से बैंड बजे के साथ पूर्ण श्रद्धा भक्ति और उत्साह से ईसर गौर की प्रतिमाओं को दूल्हा दुल्हन के रूप में सजाकर मारवाड़ी महिलाओं ने नगर के मुख्य मार्ग से नृत्य करते हुए शोभायात्रा निकाली । जो स्थानीय रामजानकी राधाकृष्ण मंदिर पर जाकर समाप्त हुई । जहां पाती झाले देने के साथ ईसर गौर को अपने-अपने पतियों के नाम लेकर पानी पिलाते हुए जवारे की बाड़ियों को विसर्जित किया गया । शोभायात्रा का नगर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया । शोभायात्रा में ब्राह्मण समाज, माहेश्वरी समाज, अग्रवाल समाज, जैन समाज सहित सकल मारवाड़ी समाज की महिला, युवतियां और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए ।

### जहर खाने से गर्भवती महिला की मौत

**समय जगत, कटनी ।** जहर पीने से गर्भवती महिला की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है । सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है । जानकारी के अनुसार पुष्पा बाई लोधी पति राजेंद्र लोधी 23 वर्ष अमगवां ने 29 मार्च को जहर पी लिया था । गंभीर हालत में परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था । सोमवार को उपचार के दौरान मौत हो गई है । पति राजेन्द्र ने बताया कि वह पत्नी को 6 माह का गर्भ था ।

# सीएम राइज विद्यालय पन्ना में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हुआ संपन्न

**समय जगत, पन्ना।** म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शिक्षा सत्र 2025-26 का शुभारंभ 1 अप्रैल से हो गया है। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम पूरे प्रदेश में बड़े उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है । जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सीएम राइज विद्यालय पन्ना में आयोजित हुआ , इस कार्यक्रम में मुख्य मंत्री के भोपाल में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की समाप्ति उपरांत जिला स्तरीय कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मीना पांडेय अध्यक्ष नगरपालिका परिषद पन्ना , कार्यक्रम के अध्यक्ष संतोष सिंह यादव उपाध्यक्ष जिला पंचायत पन्ना ,कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती आशा गुप्ता उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद पन्ना , सुरेश कुमार कलेक्टर पन्ना , उमराव सिंह मरावी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पन्ना , रवि प्रकाश खरे जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना , विपिन वर्मा जिला प्रभारी राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ,अजय गुप्ता जिला परियोजना समन्वयक के द्वारा मुख्यमंत्री के भोपाल में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की समाप्ति उपरांत विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं पाठ्य पुस्तकें भेंट करते हुए प्रवेशोत्सव मनाया गया।




कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों को आमंत्रित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया ।

विद्यार्थियों द्वारा प्रवेशोत्सव पर्व पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य जयकरण पटेल द्वारा आमंत्रित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया गया , कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हरिनारायण पांडेय द्वारा किया गया । मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार यह प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 01अप्रैल से 04 अप्रैल तक मनाया जाएगा। प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों को तिलक लगाकर निशुल्क पुस्तक वितरण किया जाना है । द्वितीय दिवस भविष्य से भेंट कार्यक्रम मनाया जाएगा। तृतीय दिवस पर विद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियां होंगी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। चतुर्थ दिवस को 'हार के आगे जीत है ' कार्यक्रम एवं शाला विकास प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया जाना है । प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में श्रीमती भारती श्रीवास्तव अतिरिक्त परियोजना समन्वयक, श्रीमती कविता त्रिवेदी बी. आर. सी.पन्ना , विभूति मोहन पटेरिया सहायक समन्वयक , पुष्पराज सिंह परमार जिला व्यावसायिक समन्वयक, राजेश मिश्रा जिला क्रीड़ा अधिकारी ,गोविंद तिवारी सहायक समन्वयक ,के.एस . त्रिपाठी डाइट पन्ना सहित संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्टाफ के सदस्य तथा अभिभावक गणों की गरिमामयी उपस्थिति रही , कार्यक्रम हर्ष सहित विधिवत रूप से संपन्न हुआ।

# सीएम राईज कोलारस में नये सत्र में मना प्रवेशोत्सव

**समय जगत, कोलारस।** लोकशिक्षण संचनालय के निर्देश पर सीएम स्कूल में प्रवेशोत्सव साज सज्जा एवं भव्य रूप में मनाया गया । सर्वप्रथम मुख्य अतिथि भाजपा जिला शिक्षा सहसंयोजक ओपी भार्गव विशिष्ठ अतिथि पूर्व नगरपंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र जैन डॉ देवेन्द्र दाँगी एवं प्राचार्य राकेश कुलश्रेष्ठ ने माँ सरस्वती के छाया चित्र दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । नए प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं एवं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को माला तिलककर स्वागत किया । मंच पर उपस्थित अतिथियों का प्राचार्य राकेश कुलश्रेष्ठ एवं विष्णु कुशवाह , विजय राव योगेन्द्र ददौरिया संतोष शर्मा दीपक भार्गव श्रीमती सोनम सेन श्रद्धा श्रीवास्तव राधवेन्द्र लोधी श्रीमती हेमलता अग्रवाल सीमा सैगर सदीप पारीक आशा भार्गव अंजनी चौहान सोनम जैन ने स्वागत किया । कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र जैन ने कहा कि हम सब मिलकर अधिक से अधिक स्कूल में प्रवेश दिलाएं ।

प्राचार्य राकेश कुलश्रेष्ठ ने स्कूल की वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी देते हुए अपने शिक्षकों की टीम से कहा कि मेहनत कर अधिक से अधिक प्रवेश दिलाएं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओ पी भार्गव ने उदबोधन में कहा कि प्रवेशोत्सव हम धूमधाम से मना रहे हैं जिससे अविभावक एवं पालक जागृत हों । छात्र छात्राओं का विद्यार्थी जीवन कुम्हार द्वारा बनाए गए मिट्टी के बर्तन की तरह होता है जिसमें शिष्य घड़ा और गुरू कुम्हार की तरह होता है। जिस प्रकार एक कुशल कुम्हार कच्ची मिट्टी के एक बर्तन को अंदर से सहारा देकर उसको सुन्दर आकार देकर पकने पर एक सुन्दर घड़े के रूप में परिवर्तित कर देता है ठीक उसी तरह एक गुरू अपने शिष्य को शिक्षा के द्वारा उसके जीवन की दिशा दशा बदल देता है ।

# शासकीय माध्यमिक विद्यालय बैड़ारी में मनाया प्रवेशोत्सव

**कोलारस।** विकासखंड के अंतर्गत एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय बैड़ारी में प्रवेशोत्सव 2025-2026 का आयोजन हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। नवीन सत्र के लिए विद्यालय में नवप्रवेशी छात्र- छात्राओं का विद्यालय परिवार ने तिलक व माला से स्वागत कर मिठाई का वितरण किया। वहीं सभी



विद्यालयीन छात्र- छात्राओं को नई कक्षाओं की पुस्तकें वितरित कर उनके बेहतर रखरखाव पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के अन्तर्गत बाल सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र सिंह लोधी ने पालकों, अभिभावकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने की अपील की तथा शाला की शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए उनका सहयोग मांगा। उन्होंने पालकों अभिभावकों से बच्चों के जरूरी दस्तावेज समय पर बनवाने और शाला को उपलब्ध कराने का आग्रह किया। क्योंकि वर्तमान में शिक्षकों को अपना बहुत सा समय और ऊर्जा बच्चों के दस्तावेजों को इकट्ठा करने , घर घर चक्कर लगाने में खर्च करना पड़ रहा है। इससे शाला की शैक्षिक लब्धियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सरकार द्वारा विद्यालयों को पुस्तकें, गणवेश सहित तमाम आवश्यक भौतिक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इनके अधिकतम, श्रेष्ठतम उपयोग के लिए समुदाय का सहयोग जरुरी है।

पालक अभिभावक शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से विद्यालय की गतिविधियों में भागीदारी करें, ग्राम की शैक्षिक उन्नति में सहयोग करें। कार्यक्रम में शैक्षणिक स्टाफ से मनीष कुमार, नितिन कुमार गौड़, शिवचरण जाटव, दाताराम जाटव, हरवंश आदिवासी, सरवदी आदिवासी सहित कई पालकअभिभावक, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जिला, तहसील, विकासखंड और ग्राम पंचायतों में आयोजित हुई जनसुनवाई

**समय जगत, कटनी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 103आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं गई। जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायतों, तहसील और विकासखंड मुख्यालयों में भी किया गया। जहां पहुँचे आवेदकों ने अपनी समस्यायें बताई एवं आवेदन दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर निधि सिंह, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, संस्कृति शर्मा, विवेक गुप्ता, ज्योति लिल्हारे मौजूद रहें।



**रोजगार दिलायें:** ग्राम गैरतला तहसील विजयराघवगढ़ निवासी राकेश कुमार द्विवेदी पिता रामदत्त द्विवेदी ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरी भूमि जिसका खसरा नंबर 861/9997/3 व 1060 है। यह भूमि कुटेश्वर लाइम स्टोन माइंस के द्वारा अधिग्रहित कर इसका उपयोग किया जा रहा है। जिससे मैं इस भूमि पर कृषि कार्य नहीं कर पा रहा हूँ। जिससे मेरे परिवार का भरण-पोषण नहीं हो पा रहा है। इसलिए मुझे कुटेश्वर लाइम स्टोन में रोजगार दिलाया जाय। जिस पर माइनिंग विभाग एवं एसडीएम विजयराघवगढ़ को समय-सीमा में उचित कार्यवाही करने के निर्देश जनसुनवाई में दिये गये।

**राशि गबन की करें जांच:** जनसुनवाई के दौरान बहोरीबंद डिहुटा निवासी आवेदक लल्लू सिंह द्वारा आवेदन देते हुए बताया गया कि नन्ही बाई यादव पति स्व. जगदीश यादव के नाम पर पीएम आवास मंजूर हुआ था। जिसकी प्रथम किश्त 25 हजार रूपये तत्कालीन ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, सहायक सचिव एवं इंजीनियर श्री वर्मा द्वारा नन्ही बाई पति स्व. नंदू यादव के खाते नंबर 34099032945 में डालकर निकलवा ली गई। शिकायत करने पर 40-40 हजार रुपये की दो किश्त नन्ही बाई यादव पति जगदीश के खाता नं. 33480524748 में दी गई। परंतु पुनः आखिरी किश्त 15 हजार रूपये फर्जी खाते में डालकर गबन कर लिया गया। जिस पर सीईओ जनपद पंचायत बहोरीबंद को समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हुआ आयोजित

**समय जगत, खुरई।** शास.पं.के.सी. शर्मा उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया नोडल अधिकारी डॉ विनोद राय ने बताया कि शासण्पंण्केण्सीण्शर्मा उत्कृष्ट विद्यालय में नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को तिलक रोली लगाकरए निःशुल्क पुस्तकें प्रदाय कर उपहार स्वरूप एक एक पेन काफी भी सभी उपस्थित छात्र छात्राओं को भेंट किए गए। एसडीएम मनोज कुमार चौरसिया जी ने छात्र छात्राओं की क्लास लेते हुए एक घंटे में फिजिक्स, गणित, अंग्रेज़ी, विज्ञान से संबंधित प्रश्नों का जवाब देकर छात्र- छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधन किया।इस अवसर पर मुख्यातिथि श्रीमती नन्नी बाई अहिरवार अध्यक्ष नगर




पालिका,जमना प्रसाद अहिरवार अध्यक्ष जनपद पंचायत, हेमचंद बजाज, देशराज सिंह यादव,इन्द्र कुमार राय पूर्व नगर पालिका अध्यक्षए इन्द्राज सिंह ठाकुर बीईओ रविकांत असाटी, कार्यवाहक प्राचार्य अशोक पाराशर, रामजी सिंह ठाकुर, स्वल्पना नायक,रवीन्द्र खाटोल व समस्त शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन डॉ विनोद राय ने किया।पीएम श्री ललिता शास्त्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता रामनिवास माहेश्वरी, प्रवीण जैन संजय समैया अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। बच्चों को विशिष्ट भोजन कराने के साथ तिलक लगाकर माला पहनकर पुस्तक और अन्य जरूरी शिक्षण सामग्री वितरित की गई । विद्यालय प्राचार्य एच एन जिजोतियां द्वारा छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा को अनिवार्य बताया और मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन दीपक शर्मा द्वारा किया गया और अंत में सभी का आभार विद्यालय प्राचार्य द्वारा किया गया। इस इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# पुलिस ने किया चोरी की वारदात का पर्दाफाश

## मकान में सेंध लगाकर की थी चोरी, एक आरोपी गिरफ्तार

**समय जगत, कटनी।** बाकल थाना क्षेत्र के अंतर्गत घरो में नकबजनी कर चोरी करने वाले चोरों को बाकल पुलिस ने चोरी गए समान सहित पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। बाकल थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल ने बताया कि बाकल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पटोरीखुर्द में अज्ञात चोरों ने कमरे में पीछे तरफ से दीवार में सेंध लगाकर आलमारी का ताला तोड़कर 46 हजार 500 रूपये चोरी कर लिए ले गए थे। रूपए चोरी करके ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद के दिशा निर्देशन में चोरों के खिलाफ टीम बनाकर त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। प्रकरण में संदेही आरोपी कददू उर्फ राहुल मांझी पिता वंशीलाल मांझी



निवासी घुघरा चौकी बिलहरी से पूछताछ पर ग्राम पटोरीखुर्द में चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल किया। आरोपी से 5 हजार रूपये नकद बरामद किए गए। आरोपी ने पूछताछ में दो साथियों के नकबजनी करने में शामिल होना एवं वर्तमान में फरार होना बताया। प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल, एएसआई बीएम चौधरी, प्रधान आरक्षक अवधेश मिश्रा, आरक्षक राजभान पटेल, आरक्षक इन्द्रभान मर्सकोले की विशेष भूमिका रही।

# खुशवंत को चुना गया मैन ऑफ द मैच



**समय जगत, भोपाल।** विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित तृतीय विधायक कप में रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी और ए सी इ क्रिकेट क्लब के बीच हुआ जिसमें ए सी इ क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और पूरे 35 ओवर खेलते हुए 265 रनों का बड़ा लक्ष्य रखा जिसमें खुशवंत ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 100 रन बनाए और मनमोहन ने 55 रन बनाए और शोएब विराज और विवान ने 1 1 विकेट लिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी मात्र 83 रनों पे ऑल आउट हो गई जिसमें सार्थक ने सर्वाधिक ने 14 रन बनाए और खुशवंत ने 3 विकेट जबकि मनमोहन और आयुष्मान ने 2 2 विकेट लिए और ए सी इ क्रिकेट अकादमी ने यह मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। खुशवंत को ऑल राउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।



**समय जगत, मधुसूदनगढ़।** मंगलवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय रघुनाथपुरा में शासन के निर्देशानुसार बड़े धूमधाम से प्रवेश उत्सव सत्र – 2025–2026 मनाया गया एवं छात्र–छात्राओं को नि:शुल्क अभ्यास पाठ्य पुस्तक वितरण की गई एवं बालक बालिकाओं को मध्यान भोजन कराया गया प्रवेश उत्सव के तहत संस्था प्रधान सन्तोष कुमार लोधी ने बालक बालिकाओं को तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया सरस्वती मां की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ प्रवेश उत्सव 2025–2026 का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्री निर्मल दांगी, समस्त स्टाफ एवं बालक बालिका आदि उपस्थित थे।

## पुलिस की बर्बरता को लेकर रघुवंशी समाज का उग्र प्रदर्शन, सभा के बाद हाइवे पर चक्काजाम



**समय जगत, सिलवानी।** आधा घंटे चले चक्काजाम में सड़क पर लग गई वाहनों की लंबी कतारें सिलवानी। रविवार की देर रात पुलिस की घर में घुसकर खुलेआम गुंडागर्दी का मामले में रघुवंशी समाज द्वारा बुधवार को बड़ी संख्या में एकत्रित होकर बजरंग चौराहा से वाहनों की रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंच कर आमसभा की गई।आमसभा के बाद एसडीएम पीसी शाक्य को ज्ञापन सौंपा गया। जिसके आक्रोशित रघुवंशी समाज द्वारा राजमार्ग 44 थाने के सामने चक्काजाम लगाकर सड़क पर बैठकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सिलवानी थाना क्षेत्र के ग्राम साईखेड़ा के एक प्रतिष्ठित परिवार के साथ शराब के नशे में घर में घुसकर की अभद्रता परिजनों का आरोप। थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह कुशवाहा के साथ चार पुलिस कर्मियों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में भी कैद। सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुशवाहा ने सिविल ड्रेस में बृजेश चौधरी के घर के गेट पर जमकर मारी लाते और की गाली गलौज की थी। इस दौरान एसडीओपी अनिल मौर्य ने लिखित में दोषी पुलिस कर्मियों को निलंबित करने की अनुशंसा पुलिस अधीक्षक को करने संबंधी पत्र सौंपा गया जिसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

### न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल वृत्त-2 गोविन्दपुरा, भोपाल

**आम सूचना**

**प्रकरण क्रमांक 1105/अ-6/2024-25**

आवेदकगण– 1. रमेश कुशवाहा आ. स्व. श्री हरीराम 2. बल्लू कुशवाहा आ. स्व. श्री हरीराम 3. सीताराम कुशवाहा आ. स्व. श्री हरीराम 4. श्रीमती आशा बाई कुशवाहा पत्नी श्री ओमप्रकाश पुत्री स्व. श्री हरीराम निवासीगण – शिव मंदिर के पास खुशीपुरा तहसील हुजूर जिला भोपाल द्वारा स्थित भूमि ग्राम – चॉदबड खसरा क्रमांक 44/1/3, 44/2 के अंशभाग मे से रकबा 0.930 हे. भूमि का फौती नामांतरण किये जाने हेतु, म.प्र. भू–राजस्व संहिता – 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना के जारी होने की दिनांक से 07 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में अपत्ति प्रस्तुत ना करने की दशा में या बाद में की गयी आपत्ति पर न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा। उदघोषणा न्यायालय की मुद्रा में मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार**
**नजूल वृत्त - 2 गोविन्दपुरा भोपाल**

### कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी (म.प्र.)

क्रमांक/01/रा.वि./ना.शा./2025 — कटनी दिनांक 01/04/2025

**नामांतरण सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि म0प्र0 नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत निम्नलिखित भवनों पर नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुये है भवन के नाम परिवर्तन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होन की दशा मे मात्र कर वसूली हेतु करपजी में नाम परिवर्तन की कार्याही की जावेगी।

| क्रं. | नाम हस्तांतरक | नाम हस्तांतरिती | नामांतरण का आधार | भवन क्रमांक एवं वार्ड का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रामाधीन / श्री देवी हरिजन | श्री शारदा प्रसाद / स्व. रामाधीन कुण्डे | मृत्युप्रमाणपत्र शपथपत्र | 478 चन्द्रशेखर आजाद वार्ड |
| 2 | ट्रेक्वे सिक्योरिटीज एण्ड फायनेस प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री ललित कुमार मित्तल/स्व.सी. आर. मित्तल | श्री कमल कुमार / श्री बुधरमल कुंदनानी | रजिस्ट्री | 1143 का अंश भाग सावरकर वार्ड |
| 3 | श्रीमति नन्ही बाई / श्री मनडोली गूजार पटेल | श्री देवेन्द्र कुमार / श्री परसराम पटवा | रजिस्ट्री | 588 अम्बेडकर वार्ड |
| 4 | श्रीमति हरभजन कौर / श्री अजीत सिंह | श्री त्रिलोचन सिंह / श्री अजीत सिंह | रजि. दानपत्र मृत्युप्रमाणपत्र शपथपत्र | 181 अम्बेडकर वार्ड |
| 5 | श्री धनवीर सिंह / श्री बच्चू सिंह | श्री राकेश प्रसाद / श्री मोहन प्रसाद | रजिस्ट्री राज.आदेश अनुवृत्तिपत्र शपथपत्र | 572 अम्बेडकर वार्ड |
| 6 | माँ वैष्णवी कमोडिटीज एल. एल. पी. श्री अमित राजोरिया / श्री नवल किशोर राजोरिया | श्रीमति अम्रता गुप्ता/ श्री मनोज कुमार गुप्ता | रजिस्ट्री | 921के अंश के अंश भाग अम्बेडकर वार्ड |
| 7 | माँ वैष्णवी कमोडिटीज एल. एल. पी. श्री अमित राजोरिया / श्री नवल किशोर राजोरिया | श्रीमति वंदना / श्री मुकेश कुमार पाठक | रजिस्ट्री | 921के अंश के अंश भाग अम्बेडकर वार्ड |
| 8 | माँ वैष्णवी कमोडिटीज एल. एल. पी. श्री अमित राजोरिया / श्री नवल किशोर राजोरिया | श्रीमति वंदना / श्री मुकेश कुमार पाठक | रजिस्ट्री | 921के अंश के अंश भाग अम्बेडकर वार्ड |
| 9 | माँ वैष्णवी कमोडिटीज एल. एल. पी. श्री अमित राजोरिया / श्री नवल किशोर राजोरिया | श्रीमति चंद्रमणि यादव / श्री संतोष कुमार दीपक | रजिस्ट्री | 921के अंश के अंश भाग अम्बेडकर वार्ड |
| 10 | एस.पी.जे.अर्थ इंडिया प्रा.लि. द्वारा डायरेक्ट श्री नवनीत खण्डेलवाल / स्व. नवलकिशोर खण्डेल वाल | श्री कमल कुमार / स्व. रामस्वरूप श्रीवास्तव | रजिस्ट्री राज.आदेश अनुवृत्तिपत्र | 921के अंश के अंश भाग अम्बेडकर वार्ड |

**राजस्व अधिकारी**
**नगरपालिक निगम कटनी**

### कार्यालय - बहु. प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कोलुआपठार

पंजीयन क्र. 14305, दिनांक : 23.6.1967

क्रमांक /विशेष आमसभा/2025/0Q — दिनांक : 15.3.2025

**/ विशेष आमसभा सूचना / /**

प्रति,
सभी सम्माननीय अंशधारी सदस्य
विषय :- विशेष आमसभा का एजेण्डा।
महोदय,

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि संस्था की विशेष आमसभा की बैठक दिनांक 7.4.2025 को समय दोप. 2 :30 बजे स्थान संस्था कार्यालय में आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। इस सभा का एजेंडा निम्नानुसार होगा :-

1. मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 16 के तहत समिति के पुनर्गठन बाबत विचार।
2. उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला विदिशा के पत्र क्र. 373, दिनांक 10.3.2025 के साथ संलग्न पुनर्गठन योजना को स्वीकार करने बाबत विचार।
3. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

निर्धारित समय पर कोरम का अभाव होने पर आधा घंटा पश्चात् उस स्थान एवं दिनांक को विशेष आम सभा आयोजित होगी, जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।

समिति प्रबंधक
बहु. प्राथमिक कृषि साख
सहकारी समिति मर्यादित, कोलुआपठार

### कस्तूरबा गाधी बालिका विद्यालय स्लिमनाबाद

**जनपद शिक्षा केन्द्र बहोरीबंद समग्र शिक्षा जिला कटनी**

क्रमांक./के.जी.बी.वी/ 2025/161 — स्लिमनाबाद दिनांक 01/04/2025

**निविदा आमंत्रण**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय स्लिमनाबद जिला कटनी अंतर्गत सत्र 2024 25 हेतु आवासीय छात्रावास में निवासरत हेतु लकड़ी अलमेरा /वॉडरूम कबर्डस बनाये जाने हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जा रही है। उक्त निविदा संलग्न अनुसार दर दिनांक 07.04.2025 दोपहर 12 :00 बजे तक आमंत्रित की जावेगी। निविदा दिनांक 08.04.2025 को दोपहर 02 :00 बजे गठित छात्रावास शाला प्रबंधन के समक्ष खोली जावेगी।

निविदा प्रपत्र/फार्म जमा करते समय आवश्यक वांछित अभिलेख की छायाप्रति (जीएसटीएन, विगत वर्ष का आयकर रिर्टन एवं अन्य वाछित दस्तावेज) एवं रू. 10000/–की डी.डी. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय स्लिमनाबाद शाला प्रबंधन समिति के नाम से देय होगी। सामग्री हेतु एजेंसी /फर्मो से दरें आमंत्रित की जाती है। शेष नियम एवं अन्य विस्तृत शर्ते प्रारूप कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय स्लिमनाबद जिला कटनी जनपद शिक्षा केन्द्र बहोरीबंद जिला कटनी में उपस्थित होकर रू. 200/–जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**अध्यक्ष एवं सचिव**
**कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय स्लिमनाबद**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद मण्डीदीप, जिला–रायसेन म0प्र0

क्र./34/राजस्व/न.पा./2025 — मंडीदीप दिनांक 01.04.2025

**//हकअन्तरण आपत्ति सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नगर पालिका के संपत्ति कर खाते में हकअन्तरण की कार्यवाही की जाना है अतः जिन व्यक्तियों को निम्नलिखित वार्ड क्र. ......... के समक्ष लिखित व्यक्तियों व भवन भूखण्ड के हकअन्तरण में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति नगर पालिका मण्डीदीप के कार्यालय में लिखित प्रमाण प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा संबंधित व्यक्तियों के नाम से हकअन्तंरण की कार्यवाही की जावेगी।

| क्र | नस्ती क्र0 | भवन भूमि/प्लाट/वार्ड का विवरण | विक्रेता का नाम | क्रेता का नाम | क्षेत्रफल | नामांतरण काआधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10224 | दुकान क्रमांक–8, शीतल होम्स अपार्टमेंट,वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप | श्री अनिल कुमार मालवीय पिता श्री नर्वदा प्रसाद मालवीय | श्रीमति अपुर्वा पांडे पत्नि श्री योगेश पांडे | 20.43 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 2 | 10225 | भूखण्ड क्रमांक–104(कार्नर), मोहन नगर,वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप | 1.श्री मोहनलाल अग्रवाल पिता स्वः श्री फूलचंद अग्रवाल,2.श्रीमति पुष्पा अग्रवाल पत्नि श्री मोहनलाल अग्रवाल, | श्रीमति पूनम सिंह पत्नि श्री अमित कुमार सिंह | 64.12 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 3 | 10226 | भूखण्ड क्रमांक–106, आदित्य विहार कालोनी फेस–03,वार्ड क्रमांक–24, मण्डीदीप | फर्म DP INFRATECH | श्री अशोक महोबे पिता श्री चिरोंजी महोबे | 69.70 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 4 | 10227 | फ्लेट क्रमांक–एस.एफ–15, शीतल सिटी,वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप | मेसर्स श्री प्रभाकर कंस्ट्रक्शन कंपनी | श्री राहुल शर्मा पिता श्री रमेशचन्द्र शर्मा | 450 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 5 | 10228 | भूखण्ड क्रमांक–64, बी–सैक्ट इन्द्रानगर,वार्ड क्रमांक–11, मण्डीदीप | श्री श्रवण भटनागर पिता श्री एन.सी.भटनागर | 1.श्री राजा जनक, 2.श्री हीरानन्द पुत्रगण श्री तुलसीराम | 216. वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 6 | 10229 | भूखण्ड क्रमांक–63, सेठ फूलचंद नगर फेस–2,वार्ड क्रमांक–01, मण्डीदीप | 1.श्री मोहनलाल अग्रवाल पिता स्वः श्री फूलचंद अग्रवाल,2.श्रीमति पुष्पा अग्रवाल पत्नि श्री मोहनलाल अग्रवाल, | श्रीमति सुनीता पटेल पत्नि श्री अखिलेश कुमार पटेल | 102.23. वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 7 | 10230 | वार्ड क्रमांक–02, मण्डीदीप | स्वः श्री नेपाल सिंह राजपूत पिता श्री बाबू सिंह राजपूत | श्रीमति सुनीता राजपूत पत्नि स्वः श्री नेपाल सिंह राजपूत | 70.23. वर्गमीटर | मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 8 | 10231 | दुकान क्रमांक–8, शीतल होम्स अपार्टमेंट,वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप | श्री रमा श्रीवास्तव पत्नि श्री रमेश श्रीवास्तव | श्री अनिल कुमार मालवीय पिता श्री नर्बदा प्रसाद मालवीय | 20.43. वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 9 | 10232 | वार्ड क्रमांक–05, दुर्गा चौक के पास, मण्डीदीप | श्री मनोहर मोरी पिता श्री भागीरथ मोरी | श्रीमति कुसुम मीना पत्नि श्री पर्वत सिंह मीना | 22.75 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 10 | 8030 | फ्लेट न. 105, वार्ड क्रं. 01 दीप नगर मंडीदीप | मेसर्स ग्लोबल कन्स्ट्रकशन | 1.श्री अनिल पाटीदार पिता श्री हरिनारायण पाटीदार, 2.श्रीमति लक्ष्मी बाई मंडलोई पत्नि श्री हरिनारायण पाटीदार, | 34.85 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 11 | 10233 | वार्ड क्रमांक–03, हरिजन मोहल्ला, मण्डीदीप | श्री सहदेव देशमुख पिता श्री संतोष राव देशमुख | 1.श्रीमति ज्योति पाटिल पत्नि श्री राजकुमार पाटिल,2.श्री राजकुमार पाटिल पिता श्री काशीराम पाटिल, | 74.814 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 12 | 10234 | भूखण्ड क्रमांक–39, महावीर नगर,वार्ड क्रमांक–01, मण्डीदीप | श्री खुमान सिंह पिता श्री मान सिंह | श्रीमति आशा रघुवंशी पत्नि स्वः श्री खुमान सिंह रघुवंशी | 13940 वर्गमीटर | रजिस्ट्री एवं मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 13 | 10235 | भूखण्ड क्रमांक–22, शीतल मेगा सिटी फेस–5,वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप | मेसर्स पुष्पदंत बिल्डर्स प्रा.लिमि | श्रीमति प्रियंका मिश्रा पत्नि श्री प्रदीप कुमार मिश्रा | 65.63 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 14 | 10236 | भूखण्ड क्रमांक–24, शीतल मेगा सिटी फेस–5,वार्ड क्रमांक–24, मण्डीदीप | मेसर्स पुष्पदंत बिल्डर्स प्रा.लिमि | श्रीमति प्रियंका शर्मा पत्नि श्री संजय शर्मा | 65.05 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 15 | 10237 | फ्लेट न.एफ.एफ–9 नानक्श टॉवर, वार्ड क्रं. 01 दीप नगर मंडीदीप | मेसर्स आरती बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स | श्रीमति अनिसा बी पत्नि श्री मुन्ने खॉ | 17.19 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 16 | 10238 | भूखण्ड क्रमांक–एल.आई.जी–55, हाउसिंग बोर्ड कालोनी,वार्ड क्रमांक–14, मण्डीदीप | 1.श्री कोमल प्रसाद शर्मा पिता श्री पन्ना लाल शर्मा, 2.श्रीमति कविता जयसवाल पत्नि श्री आनंद कुमार | श्रीमति सीता सिंह पत्नि श्री रमेश प्रसाद सिंह | 216 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 17 | 10239 | भूखण्ड क्रमांक–83, शीतल मेगा सिटी फेस–1,वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप | मेसर्स पुष्पदंत बिल्डर्स प्रा.लिमि | श्री सुरेश गुप्ता पिता श्री दीनदयाल गुप्ता | 74.42 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 18 | 10240 | भूखण्ड क्रमांक–88, बिंदिया कालोनी,वार्ड क्रमांक–24, मण्डीदीप | श्री मिश्रीलाल पिता श्री गुलजारीलाल लोवंशी | श्री तेजराम विश्वकर्मा पिता श्री छोटेराम विश्वकर्मा | 37.17 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 19 | 10241 | भूखण्ड क्रमांक–1–18, मॉ नर्मदापुरम कॉलोनी (फेस–2–बी),वार्ड क्रमांक–24, मण्डीदीप | मेसर्स टुरू वेल्यू होम्स | श्रीमति पूजा गिरि पत्नि श्री आशुतोष गिरी | 41.82 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 20 | 10242 | भूखण्ड क्रमांक–एच–33, मॉ नर्मदापुरम कॉलोनी (फेस–2–बी),वार्ड क्रमांक–24, मण्डीदीप | मेसर्स टुरू वेल्यू होम्स | श्रीमति लक्ष्मी बाई पत्नि श्री राम सिंह | 46.39 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 21 | 10243 | फ्लेट न.–507, किंग पार्क सिटी, वार्ड क्रं. 24 मंडीदीप | मेसर्स किंग्स इन्फ्रा | 1.श्री अजय कुमार कौरव पिता श्री गोविन्द सिंह कौरव, 2.श्रीमति आशा कौरव पत्नि श्री अजय कुमार कौरव, | 52.00 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 22 | 10244 | भूखण्ड क्रमांक–सी–148, हिमांशु मेगा सिटी,वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप | मैसर्स श्री पारस नाथ बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 1.श्री राकेश बेनीसिंग पिता श्री बेनीसिंग आसरे, 2.श्री जगदीश बेनीसिंग आसरे पिता श्री बेनीसिंग आसरे, | 52.04 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 23 | 10245 | भूखण्ड क्रमांक–एल.आई.जी–04(कार्नर), शिव प्रेम वाटिका,वार्ड क्रमांक–24, मण्डीदीप | मेसर्स स्वप्निल रियल इस्टेट | श्रीमति छोटी बाई लोधी पत्नि श्री सीता राम | 46.47 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 24 | 10246 | भूखण्ड क्रमांक–57, शिवाय रेसीडेंसी वार्ड क्रमांक–24, मण्डीदीप | मेसर्स शिवाय डेवलपर्स | श्री नंदकिशोर लोधी पिता श्री प्रहलाद सिंह | 74.42 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 25 | 10247 | भूखण्ड क्रमांक–186, सुन्दरम विहार वार्ड क्रमांक–23, मण्डीदीप | मेसर्स आर.के बिल्डकॉन | 1.उमा शर्मा पुत्री स्वः श्री मिन्टू शर्मा,2. श्रीमति पूनम शर्मा पत्नि स्वः श्री मिन्टू शर्मा, | 65.05 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |

प्रियंकाराजेन्द्र अग्रवाल,
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद मण्डीदीप

### न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोलार जिला भोपाल

**प्रकरण क्रमांक 4748/अ–6/2024/25**

**:: उद्घोषणा पत्र ::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कमलेश गुलवानी आ. स्व. श्री शिवलाल गुलवानी व अन्य निवासी भोपाल म.प्र. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय क्र. एमपी059702024ए1614891 दिनांक 20/05/24 ग्राम समरधा कलियासोत प.ह.नं. स्थित भूमि खसरा नंबर 17 कुल रकबा 4.800 हे. में से प्लाट क्रं. ए–42 जिसका रकबा 205.48 वर्गमीटर भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है।

2– उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था कोई आपत्ति हो तो वह 11.04.2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 02/04/2025 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार, भोपाल**

### न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, भोपाल

**क्रमांक 4874/अ–6/2024–25**

**// इश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण आवेदक श्रीमती अर्जुन सिंह चड्डा आत्मज धर्म पाल सिंह चड्डा ने आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109–110 मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम रतनपुर सडक स्थित भूमि खसरा क्रमांक 478/2 रकबा 0.0700 का रजिस्टर्ड / विक्रय पत्र दिनांक 10/06/1999 के आधार पर नामान्तरण किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के 15 दिन के भीतर इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

पेशी 11/04/25

**नायब तहसीलदार**
**तहसील कोलार, भोपाल**

### जाहिर सूचना

**कृषि भूमि स्थित– उमरिया, पटवारी हल्का नम्बर – 25 / 10, ( पटवारी हल्का – औबेदुल्लागंज ), विकास खण्ड – औबेदुल्लागंज तहसील – गौहरगंज, जिला रायसेन ( म0प्र0 ) के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जयमान मिंज आत्मज श्री अनोईज मिंज जाति– उरॉव (आदिवासी) निवासी – अरविंद विहार बाग, मुगालिया भोपाल जिला – भोपाल ( म0प्र0 ) ने विक्रेता ( 1 ) रानी बाई पुत्री श्री मदनलाल, ( 2 ). पार्वती बाई पुत्री श्री मदनलाल ( 2 ). सुनीता बाई पुत्री श्री मदनलाल तीनो जाति–गौंड (आदिवासी) सभी निवासीगण–उमरिया ( वार्ड नम्बर– 07, नगर परिषद औबेदुल्लागंज), तहसील – गौहरगंज जिला – रायसेन ( म0प्र0 ) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम – उमरिया, पटवारी हल्का नम्बर – 25 / 10, (पटवारी हल्का – औबेदुल्लागंज) विकास खण्ड – औबेदुल्लागंज, तहसील–गौहरगंज जिला – रायसेन (म0प्र0) में स्थित है, जिसका भूमि खसरा क्रमशः (1). भूमि खसरा नम्बर– 150 / 3 रकबा 0.0710 हेक्टेयर, (2) भूमि खसरा नम्बर – 243 /2/2/2 रकबा 0.0740 हेक्टेयर, ( 3 ). भूमि खसरा नम्बर – 150 / 1 रकबा 0.0720 हेक्टेयर, (4) भूमि खसरा नम्बर–243/2/3 रकबा – 1.9230 हेक्टेयर, ( 5 ). भूमि खसरा नम्बर – 243 /2/1/1 रकबा –1.1870 हेक्टेयर, (6). भूमि खसरा नम्बर – 243 / 1 रकबा 0.8090 हेक्टेयर, ( 7 ). भूमि खसरा नम्बर – 243 / 2/1/2 रकबा 0.7430 हेक्टेयर, ( 8 ). भूमि खसरा नम्बर – 150 / 2 रकबा 0.0710 हेक्टेयर, ( 9 ). भूमि खसरा नम्बर– 243/2/2/1 रकबा – 1.2540 हेक्टेयर, इस प्रकार कुल रकबा – 6.2040 हेक्टेयर अर्थात 15.32 एकड़ भूमि को कय करने का अनुबंध कर ब्याना / टोकन राशि का भुगतान कर दिया है जिसके विक्रय – पत्र का पंजीयन ( रजिस्ट्री ) होना शेष ( बाकी ) है, यदि किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, सोसायटी, फर्म, बैंक, हितवद्ध व्यक्ति इत्यादि को उक्त भूमि विक्रय / हस्तान्तरण किये जाने में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त भूमि कही अन्यत्र, रहन, विक्रय, अनुबंधित, दान, बंधक आदि हो तो वह मेरे कार्यालय में 07 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर रसीद प्राप्त करें, अन्यथा मेरा पक्षकार समयावधि पूर्ण होने के उपरांत उक्त भूमि की रजिस्ट्री एवं रजिस्ट्री पश्चात् नामान्तरण अपने पक्ष में करा लेगा, समयावधि के बाद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा शून्य, अवैधानिक व झूठी समझी जावेगी।

भवदीय
विनोद साहू (एडवोकेट) कार्यालय
साहू लॉ चेम्बर
बिजली घर के पास, शासकीय पशु चिकित्सालय के ठीक सामने
गौहरगंज रोड, औबेदुल्लागंज, जिला - रायसेन (म0प्र0)
मोबाईल नम्बर- 9993059594

### जाहिर सूचना

**कृषि भूमि स्थित – सतलापुर, पटवारी हल्का नम्बर – 16, (पटवारी हल्का – मण्डीदीप), विकास खण्ड – औबेदुल्लागंज, तहसील – गौहरगंज, जिला – रायसेन (म0प्र0) के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री सुखसागर होम्स पता – निवासी – विजय मार्केट, मण्डीदीप तहसील – गौहरगंज जिला – रायसेन (म0प्र0) द्वारा पार्टनर (1) श्री अरविन्द कुमार जैन आत्मज श्री राजकुमार जैन, (2). श्री करन चौरसिया आत्मज श्री दुर्गाप्रसाद चौरसिया ( 3 ) श्री वरूण कुमार कालरा आत्मज श्री संतोष कुमार कालरा जी ने विक्रेता श्री किशोरीलाल लोवंशी आत्मज श्री हीरालाल लौवंशी आयु – वयस्क, निवासी– सतलापुर, वार्ड नम्बर – 17, नगर पालिका मण्डीदीप, तहसील– गौहरगंज जिला – रायसेन (म0प्र0) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आ पत्य की भूमि स्थित ग्राम – सतलापुर, वार्ड नम्बर – 17 नगर पालिका मण्डीदीप, पटवारी हल्का नम्बर–16, (पटवारी हल्का – मण्डीदीप ) विकास खण्ड – औबेदुल्लागंज, तहसील – गौहरगंज जिला – रायसेन (म0प्र0) में स्थित है, जिसका भूमि खसरा नम्बर – 198 / 1 /1 (एस) रकबा–3.0180 हेक्टेयर भूमि में से विक्रय रकबा – 1.6190 हेक्टेयर भूमि अर्थात 4.00 एकड़ भूमि को क्रय करने का अनुबंध कर ब्याना / टोकन राशि का भुगतान कर दिया है जिसके विक्रय– – पत्र का पंजीयन (रजिस्ट्री) होना शेष (बाकी) है, यदि किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, सोसायटी, फर्म, बैंक, हितवद्ध व्यक्ति इत्यादि को उक्त भूमि विक्रय / हस्तान्तरण किये जाने में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त भूमि कही अन्यत्र, रहन, विक्रय, अनुबंधित, दान, बंधक आदि हो तो वह मेरे कार्यालय में 07 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर रसीद प्राप्त करें, अन्यथा मेरा पक्षकार समयावधि पूर्ण होने के उपरांत उक्त भूमि की रजिस्ट्री एवं रजिस्ट्री पश्चात् नामान्तरण अपने पक्ष में करा लेगा, समयावधि के बाद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा शून्य, अवैधानिक व झूठी समझी जावेगी(

भवदीय
विनोद साहू (एडवोकेट) कार्यालय
साहू लॉ चेम्बर
बिजली घर के पास, शासकीय पशु चिकित्सालय के ठीक सामने
गौहरगंज रोड, औबेदुल्लागंज, जिला - रायसेन (म0प्र0)
मोबाईल नम्बर- 9993059594

### जाहिर सूचना

**खसरा क्रमांक 55/2, कुल रकबा 1.821 हेक्टेयर, (4.50 एकड़) मे से 1.700 हेक्टेयर (4.20 एकड़) ग्राम विशनखेड़ा, तहसील-गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र. के संबंध मे।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हाकिम सिंह उर्फ हाकम सिंह पुत्र श्री गंगाराम गुर्जर, निवासी ग्राम विशनखेड़ा, तहसील–गौहरगंज, जिला रायसेन के स्वत्व/स्वामित्व/आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा नं. 55/2, कुल रकबा 1.821 हेक्टेयर, (4.50 एकड़) जो कि ग्राम विशनखेड़ा, तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन म.प्र. मे स्थित है उक्त कृषि भूमि मे से 1.700 हेक्टैयर (4.20 एकड़) भूमि का विक्रय का करार/अनुबंध भूमि स्वामी श्री हाकिम सिंह उर्फ हाकम सिंह गुर्जर द्वारा मेरे पक्षकार **Eris Bionxt Privat Limited through Authorised** से किया जा रहा है उपरोक्त संपत्ति के संबंध मे किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक/फर्म सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति को कहीं दान, बंधक गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय अनुबंध इत्यादि किया गया हो या कोई न्यायालीन विवाद हो तो वह व्यक्ति/संस्था/ बैंक/ फर्म/ सरकारी/गैर सरकारी कार्यालय इस सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे कार्यालय मे मय दस्तावेजो के उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे समयावधि उपरांत किसी प्रकार का कोई दावा/स्वत्व/आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी और मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति की संपूर्ण राशि को श्री हाकिम सिंह गुर्जर को अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष मे कराने के लिये स्वतंत्र होगे।

भवदीय **रोहित यादव** (एडवोकेट)
कार्या.:-56,सी.आई. एन्क्लेव
चूनाभट्टी कोलार रोड भोपाल
मो. 9993020804

### आम-सूचना

**खसरा क्रमांक 57/4/3, कुल रकबा 1.728 हेक्टेयर, (4.27 एकड़) ग्राम गरूखेड़ी, तहसील-गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र. के संबंध मे।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री नमन चौधरी पुत्र श्री महेश चंद्र चौधरी के स्वत्व, स्वामित्व की डायवर्टेड भूमि खसरा क्रमांक 57/4/3, कुल रकबा 1.728 हेक्टेयर, (4.27 एकड़) ग्राम गरूखेड़ी, तहसील–गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र. मे स्थित है उक्त भूमि पर मेरे पक्षकार द्वारा बैंक से ऋण प्राप्त किया जायेगा। उक्त भूमि को श्रीमति प्रीति तिवारी पुत्री स्व. श्री गोकुल कनाडे ने श्री मनमोहन सिंह पुत्र स्व. श्री इमरतलाल पाल से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया है जिसके पंजीयन का इंद्राज उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज मे ई.पंजीयन संख्या क्रमांक एमपी292632015ए1048093, दिनांक 22.08.2015 मे दर्ज है जो कि उपरोक्त संपत्ति की प्रथम लिंक रजिस्ट्री है उक्त खसरा क्रमांक 57/4/3 की मूल रजिस्ट्री दिनांक 22.08.2015 कही गुम हो गई है तथा काफी प्रयास करने के उपरांत भी उक्त डीड की मूल कॉपी नही मिल पा रही है उक्त संपत्ति की मूल प्रति दिनांक 22.08.2015, जिस किसी को मिले वह मेरे कार्यालय मे उक्त दस्तावेज को प्रस्तुत करें एवं उक्त संपत्ति के संबंध मे किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय मे मय दस्तावेजो के आपत्ति प्रस्तुत करे एवं उपरोक्त डीड की मूल प्रति का कोई भी दुरूपयोग ना करें एवं मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बैंक के समक्ष बंधक रख कर ऋण प्राप्त करेगा। अतः सर्वविदित को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उक्त विक्रय पत्र दिनांक 22.08.2015 की मूल प्रति प्राप्त हो वह मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करें। निर्धारित समय वीतने के उपरांत कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार नही किये जायेंगें।

भवदीय **रोहित यादव** (एडवोकेट)
कार्या.:-56,सी.आई. एन्क्लेव
चूनाभट्टी कोलार रोड भोपाल
मो. 9993020804

### प्रारूप छ

(नियम 7 देखिये)
मध्यप्रदेश भूराजस्व संहिता (साइबर तहसील की प्रक्रिया) नियम 2033

**तहसीलदार बैरागढ, जिला Bhopal (भोपाल) (साइबर तहसीलदार) म.प्र.**

मामला क्रमांक 2326/अ–6/2022–23

**नामांतरण के मामले में सार्वजनिक नोटिस**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में दिए गए उल्लेख अनुसार भू–अभिलेखों में परिवर्तन की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति जिसके हित भू–अभिलेखों में विचाराधीन ऐसे परिवर्तन से प्रभावित होना संभावित हो दिनांक 06/04/2025 के पूर्व अपनी आपतियां वेबलिंग http://rcms.mp.gov.in/citien/public/Eshtiharpanji.aspx द्वारा इलेक्ट्रनिक माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। दिनांक 06/04/2025 को या उसके पूर्व आपत्तियां प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में विचार नहीं किया जायेगा।

**अनुसूची**

जिला (1) भोपाल, तहसील (2) बैरागढ, पटवारी हल्का क्रमांक/सेक्टर क्रमांक (3) 00080 बैरागढ, ग्राम/नगरीय क्षेत्रफल का नाम (4) 152–बैरागढ कलां, सर्वेक्षण संख्यांक/ब्लॉक संख्यांक/भूखण्ड संख्यांक (5) 79, 81/1/2, क्षेत्रफल हेक्टयर में (6) .894.172, विद्यमान भू–अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नामा, माता/पिता/पति का नाम तथा पूर्ण पता (7) SHYAM SUNDER AGARWAL, 69 VILL. KHAJURI SADAK, TEHSIL HUZUR DIST. BHOPAL , उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम, माता/पिता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिने पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (8) LATE SARDARMAL LALWANI, 16 NADIR COLONY, SHYAMLA HILLS, BHOPAL, SANAY alias ANAD KUMAR LALWANI, SHYAMLA HILLS, BHOPAL

28/03/2025 को जारी गिया गया

**तहसीलदार बैरागढ, जिला Bhopal (भोपाल) (साइबर तहसीलदार) म.प्र.**

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.

क्रमांक / 33 / रफेल 24.25
भोपाल दिनांक 28/3/2025

**// सूचना पत्र //**

प्रति,
नईम अख्तर आ. नईम अंसारी
निवासी – डी. एस. 2 नियर मदीना मस्जिद, बाग उमराव दूल्हा भोपाल

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नासिरा बेगम पत्नि श्री अब्दुल सत्तार निवासी– मकान नंबर 12, गली नंबर 2, जोगीपुरा, बुधवारा, भोपाल जिला भोपाल विरूद्ध अनावेदक नईम अख्तर आ0 नईम अंसारी निवासी– डी.एस. 2 नियर मदीना मस्जिद, बाग उमराव दूल्हा भोपाल द्वारा अधिनस्थ न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 256 / अ–3 / 2022 2023 आदेश दिनांक 25/10/2023 से दुखी एवं व्यथित होकर म0प्र0 भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

उक्त में यदि आपको या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 09/04/2025 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय काति कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 26.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया

**अनुविभागीय अधिकारी**
**तहसील हजर भोपाल**

### राजस्व निरीक्षक ग्राम-अमरावद खुर्द- तह. हुजूर जिला भोपाल

क्रमांक क्यू/ रा.नि./2025
भोपाल दिनांक 02 / 04 / 2025

**सूचना पत्र**

1. श्रीमति लतेश चौहान w/o रामजान सिंह चौहान 2. श्री देवांश शुक्ला s/o श्री लक्ष्मीकांत शुक्ला भोपाल 3. श्री अर्चना पत्नी एम. के मिश्री. पता भोपाल 4. श्री डाली दत्ता w/o के अशोक दत्ता सा. इन्दौर 5. श्री मधुप मिश्रा पिता शंकर दयाल पता भोपाल 6. श्रीमति ममता s/o राजेश कुमार जाति जैन 7. श्री मैसर्स सोनिका इस्टेट एण्ड कालोनाइजर्स द्वारा श्रीमति एस दुबे w/o ए.के. दुबे पता 148 मालवीय नगर भोपाल

विषय :– भूमि का बटांकन करने बाबत्।
संदर्भ :– राजस्व प्रकरण क्र. 0036 / अ–3 / 2024 – 25

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक, लतेश चौहान पिता/पति रामजान सिंह चौहान निवासी– अमरावदखर्द. ने खसरा क्रमांक 1/1/3/20 रकबा 0.137 हे स्थित ग्राम अमरावद खुर्द प0ह0 नंबर 99....... तहसील हुजूर जिला भोपाल का बटांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का बटांकन प्रस्ताव मेरे द्वारा स्थल पर दिनांक 09/04/2025 को समय 12.30 बजे तैयार किया जाना निश्चित किया है। आपको पड़ोसी कृषक होने के कारण सूचित किया जाता है कि आप बटांकन के समय उपस्थित रहकर अपना पक्ष रख सकते है।

आपकी अनुपस्थिति की दशा में बटांकन प्रस्ताव की कार्यवाही स्थगित नहीं की जावेगी।

नोट :– अपरिहार्य कार्य की वजह से तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा।

**राजस्व निरीक्षक निरीक्षक**
**नजूल नजूल वृत्त एम.पी. नगर जिला भोपाल**

### प्रारूप दस

(नियम 7 देखिये)

**न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल**
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं. 2752/अ–6/24–25

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू–अभिलेखों में सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 03/04/25 को 03 :00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**

ग्राम का नाम बडवई, खसरा नंबर 429/1/2/2 क्षेत्रफल 0.183 हेक्टर, उस व्यक्तिा विवरण जिनके पक्ष में सीमांकन विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) मो. मसूद उररहमान/ मो. दाउद उररहमान निवासी–शहर

आज दिनांक 26/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल**

### प्रारूप दस

(नियम 7 देखिये)

**न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल**
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं. 2751/अ–6/24–25

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू–अभिलेखों में सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 03/04/25 को 03 :00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**

ग्राम का नाम बडवई, खसरा नंबर 429/1/2/2 क्षेत्रफल 77602 वर्ग, उस व्यक्तिा विवरण जिनके पक्ष में सीमांकन विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) मो. मसूद उररहमान/ मो. दाउद उररहमान निवासी–शहर

आज दिनांक 26/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल**

### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

**आम सूचना**

अयोध्या नगर फेस–5 पार्ट–2 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. 312 मण्डल द्वारा श्री विक्रम दास आत्मज श्री वीरेन्द्र दास के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 19/10/2015 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ–पत्र, संयुक्त शपथ–पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री सुरेश प्रसाद गुप्ता आत्मज श्री दया राम गुप्ता के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 27/02/2025 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री सुरेश प्रसाद गुप्ता आत्मज श्री दया राम गुप्ता के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

.उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

# प्रवेशोत्सव, स्कूल चलें हम - 2025 अभियान में शामिल हुए विभानसभा अध्यक्ष श्री तोमर

**समय जगत, मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 01 से 04 अप्रैल तक प्रवेशोत्सव, स्कूल चलें हमें - 2025 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर, महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, रिषी यादव, पूर्व विधायक रघुराज कंसाना, समाज सेवी कमलेश कुशवाह, डॉ. योगेश पाल गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ कलेश भार्गव, ओआईसी सुमन डगस, डीईओ एसके सक्सेना, डीपीसी हरीश तिवारी, निपुण प्रोफेशनल दुर्गेश सिंह, एपीसी पि एस दीक्षित, हिरेंद्र तोमर, सावित्री राज एवं बडी संख्या में नव प्रवेशी बच्चे व पालक उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि आज प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में मनाया जा रहा है। मुरैना जिले के समस्त विद्यालओं के सभी बच्चों, उनके पालकों और विभाग के सभी सदस्यों को प्रवेशोत्सव की बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि देश की शिक्षा को बेहतर करने के लिए प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निरंतर प्रयासरत है। इसी का परिणाम है कि आज सभी विकासखंडों में सीएम राइज जैसे गुणवत्तापूर्ण विद्यालय खोलें गए हैं, जिससे आज गरीब वर्ग के बच्चों की पहुंच में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव हो पा रही हैं। नरेंद्र सिंह तोमर ने सभी बच्चों बढ़चढ़ के शाला में प्रवेश लेने का आवाहन किया, प्रथम बार प्रवेश ले रहे बच्चों को किताबें, बैग का किट प्रदान किया। उन्होंने जिले के परीक्षा परिणाम अच्छा होने पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी को अपनी उपलब्धियों पर गर्व करना चाहिए।



विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी हमें प्रवेश उत्सव की जरूरत क्यों पड़ रही है। समाज में हर व्यक्ति की सोच बदलें। यह हम सबके आत्म चिंतन का विषय है। हर परिवार को शिक्षा की रोशनी मिले, यह हम सब का दायित्व है। सभी लोग बच्चों के एडमिशन स्कूलों में करायें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को रोली का टीका, माला पहनाकर और पुस्तके तथा पानी की बोतल देकर सम्मानित किया। सांसद शिवमंगल सिंह तोमर कहा कि आज का युग तकनीकी शिक्षा का युग है, हम सभी को जागरूक होना होगा और शिक्षा के प्रति बच्चों के प्रवेश करायें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी सीएम राइज स्कूल खोल रही है। अधिक से अधिक लोगों को शिक्षा मिले, यही प्रयास केंद्र व प्रदेश सरकार कर रही है। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य ने किया।

## नगरपालिका क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था बदहाल, सड़कों पर बिखरा कचरा



**समय जगत, मनेंद्रगढ़।** जिला मुख्यालय शहर मनेद्रगढ़ में इन दिनों नगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत पानी टंकी के पास स्वच्छता व्यवस्था बदहाल नजर आ रही है। यहां सड़कों पर वायरल फोटो में पशु चाय के डिस्पोजल खाते हुए देखे गए, जिससे साफ है कि नगर प्रशासन सफाई व्यवस्था को लेकर लापरवाह बना हुआ है। पहले से ही शहर में स्वच्छता की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। सार्वजनिक स्थलों पर कचरा बिखरा रहना आम हो गया है, जिससे न केवल बदबू और गंदगी फैल रही है बल्कि बीमारी फैलने का भी खतरा बढ़ रहा है। नगरपालिका प्रशासन पर सवाल उठाते हुए आमजनों का कहना है कि जब शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने की जरूरत है, तब जिम्मेदार अधिकारी इस मुद्दे पर मौन बने हुए हैं। यह स्थिति तब है जब शासन स्वच्छता को लेकर लगातार निर्देश जारी कर रहा है। ऐसे में यह लापरवाही सीधे तौर पर प्रशासन की उदासीनता को दर्शाती है। मनेद्रगढ़ के नागरिकों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सफाई अभियान चलाया जाए और सार्वजनिक स्थलों पर कचरा जमा होने से रोका जाए। साथ ही कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि ऐसी समस्याओं से शहर को निजात मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### पौधरोपण कर मनाया समाजसेवी का जन्मदिन



**समय जगत, सारंगपुर।** नगर की चर्चित एक मात्र धार्मिक,सामाजिक संस्था महादेव मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष, समाजसेवी महेश पाटीदार ने अपने जन्म दिवस पर पर्यावरण प्रेमी दल के साथ स्थानीय मुक्तिधाम परिसर पर औषधि नीम के पौधे का रोपण करते हुए ट्री गार्ड से सुरक्षा के साथ जन्म दिन हर्ष उल्लास के साथ मनाया। पर्यावरण प्रेमियों का कहना हे पौधे लगाना तो आम बात है कोई भी लगा देता है किंतु महत्वपूर्ण है उनकी सुरक्षा। भीषण गर्मी में पानी देना,बहुत कम लोग कर पाते हैं। यह चिंता का विषय है। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी दल, वरिष्ठ जन ने पाटीदार को पुष्प माला पहना के उन पर पुष्प वर्षा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। पाटीदार ने इस दौरान कहा मैं अभीभूत हूं, वरिष्ठों का आशीर्वाद पाकर हर क्षेत्र में व्यक्ति को परोपकारिता करते हुए प्रकृति और पर्यावरण सेवा में लगाकर अपने जन्मदिन अवसर को ऐतिहासिक बनाना चाहिए। प्रत्येक क्षेत्र में सेवा योगदान का संकल्प लेना चाहिए। पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी ने इस अवसर पर बताया आयुर्वेद में नीम को बहुत ही उपयोगी माना गया है इसमें विटामिन *सी* और *ई* पाया जाता है। इसमें कई पोषक तत्व पाए जाते है यह कड़वा जरूर है पर फायदे अनेक है यह जीवाणु रोधी, त्वचा, रक्त विकारनाशी, एंटीवायरस माना जाता है। इसलिए आम जन को औषधीय, छायादार पौधे लगाना चाहिए। समाजसेवी लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने जन्मदिन बधाई शुभकामना देते हुए कहा पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन ही नहीं अपितु संपूर्ण जीव जगत के सुचारू कार्य संचालन के लिए अत्यंत ही आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका वृक्षों की ही है। पर्यावरण प्रेमी त्रिकार ने यह भी कहा ग्रीष्म ऋतु को देखते पक्षियों और परिंदों के जीवन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रत्येक घर छायादार स्थान पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हो। यह किसी पुण्य कार्य से कम नहीं है, यह सत्य है इन पक्षियों के घर, आंगन और बालकनी में आने से घर में सकारात्मक ऊर्जा भी आती है। ऐसे में यदि आप नियमित पक्षियों को पानी पिलाते हैं, तो इसका सीधा असर आपकी सेहत पर पड़ता है। आपको यदि डिप्रेशन की समस्या है तो वह कम हो जाती है। साथ ही आपका दिमाग भी शांत रहता है। इस दौरान पर्यावरण प्रेमी दल सदस्यों ने प्रतिदिन की तरह मुक्तिधाम में लगाए पेड़ पौधों की जल सेवाएं भी दी।

### 'आओ स्कूल चलें हम' अभियान कार्यक्रम किया आयोजित



**समय जगत, बीनागंज।** उप सचिव, म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग का पत्र क्रमांक/435/ 450554 / 2025 भोपाल दिनांक 26/03/2025 में दिये गये निर्देशानुसार शालाओं में स्कूल चलें हम अभियान कार्यक्रम दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 04 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जा जाना है। जिसमें दिनांक 02 अप्रैल 2025 को भविष्य से भेंट कार्यक्रम विभिन्न शालाओं में आयोजित किये गये, जिसके क्रम में रवि मालवीय एसडीएम चाचौड़ा द्वारा शासकीय एकीकृत हाईस्कूल पटोंदी में अध्ययनरत विद्यार्थियों से भेंट की गई तथा उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित कर उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को पेन एवं फल इत्यादि का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में नाथूसिंह भिलाला बीईओ चाचौड़ा एवं शाला स्टाफ भी सम्मिलित रहा।

### कल पूर्ण रूप से बिजली सप्लाई रहेगी बंद

**समय जगत, मुरैना/कैलारस।** नगर में मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड कैलारस उपसंभाग के प्रबन्धक भागीरथ प्रसाद गोयल द्वारा जानकारी दी गई है कि दिनांक 04.04.2025 को 132 के.व्ही विद्युत उपकेन्द्र कैलारस पर स्थापित 63 एम वी ए ट्रान्सफार्मर पर प्री मानसून मेन्टेनेंस एवं परीक्षण कार्य होने के कारण 132 के. व्ही. उपकेन्द्र कैलारस से निर्गमित 33 के.व्ही. कैलारस, 33 के.व्ही पहाडगढ, 33 के.व्ही. चमरगवाँ, 33 के.व्ही. दीपैरा एवं 33 के.व्ही. गैल इण्डिया, फीडरों पर विद्युत प्रदाय पूर्ण रूप से बांधित रहेगा। अत : 33 के.व्ही. कैलारस, 33 के.व्ही पहाडगढ, 33 के.व्ही. चमरगवाँ, 33 के.व्ही. दीपैरा एवं 33 के.व्ही. गैल इण्डिया फीडरों पर संचालित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रो से निकलने वाले 11 के.व्ही. फीडरों की विद्युत आपूर्ती सुबह 09 :00 बजे से सायं 05 :00 बजे तक ( 08 घण्टे ) तक विद्युत सप्लाई बन्द रहेगी। इस कारण 11 के. व्ही. फीडरों पर आने वाले समस्त उपभोक्ताओं की विद्युत सप्लाई बन्द रहेगी। आवश्यकतानुसार समय घटाया, बढ़ाया जा सकता हैं।

### मेरे पिता की छवि धूमिल करने के लिए फर्जी रजिस्ट्री का कराने का लगाया गया आरोप : तरूण राजौरिया

**समय जगत, मुरैना।** विगत दिवस बाबूलाल पचौरी द्वारा विक्रय पत्र की सम्पूर्ण धनराशि प्राप्त कर विक्रय पत्र जारी करने बाद षडयंत्र के तहत गलत वयान वाजी कर एक आवेदन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को दिया था। उक्त आरोप के संबंध में बुधवार को तरूण राजौरिया ने अपने निज निवास पर एक पत्रकारवार्ता का आयोजन किया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि बाबूलाल पचौरी द्वारा जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वह पूरी तरह असत्य हैं क्योंकि मेरे द्वारा रजिस्ट्री से पहले पूरा भुगतान किया गया था जिसका मेरे पास साक्ष्य भी है। तरूण राजौरिया ने बताया कि मैंने अपनी पत्नी राधा राजौरिया जो कि विक्रय पत्र में केला है बाबूलाल पचौरी जो विक्रय पत्र में विक्रेता है दिनांक 29.03.2025 को मौजा मुरैनागांव के वार्ड कमांक 07 सर्वे कमांक 1178/2/1/1/1/1 के अंशभाग का क्षेत्रफल 4851 वर्गफीट का विधिवत सब रजिस्ट्रार कार्यालय में वयान दर्ज कर फोटो एवं हस्ताक्षर एवं अंगूठा लगवाकर विक्रय पत्र निष्पादन किया था।

## अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम फिर से एक्शन में सिंधीबस्ती से रेल्वे स्टेशन के पास हटाया अतिक्रमण




**समय जगत, बुरहानपुर।** बुरहानपुर नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव के निर्देशन में निगम अतिक्रमण प्रभारी संजय तिवारी ने दलबल के साथ 12 बजे सिंधीबस्ती चौराहा ओर दोनों तरफ रोड पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया था जिससे आम जनता को अतिक्रमण के कारण परेशानी होती थी यहां रोज सुबह और शाम सड़क पर यातायात बाधित होता था. इसको लेकर के बुरहानपुर नगर निगम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए जेसीबी की मदद से 30 से ज्यादा शेड हटाए गए. लगभग दो घंटे चली इस मुहिम के दौरान चालानी कार्रवाई कर रु 3000 का जुर्माना भी वसूल किया गया।

सिंधी बस्ती बाजार में अतिक्रमण हटाने के बाद लालबाग सागर टावर रेल्वे स्टेशन के पास अवैध अतिक्रमण दुकानदारों ओर होटलों द्वारा अतिक्रमण कर रखा था जो आज निगम के संजय तिवारी के टीम के साथ क्षेत्र में नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्यवाही कार्रवाई को अंजाम देने के लिए बड़ी संख्या में निगम का अमला और मौके पर मौजूद रहे। टीम को आते देख यहाँ क्षेत्र के कुछ दुकानदारों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया था, निगम द्वारा अतिक्रमण किया गए सामान को जब्त कर रुपए 3000 का अर्थदंड लगाया गया। इस अवसर पर निगम अतिक्रमण प्रभारी संजय तिवारी,अनूज तारे, इंजीनियर राजपति यादव,स्वास्थ अधिकारी गणेश पाटिल और निगम की टीम मौजूद थी।

## पिपलिया रसोड़ा में श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बोड़ा।** पिपलिया रसोड़ा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। संत गोविंद जाने ने अपनी मधुर वाणी में कहा कि संसार में सभी का जन्म सनातन धर्म में होता है, बाद में वे किसी भी धर्म या मजहब को अपना सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस धरती के पहाड़ों और नदियों के नाम भी सनातन धर्म से जुड़े हुए हैं, जैसे गंगा, नर्मदा, शिप्रा और कावेरी। संत गोविंद जाने ने कहा कि गांव-गांव में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन इसलिए किया जाता है ताकि सोए हुए हिंदुओं को उनके महान उत्सवों, जैसे रामनवमी और जन्माष्टमी, में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा सके। उन्होंने गंगा के दो स्वरूपों का उल्लेख किया– भागीरथी गंगा, जिसके दर्शन के लिए हरिद्वार जाना पड़ता है, और भगवती गंगा, जो गांव-गांव जाकर लोगों के मन को निर्मल बनाती है। उन्होंने कहा कि जिसके मन में कपट नहीं होता, उसे ही भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन होते हैं।संत की भावपूर्ण वाणी सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। भजनों पर भक्तजन झूम उठे, वहीं करुणा के प्रसंग पर पूरा पंडाल भावुक होकर अश्रुपूरित हो गया। संत गोविंद जाने ने बताया कि उनका पीपल्या रसोड़ा से 23 वर्षों पुराना नाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि वे मंदिर की आरती और गौ माता की सेवा में शामिल हों तथा अपने वृद्ध माता-पिता की देखभाल करें, तभी देवी लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहेगी। मुख्य यजमान ने आरती उतारी, जिसके बाद श्रद्धालुओं में महाप्रसाद का वितरण किया गया।

## इंद्रवती तट पर हुआ माताजी का विशेष पूजन




**समय जगत, बिस्टान।** बिस्टान नगर में सोमवार को माता पाठ बैठने के बाद मंगलवार को इंद्रावती नदी तट पर माताजी का विशेष पूजन किया गया। यहां कुछ देर रुकने के बाद माता को पानी पिलाया, यहा से मन्नत वाले श्रदालुओ द्वारा मनुहार कर मनोरथी ने रथ बोड़ाए बुधवार की रात बिस्टान में माता की बिदाई होगी। ज्वारों को इंद्रावती नदी में विसर्जित किया जायेगा उमरखली में मंगलवार को माता भक्तों ने जयकारों से मनुहार कर रथ बोड़ाए। नर्मदा मंदिर स्थित कुंदा नदी घाट पर गुरुवार को माता के ज्वारों को गले मिलकर, पूजन ,आरती कर श्रद्धा पूर्वक विसर्जित किया जाएगा। कुमावत मारू धर्मशाला में समाज द्वारा सामुहिक भोज का आयोजन समाज के लिए किया गया। नदी, तटों पर सफाई के साथ पर्याप्त प्रकाश व्यवस्थाएं की है। गणगौर पर्व के अवसर पर मंगलवार को बिस्टान के कृष्ण मंदिर चौक मैं निमाड़ी लोकगीत गायक शिव गुप्ता की प्रस्तुतियो ने जैसे रनुबाई पाणी क जाय, जाय , बड़ा खटका से लंबी चोटी न लाल फुंदों पाणी भर मटका से आदि निमाड़ी गीत भजन सुनाये गए। कार्यक्रम का श्रदालुओ ने आनंद लिया। कार्यक्रम रात के 3 बजे तक चला।

## पुलिस अधिकारी के स्थानांतरण पर भावुक हुए लोग

**औबेदुल्लागंज, समय जगत।** भावनाओं से भरा पुलिस अफसर लोगो को भावुक कर गया।

मध्यप्रदेश पुलिस के एक बेहतरीन पुलिस अधिकारी सब इंस्पेक्टर श्री राहुल सिंह दांगी की सोशल मीडिया पोस्ट वायरल हो रही है। पोस्ट में उन्होंने अपने वो जज्बात बयां किए हैं, जो उन्होंने ओबेदुल्लागंज में पद से रिलीव होते महसूस किए। श्री राहुल दांगी अब भोपाल साइबर में सेवाएं देंगे।



अलविदा, औबेदुल्लागंज(हिरानिया), रायसेन में आप सभी लोगों का बहुत-बहुत आभारी हूँ। कर्मभूमि रही औबेदुल्लागंज(हिरानिया) से मेरा आत्मीय लगाव रहा है,इसकी सुंदरता कुछ अलग है,जो इसको विशेष बनाता है, यहां का अद्वितीय एवं अद्भुत दशहरा महोत्सव,महावीर चोला धारक चल समारोह,नवदुर्गा कार्यक्रम,विशाल हनुमान जयंती,गायत्री मंदिर पर सुबह-सुबह योग ध्यान,उमरिया गुरुद्वारा की संगत के साथ लंगर,जाखला धाम पर हनुमान चालीसा के साथ भंडारा कार्यक्रम,और इन सभी कायक्रमों में गंगा-जमुना तहजीब का उदाहरण,एसडीओपी कार्यालय स्टॉफ सहयोग,न्यूज पेपर की दरबाजे पर आने की आबाज,उपेन्द्र भाई की निःस्वार्थ समाज सेवा,महावीर कॉलोनी के बृक्ष,नेशनल हाइवे के चौराहे पर बसा ये छोटा-सा शहर अपने आप में अलग और विशेष है।

इसके अलावा भोजेस्वर शिव मंदिर,मां वेत्रवती उद्गम स्थल,आशापुरी मंदिर समूह,निर्माणाधीन सूर्य मंदिर,डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर (रातापानी टाईगर रिजर्व)(कैरीमहादेव,रातापानी डेम,दाहोद डेम,घोघरा घाट,बरुसौत रेस्टहाउस,देलाबाड़ी)एवं इसकी गोद मे बसे बोरपानी,पांझिर,बन्दरपूछ,भूतपलासी,जावरा मलखार, ये सब इसको कुछ विशेष बनाते है।ईश्वर ने चाहा तो दोवारा भी सेवा करने का मौका मिलेगा। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

## नप की बैठक में कोई नया कर नहीं, नामांतरण शुल्क कम करने पर नहीं किया विचार




**सुठालिया।** नगर परिषद का साधारण सम्मेलन मंगलवार को तहसील कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित की गई बैठक में मुख्य रूप से नप अध्यक्ष श्रीमति लक्ष्मीबाई लोधी, उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह परमार, गोकुल मोगिया वार्ड 01, श्रीमति अफसाना कुरैषी पार्षद वार्ड गण सांसद प्रतिनिधि गिरिराज लोधी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रईस खान एवं निकाय के कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में बजट वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु राशि रूपये 49,31,22,624/– का परित किया गया। बजट सहित कुल 7 बिन्दुओं पर चर्चा की गई जिसमें से एजेण्डा बिन्दु क्र. 2 वार्ड क्र.14 में मुख्य सड़क से डकन्यापुरा माताजी तक डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य की प्रषासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में समग्र रूप से विचार विमर्ष उपरांत बतुमत के आधार पर डामरीकृत सड़क के स्थान पर सी.सी.रोड निर्माण हेतु प्रस्ताव शासन को भेजे जाने का निर्णय लिया गया। एवं एजेण्डा बिन्दु क्र. 3 वार्ड क्र. 03 में गुराड गोया से नगर परिषद सीमा नारवे सड़क तक डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य की प्रषासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में समग्र रूप से विचार विमर्ष उपरांत बहुमत के आधार पर प्रस्ताव निरस्त किया गया। शेष 05 प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गई।

## मेडिकल कालेज सभागार में संगोष्ठी का किया गया आयोजन

**समय जगत, विदिशा।** स्थानीय मेडिकल कॉलेज के शिशु विभाग एवं आईएपी, विदिशा तथा आईएमए विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल स्टूडेंट के लिए विश्व ऑटिजम जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित संगोष्ठी में प्रदेश की पूर्व अध्यक्ष एवं शिशु विभाग की अध्यक्ष डॉ नीति अग्रवाल ने सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए बताया कि ऑटिजम एक मानसिक समस्या है जिसमे बच्चे अपने आप में लीन रहते है अपने आप में मस्त रहते है यह बीमारी नहीं बल्कि एक सामान्य मानसिक स्तिथि से थोड़ी भिन्न मानसिक अवस्था है जिसमे बच्चे नजरो से नजरें नहीं मिलाते और माँ को देखकर मुस्कुराते भी नहीं है तथा दूसरे बच्चों या समाज में घुलने मिलने में कठिनाई महसूस करते हैं उनको अकेलापन ज़्यादा पसंद होता है पीड़ित बच्चों में थोड़ी से लेकर गंभीर समस्या हो सकती है इसलिए इसे ऑटिजम स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर के नाम से जानते है इस लकलीफ़ से पीड़ित बच्चों के शीघ्र निदान से अच्छे परिणाम मिलते है उन्होंने बताया की 18-24 माह की उम्र ऑटिजम का निदान उपरांत उपचार प्रारंभ करने से अपेक्षित परिणाम प्राप्त होते है विदिशा के समस्त शिशु रोग विशेषज्ञ एवं समस्त चिकित्सकों से अनुरोध है कि ऑटिजम से पीड़ित बच्चों को नजरअंदाज ना करें और समय रहते उन्हें उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास करें।




आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष तथा आईएपी विदिशा के अध्यक्ष डॉ एम के जैन ने बताया कि ऑटिजम की विश्व व्यापी जागरूकता से हमारे देश में भी 1-2त्न बच्चे इससे पीड़ित मिल रहे है इस बीमारी को नियंत्रण में रखने के लिए इस वर्ष की थीम ÷न्यूरो डाइवर्सिटी मतलब दिमाग की सामान्य स्तिथि से भिन्न अवस्था वाले बच्चों को आगे बढ़ाते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत् विकास लक्ष्यों से सामंजस्य स्थापित करते हुए समावेशी समाज के निर्माण में योगदान देना ही है ÷

विश्व ऑटिजम जागरूकता दिवस सिर्फ एक दिन ही नहीं है बल्कि पूरे समाज को स्मरण कराने का अवसर है कि प्रभावित बच्चे हमारे समाज के ही अभिन्न अंग है और पूरे समाज को जागरूक करने और पीड़ित बच्चों के जीवन को आवश्यक चिकित्सा , विशेष शिक्षा, और रोजगार और अधिकार के समान अवसर प्रदान किये जाने चाहिए।

कुछ पीड़ित बच्चों में गणित , कला और संगीत की विशेष योग्यता पाई जाती है उन्हें यथा संभव प्रेरित किया जाना चाहिए।

आईएपी विदिशा के सचिव तथा आईएमए विदिशा के पूर्व अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र सोनकर ने बताया एक ऑटिजम का कोई पक्का कारण मालूम नहीं है लेकिन अधिक उम्र की महिलाओं में जन्म लेने वाले बच्चों , समय पूर्व जन्म लेने वाले बच्चों, कम वजन के बच्चों, गर्भवती महिलाओं में मधुमेह होने , मिर्गी की दवाओं वाल्प्रोट के सेवन और जन्म के समय अथवा गर्भ अवस्था के समय ऑक्सीजन की कमी से पीड़ित बच्चों में ऑटिजम पाया जा रहा है।

आईएपी के सदस्य एवं मेडिकल कॉलेज के शिशु विभाग के सहायक अध्यापक डॉ हेमंत यादव ने बताया की ऑटिजम का संबंध लालन पालन , पोषण और टीकाकरण आदि से बिल्कुल भी नहीं है लेकिन हर बच्चे को आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराई जानी चाहिये आईएपी विदिशा की सदस्य और शिशु विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ प्रयाशा त्रिपाठी ने बताया कि ऑटिजम एक अनुवांशिक और वातावरणीय परिवर्तन के कारण भी हो सकता है मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने संगोष्ठी पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी सहभागिता प्रदर्शित की।